RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 11 अंक 143
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 30 मार्च, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com





पंड्या ने आईसीसी वनडे रैंकिंग में किया सुधार

स्पोर्ट्स-12

# भगोड़े अमृतपाल ने दी चुनौती, कोई बाल बांका नहीं कर सकता

● **वीडियो जारी कर अकाल तख्त से सरबत खालसा बुलाने को कहा, पंजाब पुलिस हाई अलर्ट पर, जालंधर (ग्रामीण) के छह अफसरों का तबादला**

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**भगोड़े** सिख कट्टरपंथी उपदेशक और खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह ने वीडियो जारी कर पंजाब सरकार और पुलिस के समक्ष चुनौती पेश की है। साथ ही उसने बैसाखी के अवसर पर सिख समुदाय से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करने के लिए सरबत खालसा मंडली का आह्वान किया।

उसने अपने ऊपर पुलिसिया कार्रवाई को सिख समुदाय पर हमला बताते हुए कहा कि वह जोश से भरा हुआ है और कोई भी उसका बाल भी बांका नहीं कर सकता। इस दौरान पंजाब सरकार ने बुधवार को ही पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय में कहा कि सर्वश्रेष्ठ प्रयासों के बावजूद अलगाववादी अमृतपाल सिंह को अभी तक गिरफ्तार नहीं किया जा सका है। यही नहीं, राज्य सरकार ने जालंधर (ग्रामीण) के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक समेत छह पुलिस अधिकारियों का तबादला कर दिया है। इसी जिले से अमृतपाल पुलिस के चंगुल से फरार हो गया था। दूसरी ओर, सोशल मीडिया पर अपना वीडियो अपलोड कर कट्टरपंथी नेता ने कहा कि यदि पंजाब सरकार उसे केवल गिरफ्तार करना चाहती थी तो वह उसके घर आती। बिना तारीख वाले वीडियो में उन्होंने पंजाबी में कहा कि जहां तक मेरी गिरफ्तारी का सवाल है, तो यह भगवान के हाथ में है। मैं चढ़ी कला छान, कोई वी मेरा वाल विंगा नहीं कर सका। यानी वह जोश से भरा है और कोई भी उसका बाल बांका नहीं कर सकता।

वह न तो पहले गिरफ्तारी से डरता था और न ही अब उसे इसका डर है। इस वीडियो पर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। कुछ रिपोर्टों में कहा गया है कि



अमृतपाल आत्मसमर्पण कर सकता है, क्योंकि अमृतसर और बठिंडा में तलवंडी साबो क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। पंजाब पुलिस ने अमृतपाल के समर्थकों द्वारा अपने एक सहयोगी को छुड़ाने के लिए थाने पर धावा बोलने के बाद पुलिस ने सख्त रुख अख्तियार कर लिया था और जालंधर जिले में बीते 18 मार्च को अमृतपाल को घेर लिया था।

हालांकि वह फरार हो गया। पुलिस उसके बाद से ही अमृतपाल के संगठन व सहयोगियों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। उसके कई सहयोगियों पर रासुका लगा दी और उन्हें पंजाब से 2500 किलोमीटर दूर डिब्रूगढ़ की जेल भेज दिया। फरार अमृतपाल ने ताजा वीडियो में अकाल तख्त के जत्थेदार से आग्रह किया कि वे सिख समुदाय से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करने के लिए सरबत खालसा बुलाएं। उसने इसमें समुदाय के सदस्यों से बड़ी संख्या में भाग लेने को कहा। उसने कहा कि यदि हमें नौजवानों और पंजाब को बचाना है, तो हमें सरबत खालसा का हिस्सा बनना चाहिए। अमृतपाल ने कहा कि हम जानते हैं कि हम किस रास्ते पर चले हैं, हमें इन सबका सामना करना होगा। इसके खिलाफ आवाज उठाना हमारा कर्तव्य था।

उसने अपने सहयोगियों के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून लागू करने और उनमें से कुछ को असम के डिब्रूगढ़ जेल भेजने के लिए पुलिस की आलोचना की है। वीडियो में काली पगड़ी और शॉल पहने हुए अमृतपाल ने कहा कि पुलिस की कार्रवाई शुरू होने के बाद वह पहली बार सिख समुदाय के सामने पेश हो रहा है। वह बताना चाहता है कि यदि सरकार की मंशा केवल मुझे गिरफ्तार करने की होती तो वह घर आकर मुझे गिरफ्तार कर सकती थी, मैं हार मान लेता। (शेष पेज 9)

# एक-दूसरे की सीमा, संप्रभुता का सम्मान जरूरी : डोभाल

● **एससीओ की बैठक में एनएसए अजीत ने आतंकवाद पर पाक-चीन को खूब खरी-खरी सुनाई**



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**लद्दाख** में सीमा पर भारत और चीन के बीच तीन साल से जारी तनाव के बीच राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने बुधवार को कहा कि दोनों देशों को एक-दूसरे की क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता का सम्मान करना चाहिए तथा सीमा से सटे अपने क्षेत्रों में एकतरफा सैन्य ताकत बढ़ाने पर जोर नहीं देना चाहिए।

नई दिल्ली में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सुरक्षा सलाहकारों की बैठक के दौरान डोभाल ने आतंकवाद के मुद्दे को भी उठाया और कहा कि यह अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए सबसे गंभीर खतरों में से एक है। बैठक में रूस की सुरक्षा परिषद के सचिव निकोलाई पेत्रुशेव, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान के वरिष्ठ अधिकारी और एससीओ के क्षेत्रीय आतंकवाद विरोधी संरचना (आरएटीएस) के प्रतिनिधि शामिल हुए। चीन और पाकिस्तान के अधिकारियों ने इस बैठक में वर्चुअली हिस्सा लिया।

डोभाल ने चीन का नाम लिए बगैर एससीओ बैठक में क्षेत्रीय संपर्क बढ़ाने की जरूरत पर जोर दिया, लेकिन साथ ही यह भी कहा कि इस तरह की पहल आपसी परामर्श और पारदर्शिता पर आधारित होनी चाहिए। इसमें सभी देशों की संप्रभुता का सम्मान किया जाना चाहिए। ये टिप्पणियां चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) के भारत के विरोध की पृष्ठभूमि में आई हैं, क्योंकि यह (शेष पेज 9)

## नवम सिद्धिदात्री



**सिद्धगन्धर्वयक्षाद्यैरसुरैरमरैरपि। सेव्यमाना सदा भूयात् सिद्धिदा सिद्धिदायिनी॥**

**नौवीं** देवी सिद्धिदात्री की कृपा से शिव ने तमाम सिद्धियां प्राप्त की थीं। इस देवी की कृपा से ही शिवजी का आधा शरीर देवी का हुआ था। इसी कारण शिव अर्द्धनारीश्वर हुए। यह देवी सर्व सिद्धियां प्रदान करने वाली देवी हैं। उपासक या भक्त पर इनकी कृपा से कठिन से कठिन कार्य भी चुटकी में संभव हो जाते हैं। हिमाचल के नंदापर्वत पर इनका प्रसिद्ध तीर्थ है। अणिमा, महिमा, गरिमा, लघिमा, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईशित्व और वशित्व आठ सिद्धियां होती हैं। इसलिए इस देवी की सच्चे मन से विधि विधान से उपासना-आराधना करने से यह सभी सिद्धियां प्राप्त की जा सकती हैं। इस देवी का स्मरण, ध्यान, पूजन हमें इस संसार की असारता का बोध कराते हैं और अमृत पद की ओर ले जाते हैं।

# कर्नाटक में 10 मई को चुनाव, 13 को नतीजे

● **मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने विधानसभा चुनाव के कार्यक्रम का किया ऐलान, एक चरण में पड़ेंगे वोट**

● **भाजपा को वापसी की तो कांग्रेस को सत्ता पाने की आस, क्षेत्रीय पार्टी जदएस के प्रदर्शन पर भी रहेगी सबकी निगाह**

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**कर्नाटक** में 10 मई को एक ही चरण में विधानसभा चुनाव होंगे। साल 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस के बीच यह राज्य एक और चुनावी जंग का मैदान बनेगा तो कठिन चुनौतियों के दौर से गुजर रही प्रमुख क्षेत्रीय पार्टी जनता दल (सेक्युलर) के प्रदर्शन पर भी सबकी निगाहें होंगी। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने बुधवार को दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन में चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करते हुए कहा कि मतों की गिनती 13 मई को होगी।

कर्नाटक में कई मुद्दों पर राजनीतिक तापमान गर्म होने के बीच भाजपा को उम्मीद है कि वह सत्ता बरकरार रख इतिहास रचते हुए करीब चार दशक पुराने रिकॉर्ड को तोड़ देगी, जबकि कांग्रेस अपने प्रमुख प्रतिद्वंद्वी को पछाड़कर एक प्रमुख प्रतिद्वंद्वी के रूप में अपनी दावेदारी को आगे ले जाने की कोशिश करेगी। ज्ञात हो कि 1985 के बाद से किसी भी राजनीतिक दल ने राज्य में लगातार जनादेश नहीं हासिल किया है और भाजपा इतिहास लिखने और अपने दक्षिणी गढ़ को बचाए रखने के लिए उत्सुक है। कर्नाटक में 224 सदस्यीय विधानसभा है। वर्तमान में भाजपा के पास 119 सीटें हैं जबकि कांग्रेस के पास 75 सीटें हैं। जद (एस) के पास 28 विधायक हैं, जबकि दो सीटें खाली हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने राजधानी दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि चुनाव के लिए अधिसूचना 13 अप्रैल को जारी की जाएगी और नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 20 अप्रैल होगी। कुमार ने कहा कि नामांकन पत्रों की जांच 21 अप्रैल को होगी और नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि 24 अप्रैल होगी। कुमार ने कहा कि मतदाताओं की अधिक भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए मतदान के लिए बुधवार को चुना गया है, न कि सोमवार या शुक्रवार को। उन्होंने तर्क दिया, लोग एक दिन की छुट्टी ले सकते हैं और एक लंबा सप्ताहांत कर सकते हैं। लेकिन बुधवार को मतदान कराने से यह संभावना कम हो गई है। उन्होंने कहा कि यह कदम अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने और मतदान केंद्रों पर जाने में मतदाताओं की उदासीनता पर अंकुश लगाने के चुनाव आयोग के प्रयास का हिस्सा है।

सत्तारूढ़ भाजपा और कांग्रेस ने पहले ही चुनाव के लिए जोरशोर से प्रचार अभियान शुरू कर दिया है। चुनाव की घोषणा के साथ ही बुधवार को आदर्श आचार संहिता लागू हो गई। पिछले दो दशकों की तरह इस बार के चुनाव में भी मुकाबला मुख्यत: त्रिकोणीय है, जिसमें भाजपा, कांग्रेस और जद (एस) शामिल हैं। कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने कहा कि कर्नाटक में सत्तारूढ़ भाजपा राज्य में पूर्ण बहुमत के साथ सत्ता में वापसी करेगी। बोम्मई ने पत्रकारों से कहा कि उन्होंने पिछले साढ़े तीन महीनों में राज्य के लगभग सभी निर्वाचन क्षेत्रों का दौरा किया है। उन्होंने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि हमें पूर्ण और स्पष्ट बहुमत मिलेगा तथा भाजपा 2023 में फिर सरकार बनाएगी। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री और कर्नाटक की धारवाड़ सीट से सांसद प्रह्लाद जोशी ने संसद भवन परिसर में पत्रकारों से कहा कि उन्हें विश्वास है कि भाजपा राज्य के विकास के लिए अपनी सरकार के ऐतिहासिक कार्यों (शेष पेज 9)



नई दिल्ली में बुधवार को कर्नाटक विधानसभा चुनाव कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार। फोटोः रंजन डिमरी

## यूपी की स्वार व छानबे विस सीट के लिए दस मई को उपचुनाव

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने बुधवार को घोषणा की कि लोकसभा की एक और विधानसभा की चार सीट के लिए उपचुनाव 10 मई को कर्नाटक विधानसभा चुनाव के साथ कराए जाएंगे। इस सीट के लिए होने वाले उपचुनाव की मतगणना 13 मई को होगी। इनमें उत्तर प्रदेश की स्वार तथा छानबे विधानसभा सीटें भी शामिल हैं जहां 10 मई को उपचुनाव होंगे।

जालंधर संसदीय सीट कांग्रेस सांसद संतोख सिंह चौधरी का इस साल जनवरी में निधन होने के कारण रिक्त हो गई थी। सिंह की कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने के दौरान हृदयाघात से मौत हो गई थी। ओडिशा की झारसुगुड़ा विधानसभा सीट पर चुनाव वहां के स्थानीय विधायक नवकिशोर दास के निधन के कारण कराया जा रहा है।

दास की मौत इस साल जनवरी में एक पुलिस अधिकारी की गोली लगने के कारण हुई थी। उत्तर प्रदेश की स्वार विधानसभा सीट पर उपचुनाव इसलिए कराया जा रहा है क्योंकि समाजवादी पार्टी के विधायक अब्दुल्ला आजम खान को दोषी ठहराए जाने के बाद अयोग्य घोषित कर दिया गया था। उत्तर प्रदेश के छानबे विधानसभा क्षेत्र के लिए भी उपचुनाव होगा क्योंकि वहां के वर्तमान विधायक अपना दल के नेता राहुल प्रकाश कोल की कैंसर से मृत्यु हो गई थी। मेघालय की सोहिआंग (शेष पेज 9)

## भारत लोकतंत्र की जननीः नरेंद्र मोदी



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**भारत** को लोकतंत्र की जननी बताते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि कई वैश्विक चुनौतियों के बावजूद देश सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बन गया है और इससे साबित होता है कि लोकतंत्र अच्छा कर सकता है। समिट फॉर डेमोक्रेसी, 2023 को डिजिटल माध्यम से संबोधित करते हुए मोदी ने यह भी कहा कि सरकार की हर पहल भारत के नागरिकों के सामूहिक प्रयासों से संचालित होती है। उन्होंने कहा, कई वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत आज सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है।

यह अपने आप में लोकतंत्र और दुनिया के लिए सबसे अच्छा विज्ञापन है। यह अपने आप में कहता है कि लोकतंत्र अच्छा कर सकता है। मोदी लोकतंत्र शिखर सम्मेलन के दूसरे संस्करण को संबोधित कर रहे थे। इसकी सह-मेजबानी अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन, कोस्टा रिका के राष्ट्रपति रोड्रिगो चावेस रॉबल्स, जाम्बिया के राष्ट्रपति हाकाइंडे हिचिलेमा, नीदरलैंड के प्रधानमंत्री मार्क रूट और दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक योल ने की। सम्मेलन का आयोजन दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून-सुक-योल ने किया है। सम्मेलन का उद्देश्य लोकतंत्र को अधिक जवाबदेह और लचीला बनाना तथा वैश्विक लोकतांत्रिक प्रणाली को नया रूप देने के लिए साझेदारी का वातावरण तैयार (शेष पेज 9)

# राहुल की दोषसिद्धि को कांग्रेस जल्द देगी चुनौती

● **याचिका तैयार, अगले एक दो दिन में किया जाएगा पेश, सोनिया और राहुल से मिले संजय राउत, बोले- सब कुछ ठीक**



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**कांग्रेस** के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को मानहानि के मामले में सूरत की एक अदालत द्वारा दोषी ठहराए जाने और दो साल की सजा सुनाए जाने को चुनौती देने वाली याचिका तैयार है तथा इसे बहुत जल्द दायर किया जाएगा। सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। इस बीच, शिवसेना (यूबीटी) के वरिष्ठ नेता संजय राउत ने राहुल गांधी द्वारा वीडी सावरकर को लेकर की गई टिप्पणी से जुड़े मामले की पृष्ठभूमि में आज कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी और राहुल गांधी से मुलाकात की। उन्होंने यह भी कहा कि सब कुछ ठीक है और चिंता की कोई बात नहीं है। संसद भवन में कांग्रेस के दोनों शीर्ष नेताओं से मुलाकात के बाद राउत ने ट्वीट किया, सोनिया गांधी जी और राहुल गांधी जी से आज मुलाकात की। कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर सविस्तार चर्चा हुई। सब कुछ ठीक है। चिंता की कोई बात नहीं है। वहीं पार्टी के शीर्ष विधि सलाहकार (शेष पेज 9)

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 57,960 ↑ | 346 |
| निफ्टी | 17,080 ↑ | 129 |
| सोना | 58,740 ↓ | 110 /10g |
| चांदी | 70,100 ↑ | 350 /kg |

## क्विक न्यूज

### सामान्य यूपीआई भुगतान पर नहीं लगेगा शुल्क

**नई दिल्ली।** भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने बुधवार को स्पष्टीकरण जारी करते हुए कहा कि बैंक खाते से बैंक खाता आधारित यूपीआई भुगतान या सामान्य यूपीआई भुगतान पर कोई शुल्क नहीं लगेगा। एनपीसीआई ने बयान में कहा कि विक्रेता के पूर्व भुगतान साधन (पीपीआई) के जरिए लेनदेन करने पर इंटरचेंज शुल्क लगेगा। हालांकि यह शुल्क ग्राहकों को अदा नहीं करना होगा। दरअसल, निगम ने पीपीआई वॉलेट को अंतर-संचालित (इंटरचेंज) यूपीआई परिवेश का हिस्सा बनाने की मंजूरी दी और पीपीआई के जरिए 2,000 रुपए से अधिक के यूपीआई लेनदेन पर 1.1 प्रतिशत शुल्क लगाया है। इसमें बताया गया, इंटरचेंज शुल्क सिर्फ पीपीआई मर्चेंट लेनदेन पर ही लगेगा, ग्राहकों पर कोई शुल्क नहीं लगेगा।

### सरकार ने दाल आयातकों से भंडार घोषित करने को कहा

**नई दिल्ली।** सरकार ने बुधवार को दाल आयातकों से पारदर्शी तरीके से नियमित आधार पर दालों का भंडार केआधार पर जानकारी देने को कहा है। चारों शावक और उनकी जमाखोरी नहीं करने को कहा है। घरेलू बाजार में दाल की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए यह निर्देश दिया गया है। आधिकारिक बयान के अनुसार, उपभोक्ता मामले के विभाग के सचिव रोहित कुमार सिंह ने दाल के बड़े आयातकों से यह सुनिश्चित करने को कहा है कि जो भी उनके पास भंडार है, उसके बारे में नियमित आधार पर और पारदर्शी तरीके से जानकारी दें। उन्हें सलाह दी गई कि वे दाल की ऐसी कोई जमाखोरी नहीं करें जिससे घरेलू बाजार में दालों की उपलब्धता बाधित हो।

# गूगल पर 1,337.76 करोड़ के जुर्माने का निर्णय बरकरार

भाषा। नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) ने बुधवार को गूगल के मामले में भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) के जुर्माने के फैसले को बरकरार रखा। आयोग ने प्रौद्योगिकी कंपनी गूगल पर एंड्रॉयड मोबाइल उपकरणों के मामले में प्रतिस्पर्धा रोधी गतिविधियों में शामिल होने को लेकर 1,337.76 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया था।

अपीलीय न्यायाधिकरण की दो सदस्यीय पीठ ने प्रतिस्पर्धा आयोग के निर्णय में कुछ सुधार करते हुए गूगल को निर्देशों का पालन करने और जुर्माना राशि तीस दिन के भीतर जमा करने को कहा है। एनसीएलएटी के चेयरपर्सन न्यायमूर्ति अशोक भूषण और सदस्य आलोक श्रीवास्तव की पीठ ने कहा, हम जुर्माने के निर्णय को बरकरार रख रहे हैं...अपीलकर्ता (गूगल) को चार जनवरी के उसके आदेश के तहत पहले से जमा 10 प्रतिशत राशि समायोजित करने के बाद जुर्माना राशि तीस दिन के भीतर जमा करने की अनुमति है। पीठ ने प्रतिस्पर्धा आयोग के फैसले को बरकरार रखते हुए उसे क्रियान्वित करने के लिए गूगल को 30 दिन का समय दिया है। साथ ही आयोग के 20 अक्टूबर, 2022 को जारी आदेश में कुछ संशोधन भी किए हैं।

प्रतिस्पर्धा आयोग के आदेश में जो सुधार किए गए हैं, उसमें गूगल सुइट सॉफ्टवेयर को हटाने के लिए अनुमति से संबंधित कुछ हिस्सा शामिल है। अपीलीय न्यायाधिकरण ने गूगल की इस अपील को खारिज कर दिया कि प्रतिस्पर्धा आयोग ने जांच में प्राकृतिक न्याय का उल्लंघन किया है। इस बारे में गूगल को ई-मेल भेजकर टिप्पणी मांगी गई, लेकिन उसने कुछ भी कहने से मना कर दिया। उल्लेखनीय है कि सीसीआई ने पिछले साल (शेष पेज 9)

# कूनो में नामीबियाई चीते ने दिया चार शावकों को जन्म

● **चारों शावक और उनकी मां पूरी तरह स्वस्थ और सक्रिय**

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली/भोपाल

**कूनो** राष्ट्रीय उद्यान से अब एक खुशखबर आई है। पिछले साल नामीबिया से मध्य प्रदेश स्थित कूनो पार्क लाए गए आठ चीतों में से एक मादा चीते ने चार शावकों को जन्म दिया है। चारों शावक और उनकी मां पूरी तरह स्वस्थ और सक्रिय हैं।

केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने स्वयं यह जानकारी साझा करते हुए इसे अमृत काल के दौरान भारत के वन्यजीव संरक्षण इतिहास मे महत्वपूर्ण पल बताया। दो दिन पहले ही इस उद्यान में नामीबिया से लाए गए एक अन्य मादा चीता की मौत हो गई थी। यादव ने ट्वीट कर कहा कि मुझे यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी



नेतृत्व के तहत 17 सितंबर 2022 को भारत लाए गए चीतों में से एक मादा चीते ने चार शावकों को जन्म दिया है। मंत्री ने पारिस्थितिकी के लिहाज से अतीत में की गई गलतियों को सुधारने और चीतों को भारत लाने के अथक प्रयासों के लिए प्रोजेक्ट चीता की पूरी टीम को भी बधाई दी। मध्यप्रदेश के प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्य-प्राणी) जे.एस. चौहान ने विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि विगत एक सप्ताह से सियाया की गतिविधियां बाड़ा क्रमांक 5 में एक ही स्थान पर केंद्रित थीं।

इससे यह एहसास हुआ कि संभवत: सियाया बच्चों को जन्म देने वाली है। उन्होंने आगे कहा कि बुधवार को जब सियाया शिकार के लिए निकली तो नामीबियाई चीता विशेषज्ञ इलाई वॉकर द्वारा संबंधित स्थान पर सुरक्षित दूरी से देखने पर पाया कि मादा चीता ने चार शावकों को जन्म दिया है। वन विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अनुमान लगाया जा रहा है कि इन शावकों का जन्म पांच दिन पहले हुआ होगा, लेकिन अधिकारियों ने बुधवार को उन्हें देखा। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं प्रदेश के (शेष पेज 9)

### प्रधानमंत्री मोदी ने प्रसन्नता जताई

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नामीबिया से भारत लाए गए चीतों में से एक मादा चीते द्वारा चार शावकों को जन्म देने पर बुधवार को प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि यह अद्भुत समाचार है। उन्होंने प्रोजेक्ट चीता से जुड़े पूरे स्टाफ को बधाई भी दी। केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव के एक ट्वीट को साझा करते हुए, प्रधानमंत्री ने ट्वीट किया, अद्भुत समाचार।

## शासन करना अपना अधिकार समझते हैं राहुलः भाजपा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**भाजपा** ने एक बार फिर राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए बुधवार को कहा कि उन्हें लगता है कि देश पर शासन करना उनका जन्मसिद्ध अधिकार है क्योंकि उनका जन्म एक विशिष्ट परिवार में हुआ है। राहुल गांधी की लोकसभा की सदस्यता के लिए अयोग्य घोषित किए जाने के बाद से कांग्रेस और भाजपा एक-दूसरे पर निशाना साध रहे हैं। कांग्रेस नेता पर निशाना साधते हुए भाजपा ने कांग्रेस शासन के दौरान संस्थानों पर हमले के कई उदाहरणों का हवाला दिया। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने पत्रकारों से कहा कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सोचते (शेष पेज 9)

## राकांपा नेता फैजल की लोकसभा सदस्यता बहाल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**राष्ट्रवादी** कांग्रेस पार्टी (राकांपा) नेता मोहम्मद फैजल पीपी की लोकसभा सदस्यता से अयोग्यता बुधवार को समाप्त कर दी गई और वह सदन की कार्यवाही में शामिल हुए। फैजल की सदस्यता करीब 10 सप्ताह बाद बहाल की गई है और इस मामले में उच्चतम न्यायालय में उनकी याचिका पर सुनवाई से पहले यह फैसला आया। लोकसभा महासचिव उत्पल कुमार सिंह ने फैजल की सदस्यता बहाल करने के लिए अधिसूचना जारी की। इससे एक आपराधिक मामले में दोषी ठहराए जाने और 10 साल के कारावास की सजा सुनाए जाने के फैसले को केरल उच्च न्यायालय द्वारा निलंबित किए जाने का हवाला दिया गया। यह फैसला कांग्रेस नेता राहुल गांधी को लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य करार दिए (शेष पेज 9)

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 30 मार्च, 2023



# कोरोना की फिर आहट से प्रशासन की तैयारियां शुरू

## निजी अस्पताल को कोविड मरीजों की रिपोर्ट साझा करने के निर्देश, जारी किया हेल्पलाइन नंबर

● नोएडा में 11 और गाजियाबाद में 15 नए मामले

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा, गाजियाबाद




देश भर के साथ नोएडा और गाजियाबाद में कोरोना के मामले बढ़ने लगे है। इसके साथ ही जिला प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर ली है। निजी चिकित्सालय को सतर्क कर दिया गया है। उन्हें निर्देश दिये गये हैं कि कोविड पॉजिटिव मरीजों का सैंपल स्वास्थ्य विभाग को भेजें।

जनपद में उपचार के लिए चार एल–1 और चार एल–2 स्तर के अस्पताल अलर्ट मोड पर हैं। नोएडा में बुधवार को आई रिपोर्ट में 11 और नए मरीज कोविड के मिले है। सक्रिय मरीजों की संख्या बढ़कर 64 हो गई है।

चार मरीज ठीक हुए है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि कोविड से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग की पूरी तैयारी है। सेक्टर 39 स्थित संयुक्त जिला अस्पताल पुराना कोविड अस्पताल के तृतीय तल पर कोविड डेडिकेटेड वार्ड तैयार है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर भी उपचार की व्यवस्था दुरुस्त है। जिससे उसकी जीनोम सिक्वेंसिंग करायी जा सके। सरकारी स्तर पर टेस्टिंग बढ़ाने को कहा गया है। उन्होंने बताया कि जनपद में 17 ऑक्सीजन संयंत्र क्रियाशील हैं। इनमें 11 सरकारी और 6 निजी संयंत्र हैं।

विभाग के पास बड़ी संख्या में 10 लीटर के ऑक्सीजन कंसंट्रेटर उपलब्ध हैं। डा. शर्मा ने कहा कि उपचार से बेहतर है बीमारी से बचाव। इसलिए लोगों को चाहिए कि वह कोविड प्रोटोकॉल का पूरी तरह पालन करें। लापरवाही से समस्या बढ़ सकती है।

उन्होंने लोगों से अपील की है कि सार्वजनिक स्थानों पर जाएं तो मास्क जरूर पहनें। घर आने पर और कुछ भी खाने पीने से पहले हाथों को अच्छी तरह साबुन पानी से धोएं। मौसम बदलने की वजह से खांसी जुकाम–बुखार की शिकायत हो जाती है। इन्फ्लूएंजा लाइक इलनेस आईएलआई और सीवियर एक्यूट रेस्पिरेटरी इन्फेक्शन सारी के लक्षण नजर आने पर चिकित्सक से परामर्श लें और कोविड की जांच कराएं। उप जिला सर्विलांस अधिकारी एवं डिस्ट्रिक्ट पब्लिक हेल्थ एक्सपर्ट डा अमित कुमार ने बताया कि जनपद में कोविड से निपटने के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हैं।

सर्विलांस सिस्टम को मजबूत किया गया है। टेस्टिंग, ट्रेसिंग बढ़ा दी गयी है। स्वास्थ्य केन्द्रों पर हैल्प डेस्क बनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि लक्षण नजर आने पर घबराएं नहीं, चिकित्सक को दिखाएं, जांच कराएं।

*“कोविड के मामले बढ़ रहे हैं, लेकिन इन्हें रोका जा सकता है। इसके लिए जन समुदाय को सतर्क और जागरूक होना होगा। स्वास्थ्य विभाग कोविड को लेकर पूरी तरह से तैयार है, पर लोगों का सहयोग और भी जरूरी है।”*

*– डॉ. सुनील कुमार शर्मा*
*मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ)*

### कोविड अस्पतालों को लिया जायजा

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में बुधवार को कोरोना के 15 नए केस मिले हैं। यहां पर अब सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 63 पहुंच गई है। इसमें 7 मरीज अस्पतालों में भर्ती हैं और 56 मरीज होम आइसोलेशन में हैं। बुधवार दोपहर जारी हेल्थ बुलेटिन के अनुसार, बीते 24 घंटे में 730 और 250 एंटीजन जांच हुई। इसमें 15 लोगों की रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आई है। 24 घंटे की संक्रमण दर 0.52 प्रतिशत है। मार्च महीने में अब तक 93 लोग कोरोना पॉजिटिव मिल चुके हैं। उधर, संक्रमण के मद्देनजर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ भवतोष शंखधर ने अस्पतालों का दौरा करके चिकित्सा व्यवस्थाएं परखी। संयुक्त अस्पताल संजयनगर में ऑक्सीजन प्लांट को क्रियाशील रखने का निर्देश दिया।

## संक्षिप्त समाचार



शिवचौक की दुकानों में लगी आग, बचाव में लगे लोग।

### गाजियाबाद में आग लगने के 3 मामले, कोई हताहत नहीं

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में बुधवार को तीन स्थानों पर अग्निकांड हुए। भूसे की ट्रॉली जलकर राख हो गई। दूसरी जगह दो दुकानों में आग लग गई। तीसरी जगह एक फैक्ट्री में आग लग गई। फायर फाइटर्स ने तीनों स्थानों पर पहुंचकर समय रहते आग बुझा ली। शुक्र रहा कि कोई जनहानि नहीं हुई। विवेक चंद्र यादव ने बताया, दोपहर 2 बजकर 15 मिनट पर शालीमार गार्डन एक्सटेंशन–2 अपार्टमेंट में आग लगने की सूचना प्राप्त हुई। पुलिस और फायर फाइटर्स मौके पर पहुंचे। यहां शिवचौक के पास बुटीक और सिलाई की दुकान है। इसमें आग लगी हुई थी। ये बिल्डिंग तीन मंजिला थी। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया, सुबह करीब 5 बजे मोहननगर साइट–2 साहिबाबाद में एक फैक्ट्री में आग लगने की सूचना मिली। उधर, दोपहर के वक्त ट्रोनिका सिटी थाना क्षेत्र में भूसे से भरी ट्रॉली बिजली के तार से टकरा गई। स्पार्किंग होने से भूसे में आग लग गई। ट्रैक्टर सवार लोगों ने वहां से भागकर जान बचाई। देखते ही देखते ट्रॉली में रखा भूसा जलकर राख हो गया। सूचना पर दमकल विभाग की गाड़ी पहुंची और आग बुझाई।

### नवरात्र में मंदिरों में अष्टमी पूजन

**गाजियाबाद।** नवरात्र के आठवें दिन मंदिरों से लेकर घरों में धूमधाम से अष्टमी पूजन किया गया। व्रती अष्टड्मी पर मां का पूजन करने के साथ ही कंजक भी जिमाते हैं जिसे लेकर घरों में सुबह से ही चहल–पहल शुरू हो गई थी, वहीं दिल्ली गेट स्थित देवी दुर्गा मंदिर में भी सुबह से भक्तों की लाइन मां के दर्शनों के लिए लगना शुरू हो गई थी। देवी मंदिर में विधिवत मां का पूजन किया गया और चुनरी व श्रृंगार अर्पित किया गया। मंदिर में भीड़ का आलम यह था कि व्यवस्था बनाने में भी मंदिर प्रशासन को पसीने छूट गए। नवरात्र के आठवें दिन महागौरी का पूजन किया जाता है, पौराणिक कथा के अनुसर मां महागौरी ने अपने पूर्व जन्म में भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए कठोर तपस्या की थी जिसके कारण इनके शरीर का रंग एकदम काला पड़ गया था। तब मां की भक्ति से प्रसन्न शिवजी ने इनके शरीर को पवित्र जल से धोया जिससे इनका वर्ण विद्युत प्रभा की तरह गौर वर्ण का हो गया और मां का नाम महागौरी पड़ गया।

### प्राधिकरण ने चलाया पॉलिथीन के खिलाफ अभियान

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण की जन स्वास्थ्य और गाइडेड फॉरचून समिति की ओर से सेक्टर–88 फूल और फल मंडी में एंटी पालिथीन अभियान चलाया गया। इस दौरान बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित पालिथीन को जब्त किया गया। इसकी मात्रा करीब 250 किलो है। जिसे एक छोटा हाथी में भरकर बेचने के लिए मंडी लाया गया था। इस दौरान टीम ने तीन लोगों को पकड़ा है। डीजीएम एसपी सिंह ने बताया ये ड्राइव सुबह आठ बजे चलाई गई। इस दौरान प्राधिकरण के सर्किल टीम और जन स्वास्थ्य की टीम मौजूद रही। इस दौरान हल्की नोंक झोंक भी हुई। मौके पर मौजूद प्राधिकरण पुलिस ने लोगों को समझाकर शांत कराया। इसके बाद लोगों को स्वच्छता का पाठ पढ़ाया गया। साथ ही शपथ दिलाई गई वे लोग प्रतिबंधित पालिथीन का प्रयोग न करे।

### क्राइम ब्रांच ने 50 हजार का इनामी किया गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद पुलिस की क्राइम ब्रांच ने 50 हजार रुपए के इनामी बदमाश प्राण सिंह को बुधवार को गिरफ्तार किया है। ये अपराधी पुलिस से बचने के लिए पश्चिम बंगाल, फिर महाराष्ट्र और अब गुजरात पहुंच गया। फिलहाल वो गुजरात से हावड़ा जाने वाली ट्रेन में क्लीनिंग सुपरवाइजर का काम कर रहा था। सच्चिदानंद ने बताया कि पकड़ा गया अपराधी प्राण सिंह मूल रूप से पश्चिम बंगाल में अब्दुलपुर नॉर्थ–24 का रहने वाला था, लेकिन इस एड्रेस के बारे में किसी को खबर नहीं थी। आरोपी जब.जब पकड़ा गया, तब–तब उसने अपना गाजियाबाद में इंद्रापुरम थाना क्षेत्र का एड्रेस लिखवाया था। फिलहाल वो साल.2019 में थाना इंद्रापुरम पर दर्ज हुए गैंगस्टर के मुकदमे में वांटेड था। आरोपी के खिलाफ गाजियबाद में स्नेचिंग जैसे कुल 6 मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी को जेल भेजा जा रहा है। पूछताछ में प्राण सिंह ने बताया, मैं 12वीं तक पढ़ा.लिखा हूं। मेरे पिता मूलत बिहार में वैशाली के रहने वाले थे और बीमा एजेंट थे। पैसा कमाने के लिए मैं दशकों पहले गाजियाबाद चला आया। शनि चौक इंद्रापुरम के पास रहकर मजदूरी करने लगा।

# डासना देहात में खेल सुविधाएं बढ़ेगी

● 6 करोड़ की लागत से बनेगा हॉल

पायनियर समचार सेवा। गाजियाबाद

डासना देहात में स्पोर्ट्स सुविधा को बढ़ावा देने के लिए एक मल्टीपर्पज हॉल का निर्माण किया जा रहा है। जल्द ही इस हॉल को तैयार करके जनता को समर्पित कर दिया जाएगा। इस हॉल के निर्माण पर छह करोड़ की लागत आई है। बता दें कि डासना देहात क्लस्टर योजना में देश में पहले स्थान पर आया है। अब यहां एक मल्टीपरपज हॉल का भी निर्माण किया जा रहा है। इस हॉल में जहां एक कॉमन हॉल होगा जिसमें स्थानीय लोग आयोजन करा सकेंगे। इसके अलावा यहां ई.लर्निंग सेन्टर, युवा कौशल सेन्टर, कंप्यूटर सेन्टर, कॉमन सर्विस सेन्टर, सब हेल्थ सेन्टर, इनक्यूबेटेशन सेन्टर, कल्चरल एक्टिविटीज स्टेज, मैन हॉल, शूटिंग रेंज हॉल, फिजिकल फिटनेस सेन्टर, कॉन्फ्रेंस रूम, एंट्रेस लॉबी रिस्पेशन, ई.ग्राम सचिवालय, एसएचजी प्रोडेक्ट शो केस गैलरी जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। सीडीओ विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया कि जल्द ही इस हॉल को शुरू कर दिया जाएगा जिसे पीपी मॉडल पर संचालित किया जाएगा और सेन्टर देने के लिए टेन्डर निकाले जाएंगे। इससे होने वाली आय ग्राम पंचायत में जाएगी जिससे इस आय से विकास कार्यों को कराया जा सके। इस मल्टीपर्पज हॉल में एक साथ पांच सौ लोगों के बैठने की सुविधा होगी। देहात क्षेत्र में मल्टीपर्पज हॉल बनने से स्थानीय लोगों को खासा फायदा मिलेगा।



### महिला को गोली मारने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** डयूटी से लौट रही आसमा नामक कामकाजी महिला को गोली मारकर उसे मौत के मुंहाने पर पहुंचाने वाले उसके प्रेमी शादाब को साथी लक्ष्मण यादव निवासी मिर्जापुर को एसएचओ अनिता चौहान की टीम ने वारदात के कुछ घंटे के अंदर ही गिरफ्तार कर लिया।

डीसीपी नगर निपुण अग्रवाल ने बताया कि जब पुलिस ने गिरफ्त में आये शादाब व लक्ष्मण यादव से पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि शादाब के घायल महिला से निकट के संबंध थे और वे एक–दूसरे से प्रेम करते थे। बाद में महिला ने शादी करने से मना कर दिया।

# पुलिस विभाग ने नगर निगम को चुकाये पौने सात करोड़

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

नगर आयुक्त डॉ नितिन गौड़ का एक्शन का असर अब होना शुरू हो गया है। इसी के चलते ही नगर निगम को एक बड़ी कामयाबी मिली। नगर निगम पुलिस विभाग से एक साथ पांच करोड़ 73 लाख रुपये हासिल करने में कामायाब हो गया है।

पुलिस विभाग पर कई वर्ष से हाउस टैक्स का पैसा बकाया था। नगर निगम प्रशासन कई वर्ष पुलिस विभाग को पत्र लिखकर बकाया की मांग कर रहा था। पुलिस विभाग पर कई करोड़ रुपये सर्विस टैक्स बकाया था। पुलिस विभाग की ओर से कुछ पैसा पिछले वर्ष अदा किया गया था। अभी भी विभाग पर करीब पौने छह करोड़ रुपये बकाया था।

नगरायुक्त ने हाल ही में बकाया टैक्स की रिकवरी के लिए सभी अधिकारियों को सरकारी विभाग के अधिकारियों से बात कर टैक्स रिकवर करने के लिए काम पर लगाया था। असर अब दिखाई देना शुरू हो गया है। प्रशासन को एक ही साथ पुलिस विभाग से पांच करोड़ सर्विस टैक्स का बकाया मिल गया है।

**एसवीपी हाउसिंग लिमिटेड**
(पूर्वतः महावीर मेटलेक्स लिमिटेड के नाम से ज्ञात)
पंजीकृत कार्यालय : ए-3, एनडीएसई, पाट-1, नई दिल्ली-110049
सीआईएन :एल70100डीएल2003पीएलसी118413, वेबसाइट : www.svphousing.com
ई-मेल आईडी : info@svphousing.com फोन : 011-41070148

**असाधारण सामान्य बैठक तथा ई-वोटिंग की सूचना**

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि एसवीपी हाउसिंग लिमिटेड के सदस्यों की असाधारण सामान्य बैठक शुक्रवार, 28 अप्रैल, 2023 को पूर्वा. 11.30 बजे ए 3, एनडीएसई पार्ट 1, नई दिल्ली 110049 में आयोजित की जाएगी, जिसमें उक्त सूचना में सूचीबद्ध कार्य निष्पादित किए जाएंगे।

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 के साथ पठित कम्पनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियमावली, 2014, कम्पनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियमावली, 2015 द्वारा यथा संशोधित, के नियम 20 के अनुपालन में, कम्पनी इसके सदस्यों को रिमोट ई वोटिंग की सुविधा प्रदान कर रही है ताकि वे ईजीएम सूचना में सूचीबद्ध सभी प्रस्तावों पर अपना वोट नैशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) द्वारा उपलब्ध कराई गई ई वोटिंग सेवाओं के माध्यम से डाल सकें।

ईजीएम आयोजन संबंधी सूचना की प्रतियां उपस्थिति पर्ची तथा परोक्षी फार्म सहित, कम्पनी के उन सभी सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा भेजी जा चुकी हैं, जिनकी ई मेल आईडीज कम्पनी/डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के पास पंजीकृत है। अन्य सदस्यों के मामले में अर्थात जिन सदस्यों की ई मेल आईडीज पंजीकृत नहीं है, उनको कम्पनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियमावली, 2014, कम्पनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियमावली, 2015 द्वारा संशोधित की अपेक्षानुसार उपरोक्त दस्तावेजों की भौतिक प्रतियां अनुमत विधि द्वारा सदस्यों के पंजीकृत पते पर भेजी जाएंगी तथा यह कार्य 30–03–2023 तक पूर्ण कर लिया जाएगा।

**सभी सदस्यों को एतद्वारा सूचना दी जाती है कि :-**

(i) रिमोट ई वोटिंग अवधि मंगलवार, 25 अप्रैल, 2023 को प्रातः 09.00 बजे आरंभ होगी तथा बृहस्पतिवार, 27 अप्रैल, 2023 को सायं 5.00 बजे समाप्त होगी। 27 अप्रैल, 2023 अप. 05.00 बजे के बाद रिमोट ई वोटिंग की अनुमति नहीं होगी। तदुपरांत एनएसडीएल द्वारा ई वोटिंग मॉड्यूल वोटिंग के लिए निष्क्रिय कर दिया जाएगा। सदस्य द्वारा प्रस्ताव पर एक बार वोट डालने के बाद सदस्य को उसमें परिवर्तन करने की अनुमति नहीं होगी।

(ii) कोई व्यक्ति, जो 24 मार्च, 2023 के बाद अथवा विच्छेदन तिथि अर्थात् 22 अप्रैल, 2023 से पूर्व कम्पनी का सदस्य बनता है (जिसको ईजीएम की सूचना प्रेषित नहीं की गई है) ई वोटिंग के लिए लॉगइन आईडी तथा पासवर्ड प्राप्त करने के लिए फोलियो नंबर/डीपी आईडी अथवा कलाइंट आईडी के उल्लेख के साथ evoting@nsdl.co.in अथवा helpdesk@nsdl.co.in को ई मेल लिख सकता है। इसके अतिरिक्त, यदि सदस्य ई वोटिंग के लिए एनएसडीएल ई वोटिंग प्लेटफार्म के साथ पहले से पंजीकृत है, तब वह मौजूदा यूजर आईडी तथा पासवर्ड का उपयोग रिमोट ई–वोटिंग द्वारा वोट डालने के लिए कर सकता है।

(iii) सदस्यगण नोट करें कि :–
(क) ईजीएम में मतपत्र द्वारा मतदान की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी ;
(ख) सदस्य ईजीएम से पहले रिमोट ई–वोटिंग द्वारा अपना वोट डालने के बाद भी ईजीएम में भाग ले सकता है, परंतु उसको अपना वोट दोबारा डालने का अधिकार नहीं होगा।

(iv) ईजीएम की सूचना कम्पनी की वेबसाइट नामत : www.svphousing.com पर भी उपलब्ध है।

निदेशक मंडल ने मैसर्स अंकित सिंघल ऐंड एसोसिएट्स, कम्पनी सेक्रेटरीज, नई दिल्ली को वोटिंग/मतदान तथा रिमोट ई–वोटिंग की प्रक्रिया एक निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संचालित करने हेतु संवीक्षक नियुक्त किया है।

सदस्यों से ईजीएम सूचना में मुद्रित ई–वोटिंग संबंधी अनुदेश ध्यानपूर्वक पढ़ लेने का अनुरोध है। किसी संदेह की स्थिति में, आप www.evoting.nsdl.com के डाउनलोड्स सेक्शन में उपलब्ध शेयरधारकों हेतु बहुधा पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यूज) तथा शेयरधारकों हेतु रिमोट ई वोटिंग यूजर मैनुअल देखें अथवा evoting@nsdl.co.in/amitv@nsdl.co.in पर ई मेल द्वारा अथवा टोल फ्री नंबर : 1800 222 990/टेलीफोन नंबर : 022 2499 4360 पर एनएसडीएल से सम्पर्क कर सकते हैं।

हरित पहल के समर्थन हेतु, सदस्यगण, जिनके द्वारा अपना ई मेल पता अभी तक पंजीकृत नहीं करवाया गया है अथवा जो अपना ई–मेल पता अद्यतन करवाना चाहते हैं, उनसे सभी सूचनाएं इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से प्राप्त करने के लिए अपने संबंधित डीपी (इलेक्ट्रॉनिक धारण के लिए) अथवा बिग शेयर सर्विसेज प्रा. लि. /कम्पनी (भौतिक धारण के लिए) से सम्पर्क करने का अनुरोध किया जाता है।

वास्ते एसवीपी हाउसिंग लिमिटेड
हस्ता/-
(विजय कुमार)
प्रबंध निदेशक

स्थान : नई दिल्ली
तिथि : 24-03-2023

### इंजीनियर की आत्महत्या के मामले में महिला मित्र समेत तीन पर केस दर्ज

**नोएडा।** सेक्टर–168 स्थित एक सोसाइटी में इस साल तीन फरवरी को सॉफ्टवेयर इंजीनियर द्वारा खुदकुशी करने के मामले में उनकी एक महिला मित्र और कुछ अन्य के खिलाफ उन्हें आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

थाना एक्सप्रेसवे के प्रभारी सुधीर कुमार सिंह ने बुधवार को बताया कि मृतक नमन मदान बेंगलुरु में सॉफ्टवेयर इंजीनियर थे और उन्होंने गोल्डन पाम सोसायटी में किराए पर फ्लैट लिया था जहां वह अपनी महिला मित्र चक्षु बंसल के साथ इस साल दो फरवरी को रुकने के लिए आए थे। उन्होंने बताया कि तीन फरवरी को नमन मदान ने उसी फ्लैट के कमरे की 20वीं मंजिल की बालकनी से कूदकर आत्महत्या कर ली थी। सिंह ने बताया कि नमन मदान की खुदकुशी का कारण साफ नहीं हो सका है।



सीपी नोएडा लक्ष्मी सिंह द्वारा थाना दादरी का वार्षिक निरीक्षण किया गया व महिला/साइबर हेल्प डेस्क, मालगृह, हवालात, शस्त्रों का निरीक्षण कर नवनिर्मित साइबर/बैरक भवन का उद्घाटन किया, साथ ही चौकीदारों को सम्मानित किया।

**सार्वजनिक सूचना**

ICICI Bank

शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली–110005

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | एग्नेलो रोड्रिगेज, सेलाइन रोड्रिगेज, फ्लैट नंबर 282, गोल्फ विस्टा अपार्टमेंट, जीएच–01, अल्फा 2 ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश–201308 खाता सं. :– LBDEL00001871436/ LBDEL00001878677 | फ्लैट नंबर केएस–2–24–501, कासिया, जेपी ग्रीन स्पोर्ट्स सिटी, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश, नोएडा | 09–02–2023 रू. 19,61,531/– रू. 1,59,522/– | 29–09–2022 |
| 2. | कुंडल सिंह थापा, देवकी देवी बी–505, महाराजा अग्रसेन सीजीएचएस लिमिटेड, जीएच–9, सेक्टर–21–सी, पार्ट–III, फरीदाबाद–121001 खाता सं. :– LBFDB00001110186/ LBFDB00001110195 | फ्लैट नंबर बी–505, दि महाराजा अग्रसेन सीजीएचएस लिमिटेड, जीएच–9, सेक्टर–21–सी, पार्ट–III, फरीदाबाद | 09–02–2023 रू. 4,18,320/– रू. 1,14,097/– | 11–10–2022 |
| 3. | प्राची साहू, रीना साहू, प्लॉट नंबर 53, जी 2 ज्ञान खंड 2 इंदिरापुरम, उत्तर प्रदेश, गाजियाबाद–201014 खाता सं. :– LBDEL00005981614/ LBGHZ00006050549 | फ्लैट नंबर सी 101, प्रथम तल, टावर सी, मयूर विहार रेसीजोन रेजीडेंसी, क्लीमेंट टाउन, सहस्त्रधारा रोड, देहरादून | 09–02–2023 रू. 96,84,905/– रू. 2,66,227/– | 03–11–2022 |
| 4. | प्रीति भसीन, विकास भसीन, एफ–86, लाजपत नगर–I, भू तल, फ्रंट साइड, दिल्ली–110024 खाता सं. :– LBDEL00001943644/ LBDEL00001950434 | यूनिट नंबर एएमएन0250105, अमन जेपी ग्रीन्स, नोएडा | 09–02–2023 रू. 17,68,859/– रू. 50,474/– | 10–10–2022 |
| 5. | पुनीत राय, मंजू राय, 11–ए/2, हिन्दुस्तान टाइम्स यूपी. मयूर विहार फेज–1, दिल्ली, दिल्ली–110091 खाता सं. :– LBDEL00001968071/ LBDEL00001979392 | फ्लैट नंबर 1733, 17वां तल, टावर–एच, सुपरटेक यूपी कंट्री, टीएस–1, सेक्टर–17 ए, यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी, नोएडा | 09–02–2023 रू. 11,04,982/– रू. 51,455/– | 08–11–2022 |
| 6. | रश्मिता कुमारी, अनूप कुमार झा, सी 3/8, सी ब्लॉक, मंडावली ऊंचेपर, दिल्ली, दिल्ली–110092 खाता सं. :– LBDEL00004041544/ LBDEL00004149831 | फ्लैट नंबर ए 803, 11वां तल, समृद्धि ग्रैंड एवेन्यू, टावर–ए, प्लॉट नंबर जीएच–09, टेकजोन–4, ग्रेटर नोएडा | 09–02–2023 रू. 10,09,008/– रू. 68,296/– | 11–10–2022 |
| 7. | संजय कुमार, अर्चना कुमार, एच नंबर 244/12, तृतीय तल, गली नंबर 3, स्कूल ब्लॉक, मंडावली, नई दिल्ली–110092 खाता सं. :– LBGHZ00003106040/ LBGHZ00003191006 | फ्लैट नंबर 2103, 21वां तल, सेवियर ग्रीनआइजल, टावर ए 8, प्लॉट नंबर जीएच–11, क्रॉसिंग रिपब्लिक, एनएच–24, गाजियाबाद | 09–02–2023 रू. 40,03,730/– रू. 3,96,706/– | 03–11–2022 |
| 8. | संजय मित्तल, श्रुति मित्तल, एच नंबर डी 122, ब्लॉक डी, साउथ सिटी 1, गुरूग्राम, हरियाणा–122001 खाता सं. :– LBGUR00004981828/ LBGUR00002420358/ LBGUR00002420470 | प्लॉट नंबर 122, ब्लॉक डी, साउथ सिटी 1, ग्राम सिलोखेड़ा, झारसा, तहसील और जिला गुरूग्राम | 09–02–2023 रू. 37,13,443/– रू. 35,70,010/– रू. 18,78,622/– | 11–08–2022 |
| 9. | सरोज कुमार, नेहा नंदा, ए 1 भू तल, प्लॉट नंबर 719, नीति खंड–I, इंदिरापुरम, उत्तर प्रदेश, गाजियाबाद–201014 खाता सं. :– LBFDB00002713228/ LBFDB00002855243 | फ्लैट नंबर बी–2, प्रथम तल, सुपर एचआईजी, नीति खंड, 1/215, इंदिरापुरम, गाजियाबाद | 09–02–2023 रू. 10,70,505/– रू. 17,62,064/– | 31–01–2021 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 30 मार्च, 2023 प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : दिल्ली/एनसीआर आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

# आठ बिल्डर भूखंडों की योजना में आवेदन की तिथि बढ़ी

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने एक बार फिर बिल्डर भूखंडों की योजना को रोल ओवर कर दिया है।

अब इस स्कीम के 8 भूखंडों के लिए 3 अप्रैल तक ऑनलाइन पंजीकरण करा सकते हैं। इन 8 भूखंडों के आवंटन से ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण को रिजर्व प्राइस के आधार पर करीब 738 करोड़ रुपए मिलने की उम्मीद है। भूखंडों का आवंटन ई–ऑक्शन से होगा। इन भूखंडों के आवंटन होने पर 10 हजार नए फ्लैट बन सकेंगे। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सीईओ रितु माहेश्वरी के निर्देश पर बिल्डर विभाग की तरफ से दिसंबर में बिल्डर भूखंडों की योजना लांच की गई थी। इस योजना के 3 भूखंडों का ऑनलाइन ऑक्शन के जरिए आवंटन कर दिया गया। शेष 8 भूखंडों की योजना को रोल ओवर करते हुए आवेदन की तिथि बढ़ा दी गई है। इसके ब्रोशर ग्रेनो प्राधिकरण की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

# नोएडा पहुंची महिला सशक्तीकरण रैली

● पूरे शहर का चक्कर लगाकर लोगों को किया जागरूक

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



उत्तर प्रदेश के जनपद मिर्जापुर के विंध्याचल धाम से प्रारंभ हुई महिला सशक्तिकरण रैली का आज नोएडा में विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिसकर्मियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। अपर पुलिस आयुक्त मुख्यालय भारती सिंह ने बताया कि महिला सशक्तिकरण रैली का शुभारंभ पुलिस लाइन सूरजपुर से किया गया।

उन्होंने बताया की विभिन्न थाना क्षेत्रों सरीन फार्म, दुर्गा टाकीज, एलजी गोल चक्कर, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण, तिलपता, जेपी स्टेडियम गौर सिटी, किसान चौक, सेक्टर–70 तिराहा, थाना फेस–3 के सामने से, रैली नोएडा हाट पहुंची जहां सभी का स्वागत एवं खान पान आयोजित कराया गया जहां एडीसीपी शक्ति अवस्थी, एसीपी 3 सौम्या सिंह, एसीपी 2 गंगा प्रसाद तथा आईटीई ग्रुप के मुकेश शर्मा व आशीष शर्मा मौजूद रहे। बॉटेनिकल गार्डन, सेक्टर–37 होते हुए नोएडा जोन के अन्य स्थानों का भ्रमण करते सेक्टर–82 कट, सेक्टर–144 कट से होते हुए देर शाम को रैली वापस पुलिस लाइन सूरजपुर पर पहुंचीं। उन्होंने बताया कि रैली के समापन के अवसर पर पुलिस लाइन सूरजपुर में पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर लक्ष्मी सिंह भी उपस्थित रहेंगी। बता दें कि 22 मार्च से जनपद मिर्जापुर के विंध्याचल धाम से प्रारंभ हुई महिला सशक्तिकरण रैली के जेवर टोल पर पहुंचने पर शाम को अपर पुलिस आयुक्त मुख्यालय भारती सिंह, सहित अन्य ने भव्य स्वागत किया था।

इस दौरान स्वागत स्थल पर छात्रों द्वारा स्वागत गीत गाकर रैली में शामिल पुलिस अधिकारियों व पुलिसकर्मियों को मोमेन्टों प्रदान कर उत्साहवर्धन किया। स्वागत के बाद रैली जेवर टोल होते हुए कस्बा दनकौर के बाद सूरजपुर स्थित रिजर्व पुलिस लाइन पहुंची थी।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली–110002, दूरभाष: 011–40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी–9 सेक्टर–3, नोएडा–201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यवाहक कार्यकारी संपादक: विजय प्रकाश सिंह, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ–31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर–201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120–4879900।

# डीडीए का बुनियादी ढांचा मजबूत करने पर जोर

## वित्तवर्ष के बजट में 8541 करोड़ मंजूर, नरेला, द्वारका व रोहिणी के विकास और तीसरे रिंग रोड को मिलेगी रफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली


डीडीए अधिकारियों के साथ बैठक में उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना।

उपराज्यपाल व दिल्ली विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष विनय कुमार सक्सेना की अध्यक्ष में डीडीए की बैठक में बुधवार को नरेला, द्वारका और रोहिणी के विस्तार व बुनियादी ढांचे पर ध्यान देने के साथ वार्षिक बजट 2023-24 में 3,314 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

इसके अलावा बजट में अर्बन एक्सटेंशन रोड-दो, यमुना बाढ़ क्षेत्रों का कायाकल्प के लिए बजट में धन आवंटित किया है। प्राधिकरण ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए रोहिणी, चरण चार और पांच, टिकरी कलां और नरेला के लिए पूर्व-निर्धारित दरों को भी मंजूरी दी और दिल्ली में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था में सुधार के लिए भूमि उपयोग परिवर्तन की अनुमति दी।

डीडीए के अधिकार क्षेत्र में आने वाले विकास क्षेत्रों में भूमि के विकास, नागरिक सुविधाओं की बेहतरी और मौजूदा बुनियादी ढांचे के रख- रखाव के लिए 3,314 करोड़ रुपये का प्रविधान किया गया है। इसमें सड़कें, सीवेज, पानी की आपूर्ति, बिजली की लाइनें और जल निकासी शामिल हैं। ये क्षेत्र मुख्य रूप से नरेला, द्वारका और रोहिणी में हैं। डीडीए ने यमुना रिवरफ्रंट के व्यापक विकास की भी योजना बनाई है।

द्वारका के सेक्टर-8 में बरसाती नाले का निर्माण कार्य प्रगति पर है। यह नाला हवाई अड्डे के वर्षा जल के अतिरिक्त निर्वहन को पूरा करेगा और द्वारका सेक्टर-8, राजनगर, बगडोला और पालम क्षेत्र में बाढ़ को रोकेगा। क्षेत्र के घटते जल स्तर को रिचार्ज करने में मदद करने के लिए सेक्टर आठ और सेक्टर 23 द्वारका के पार्कों में जल निकायों, रिचार्ज पिट्स और जलाशयों का निर्माण करके इस प्रकार छोड़े गए पानी को संग्रहित किया जाएगा। इस प्रयोजन के लिए 30 रुपये का प्रविधान है। डीडीए ने नेहरू प्लेस और भीकाजी कामा प्लेस वाणिज्यिक केंद्रों की रेट्रोफिटिंग और अपग्रेडेशन का कार्य किया है। मल्टीलेवल कार पार्किंग के निर्माण सहित नवीनीकरण का कार्य प्रगति पर है। इसके लिए 65 करोड़ रुपये का प्रविधान किया गया है। द्वारका में दो फुट ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इससे पैदल चलने वालों को सुरक्षित रास्ता मिल सकेगा। इसके लिए बजट में छह करोड़ रुपये का प्रविधान है। कुल परिव्यय 928.92 करोड़ के साथ यमुना नदी के डूब क्षेत्र के कायाकल्प और बहाली का काम किया जा रहा है।

### पश्चिमी-दक्षिणी दिल्ली और एयरपोर्ट तक पहुंच सकेंगे



*अर्बन एक्सटेंशन रोड बहुत जल्द लोगों के लिए बन के तैयार हो जाएगा। इस साल के अंत तक इसे शुरू करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके बन जाने से दिल्ली को भीड़भाड़ जाम और प्रदूषण की समस्या से निजात मिल सकेगी। अर्बन एक्सटेंशन-2 दिल्ली का तीसरा रिंग रोड बनेगा। (यूईआर-टू) का निर्माण एनएचएआई के माध्यम से प्रगति पर है। इस परियोजना के लिए, कुल परियोजना लागत 6421 करोड़ रुपये (दिल्ली भाग के लिए) में से 3600 करोड़ रुपये डीडीए द्वारा वित्तपोषित किया जाएगा। यूईआर-2 की पूरी लंबाई 75.7 किमी है। यह चार से छह लेन का एक्सप्रेसवे है। इस एक्सप्रेसवे की शुरुआत दिल्ली के अलीपुर से शुरू होकर मुंडका, नजफगढ़, द्वारका से होते हुए महिपालपुर के पास दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेस-वे से जुड़ेगा। इसके इसके बाद इसे नेशनल हाईवे नंबर-9 से बहादुरगढ़ तक बनाया जा रहा है। एनएच-9 से जोड़ने के लिए बहादुरगढ़ में एक एलिवेटेड रोड का निर्माण भी किया जा रहा है। बहादुरगढ़ से होते हुए यह एक्सप्रेसवे सोनीपत के गांव बड़वासनी में एनएच-352 ए तक जाएगी। यूईआर-2 के जरिए आसानी से पश्चिमी-दक्षिणी दिल्ली और दिल्ली एयरपोर्ट तक पहुंच सकेंगे। साथ ही फरीदाबाद से सिंधु बॉर्डर जाना भी आसान हो जाएगा।*

**आवास :** डीडीए ने मौजूदा आवास परियोजनाओं की अतिरिक्त सूची की बिक्री के कारण लगभग 4310 करोड़ रुपये के राजस्व का अनुमान लगाया है जो पूरा होने वाला है। बजट में सभी चल रहे हाउसिंग प्रोजेक्ट को पूरा करने पर जोर दिया गया है। द्वारका गोल्फ कोर्स के सामने लगभग 1114 एचआईजी फ्लैट, लोक नायक पुरम में लगभग 650 एमआईजी फ्लैट और नरेला में लगभग 9000 एचआईजी, एमआईजी फ्लैट शामिल हैं।



### खेलकूद को बढ़ावा

डीडीए के 15 स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स, तीन मिनी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स और दो गोल्फ कोर्स परिसरों के रख-रखाव के लिए बजट अनुमान 2023-24 में 178 करोड़ रुपये का प्रविधान रखा गया है। द्वारका के सेक्टर 17 में एक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन 2023 की पहली छमाही में और सेक्टर 8, 19 और 23 में तीन स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स और सेक्टर 24, द्वारका में एक गोल्फ कोर्स का उद्घाटन भी अंत तक किया जाएगा। इसके लिए बजट अनुमान 2023-24 में 155 करोड़ रुपये का प्रविधान किया गया है। डीडीए ने पीपीपी मोड पर द्वारका सेक्टर 19बी में एक एकीकृत बहु-खेल क्षेत्र का विकास भी किया है।



**केजरीवाल ने विधानसभा में पेश किया विश्वास प्रस्ताव**

# मुख्यमंत्री का दावा, विपक्षी सदस्य लाना चाहते थे अविश्वास प्रस्ताव, संख्याबल नहीं जुटा पाए

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को विधानसभा में भाजपा पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि भाजपा वर्ष 2025 तो छोड़ो, 2050 का चुनाव भी नहीं जीत पाएगी। साथ ही सीएम ने आरोप लगाया कि विपक्षी पार्टी ने आप विधायकों को विधानसभा के बजट सत्र के दौरान सरकार को गिराने के लिए 25 करोड़ रुपये का प्रलोभन दिया। सीबीआई और ईडी की छापेमारी की धमकी या 25 करोड़ रुपये की रिश्वत की पेशकश भी आप विधायकों को नहीं तोड़ सकती है। इस बीच विधानसभा के बाहर नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने केजरीवाल के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि भले ही आप को विधानसभा में बहुमत हासिल है, लेकिन दिल्ली के लोगों का आप सरकार से विश्वास उठ गया है।

अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को सदन में विश्वास प्रस्ताव पेश किया। यह विश्वास प्रस्ताव विपक्षी दल भाजपा द्वारा अविश्वास प्रस्ताव को वापस लेने के बाद पेश किया गया, ताकि वह अपनी बात रख सके। सीएम की ओर से पेश विश्वास प्रस्ताव पर सदन में चर्चा हुई और ध्वनि मत पारित कर दिया गया। इस दौरान सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली की जनता को अपनी चुनी हुई सरकार पर पूरा विश्वास है। विपक्ष की साजिशें जनता के इस विश्वास को हिला नहीं सकतीं।

आप नेता जनतंत्र में यकीन करने वाले लोग हैं। जनतंत्र में विपक्ष को अपनी बात रखने का मौका मिलना चाहिए। इसलिए उन्होंने सदन में विश्वास प्रस्ताव रखा, ताकि विपक्ष अपनी बात रख सके। भाजपा ने ईडी-सीबीआई और करोड़ों का ऑफर देकर अपना पूरा जोर लगा लिया, फिर भी 14 विधायक नहीं जुटा पाई। अविश्वास प्रस्ताव के लिए 14 सदस्य होने चाहिए थे लेकिन भाजपा के पास 8 ही सदस्य हैं।

## चीनी मांझे से डीएमआरसी को कर्मचारी घायल

**नई दिल्ली।** शास्त्री पार्क इलाके में एक महिला को पंतग के मांझे से गला कटने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया। यह घटना मंगलवार को उस समय हुई जब दिल्ली मेट्रो रेल निगम में काम करने वाली यह महिला अपने स्कूटर से घर लौट रही थी।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि शास्त्री पार्क पुलिस थाने को रात 8.20 बजे संत परमानंद अस्पताल से सूचना मिली कि उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद के वसुंधरा निवासी विंकी भारद्वाज का शास्त्री पार्क फ्लाईओवर के पास मांझे से गला कट गया है। उसे वसुंधरा के मैक्स अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी हालत स्थिर बताई गई है। मामला शास्त्री पार्क पुलिस थाने में दर्ज किया गया।


## संक्षिप्त समाचार

### युवराज के शतक से आत्मा राम कॉलेज फाइनल में




**नई दिल्ली।** युवराज सिंह के नाबाद शतक की मदद से आत्मा राम सनातन धर्म कॉलेज ने हिन्दू कॉलेज को 32 रन से हराकर प्रथम स्वामी दयानंद सरस्वती डे-नाइट टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। पीजीडीएवी कॉलेज मैदान पर सेमीफाइनल मैच में आत्मा राम सनातन धर्म कॉलेज ने 20 ओवरों में 4 विकट पर 180 रन बनाए। युवराज सिंह ने 68 गेंदों पर 11 चौके और 10 छक्के लगाकर नॉटआउट 129 रन बनाए। जवाब में हिन्दू कॉलेज की टीम 20 ओवरों में 7 विकट पर 148 रन ही बना पाई। युवराज सिंह को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार पीजीडीएवी कॉलेज प्रबंध समिति के कोषाध्यक्ष, शिव रमण गौड और कॉलेज की प्राचार्य, प्रो. कृष्णा शर्मा ने दिया।

### जैव विविधता की विलुप्त कड़ी जुड़ी: अश्विनी चौबे


अश्विनी चौब

**नई दिल्ली।** केंद्रीय राज्यमंत्री अश्विनी चौबे ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पर्यावरण और वन्यजीव संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता के सुखद परिणाम अब दिखने लगे हैं। भारत लाए गए एक चीते के चार शावकों का जन्म दशकों पहले जैव विविधता की जो सदियों पुरानी कड़ी टूट कर विलुप्त हो गई थी, उसे स्थापित करने में मील का पत्थर साबित होगी।

### सुमित करेंगे रोड टू यूएफसी के लिए देश का प्रतिनिधत्व




**नई दिल्ली।** फ्लाइटवेट पहलवान सुमित कुमार 27 मई को चीन के शांगई में भारत यूएफसी के 'रोड टू यूएफसी' का प्रतिनिधित्व करने वाले पहले भारतीय हैं। उनका मुकाबला 57 किग्रा फ्लाईवेट वर्ग में दक्षिण कोरिया के सेउंग गुक चोई से होगा। सुमित कुमार जिउ-जित्सु एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा मान्यता प्राप्त जिउ जित्सु में भारत के राष्ट्रीय चैंपियन रहे हैं। सुमित वर्तमान में दक्षिण एशिया में 6वें शीर्ष फ्लाईवेट एमएमए फाइटर के रूप में रैंक किया गया। सुमित अल्टीमेट फाइटिंग चैंपियनशिप (यूएफसी) के अध्यक्ष डाना व्हाइट द्वारा पसंदीदा एकमात्र भारतीय फाइटर भी हैं। ग्रामीण पृष्ठभूमि से आने वाले सुमित उत्तर प्रदेश के सासनी के अजरोई गांव के रहने वाले हैं।

### बच्चों को सिखा रहे हाथ धोने के फायदे

**नई दिल्ली।** कोविड-19 महामारी के बाद स्वच्छता जागरूकता के अभियान को आगे बढ़ाते हुए बच्चों पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया है। सेसमी इंडिया वर्कशॉप ने अपने पपेट एल्मो और चमकी के द्वारा बच्चों को खेल खेल में हाथ साफ रखने की अहमियत को सिखा रहे हैं। सेसमी वर्कशॉप इंडिया की प्रबंध निदेशक सोनाली खान ने कहा कि हमारा लक्ष्य बच्चों और परिवारों के बीच स्वच्छता से जुड़ी जानकारी, व्यवहार और प्रथाओं को बढ़ावा देना तथा बच्चों की विकास संबंधी जरूरतों को पूरा करना है। सेसमी वर्कशॉप-इंडिया और हाईजीन एंड बिहेवियर चेंज कोअलिशन (एचबीसीसी) के सहयोग से स्वच्छता और बीमारियों की रोकथाम के उपायों के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए एक मल्टी-मीडिया अभियान चला रहा है।

### महाराजा अग्रसेन कॉलेज का समारोह 'युवान' संपन्न



**नइ दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय के महाराजा अग्रसेन कॉलेज में चल रहे तीन दिवसीय वार्षिक सांस्कृतिक समारोह 'युवान' का समापन हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. संजीव कुमार तिवारी ने कहा कि युवान जैसा आयोजन विद्यार्थियों को न केवल अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करता है बल्कि यह प्रबंधन कौशल व नेतृत्व क्षमता भी विकसित करने में मदद करता है। उन्होंने विजेताओं को उनकी जीत की बधाई तथा उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इनमें शैक्षणिक संस्थानों से 250 से अधिक टीमों व 1478 प्रतिभागियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। पुनीता अग्रवाल के नेतृत्व में अपशिष्ट प्रबंधन टीम के प्रयासों से प्लास्टिक का न्यूनतम उपयोग करने का प्रयास किया गया। युवान के अंतिम दिन इंग्लिश थिएटर प्ले प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। जिसमें कॉलेज ऑफ वोकेशनल स्टडीज के नाटक 'यूरेका' को प्रथम स्थान तथा हंसराज कॉलेज के 'कौमुदी' को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ।

# सदन में उठा आईपी कॉलेज में छात्राओं से बदसलूकी का मुद्दा

- आप ने एलजी पर साधा निशाना, भाजपा के चार विधायकों को बाहर निकाला गया



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी के विधायकों ने बुधवार को विधानसभा में दिल्ली विश्वविद्यालय के इंद्रप्रस्थ महिला कॉलेज की छात्राओं के साथ कथित बदसलूकी का मुद्दा उठाया और राष्ट्रीय राजधानी में खराब कानून-व्यवस्था के लिए उपराज्यपाल को जिम्मेदार ठहराया।

इस बीच, सदन में चर्चा के लिए उठाए जाने वाले मुद्दों पर अध्यक्ष राम निवास गोयल के साथ बहस के बाद भारतीय जनता पार्टी के चार विधायकों को मार्शल की मदद से सदन से बाहर कर दिया गया। आम आदमी पार्टी की विधायक भावना गौड़ ने दिल्ली विश्वविद्यालय के इंद्रप्रस्थ महिला कॉलेज में मंगलवार को हुई घटना के मद्देनजर राष्ट्रीय राजधानी में महिला सुरक्षा तथा कानून-व्यवस्था का मामला उठाया।

कई पुरुष कथित तौर पर कॉलेज की दीवारों पर चढ़ गए थे और उन्होंने छात्राओं के साथ बदसलूकी की थी। भाजपा के सदस्य हालांकि अब निरस्त की जा चुकी आबकारी नीति सहित भ्रष्टाचार के मुद्दे पर चर्चा करना चाहते थे, लेकिन अध्यक्ष ने यह कहते हुए इसकी अनुमति नहीं दी कि इस पर पहले ही चर्चा हो चुकी है। गोयल ने कहा, उन्हें इस बात से शर्मसार होना चाहिए कि महिला कॉलेज में कुछ पुरुष घुस गए और छात्राओं के साथ बदसलूकी की। क्या महिलाओं की सुरक्षा आपके लिए मायने नहीं रखती। कॉलेज विधानसभा, मुख्यमंत्री आवास के पास है और ठीक राजनिवास की नाक के नीचे है।

### महिला आयोग ने पुलिस व कॉलेज को भेजा नोटिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने इंद्रप्रस्थ महिला कॉलेज में आयोजित फेस्ट के दौरान छात्राओं के साथ यौन उत्पीड़न के मामले का स्वत: संज्ञान लिया है। मालीवाल ने दिल्ली पुलिस और आईपी कॉलेज के प्रिंसिपल को नोटिस जारी कर 3 अप्रैल तक कार्रवाई रिपोर्ट मांगी है।

# सितंबर के बाद कोविड-19 के मामले 300 के पार पहुंचे

- संक्रमण दर चौबीस घंटे में 11.82 से बढ़कर 13.89 प्रतिशत हो गई

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



राजधानी दिल्ली में कोरोना से फिर रफ्तार पड़क ली है। सितंबर 2022 के बाद पहली बार 24 घंटे में 300 नए मामले सामने आए हैं। साथ की संक्रमण दर भी 11.82 से बढ़कर 13.89 पहुंच गई है। इस दौरान 2 मरीजों की मौत हो गई।

देश के कुछ राज्यों में कोरोना ने एक बार फिर रफ्तार पकड़ ली है। राजधानी दिल्ली भी इससे अछूता नहीं है। पिछले साल सितंबर बाद ऐसा पहली बार हुआ है जब बुधवार को यहां 300 संक्रमित मरीज मिले हैं। दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, इस दौरान 163 मरीजों ने कोरोना को मात देने में सफल रहे। वहीं, सक्रिय मरीजों का आंकड़ा बढ़कर 806 हो गया है। दिल्ली में कोरोना संक्रमितों का कुल आंकड़ा बढ़कर 2009361 पहुंच गया है और अब तक 26526 मरीजों की जान जा चुकी है।

वहीं, 1,98,20,29 मरीज अब तक इस जानलेवा वायरस को मात देने में सफल रहे है। वहीं देश में फिलहाल एक्टिव मरीजों की संख्या बढ़कर 11,903 पर पहुंच गई है। इससे पहले पिछले साल 28 अक्टूबर को 2,208 दैनिक मामले सामने आए थे। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, महाराष्ट्र में संक्रमण से तीन और कर्नाटक में एक मरीज की मौत के बाद देश में मृतकों की संख्या बढ़कर 5,30,848 हो गई।

## नशीले पदार्थ की तस्करी करने वाले दो विदेशी समेत तीन गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



अपराध शाखा ने नशीले पदार्थ की तस्करी करने वाले गिरोह का भंड़ाफोड़ करते हुए दो विदेशी समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान बलजीत सिंह ऊर्फ अमन, डेनियल चुकुवुजेवी और बेनेथ चुकुवडी के रूप में हुई है।

दोनों नाइजीरिया के रहने वाले हैं। बेनेथ पिछले 10 सालों से दिल्ली में रह रहा था और ड्रग्स का कारोबार कर रहा था। विशेष पुलिस आयुक्त रविंद्र सिंह यादव ने बताया कि एजीएस अपराध शाखा की टीम को मुखबिर से जानकारी मिली थी कि दिल्ली में नशीले पदार्थों की तस्करी करने वाला गिरोह सक्रिय है। टीम ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। डेनियल द्वारा अमन को सौपे गए पैकेट से 51 ग्राम कोकीन, 35 ग्राम एमडीएमए और नशे की गोलियां बरामद की गई। डेनियल और अमन की निशानदेही पर महरौली में छापा मारा गया, जिसके बाद एक और विदेशी युवक बेनेथ को पकड़ा गया।

## आप को राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा देने पर कर रहे विचार : चुनाव आयोग

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने कहा कि वह आम आदमी पार्टी को राष्ट्रीय दर्जा देने के मामले पर विचार कर रहा है।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने इस मामले में सवाल किए जाने पर कहा, इसकी समीक्षा की जा रही है। वह इस मामले पर जल्द ही मीडिया को जानकारी देंगे। आम आदमी पार्टी ने मांग की कि चुनाव आयोग उसे तत्काल एक राष्ट्रीय पार्टी के रूप में मान्यता दे और यह सुनिश्चित करे कि उसे कर्नाटक विधानसभा चुनाव के दौरान सभी सुविधाएं मिले, जिसकी हकदार राष्ट्रीय पार्टी होती है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली पार्टी के पिछले साल के चुनावी प्रदर्शन ने निर्वाचन आयोग द्वारा उसे राष्ट्रीय पार्टी के रूप में मान्यता दिए जाने का मार्ग प्रशस्त कर दिया था।

चुनाव चिह्न आदेश, 1968 के अनुसार, राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा हासिल करने के लिए राजनीतिक संगठन को चार राज्यों में राज्य की पार्टी के रूप में मान्यता प्राप्त होनी चाहिए और विधानसभाओं में उसके कम से कम दो सदस्य होने चाहिए। पार्टी के रूप में मान्यता प्राप्त करने के योग्य बनने के लिए किसी राजनीतिक दल को दो सीट जीतनी होती हैं और न्यूनतम छह प्रतिशत मत हासिल करने होते हैं।

# महरौली-महिपालपुर व बाहरी रिंग रोड को विश्वस्तरीय बनाया जाएगा

- लोक निर्माण मंत्री आतिशी ने 39.16 करोड़ रूपये के परियोजना को मंजूरी दी



लोक निर्माण मंत्री आतिशी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

केजरीवाल सरकार दिल्ली की सड़कों को सुंदर, सुरक्षित व विश्वस्तरीय बनाने की दिशा में मिशन मोड में काम कर रही है। इस सिलसिले में उत्तरी व दक्षिणी दिल्ली को बांटने वाली दो 2 महत्वपूर्ण सड़कों के सुदृढ़ीकरण व सौन्दर्यीकरण के लिए 39.16 करोड़ रूपये के परियोजना को मंजूरी दी। इसके तहत महरौली-महिपालपुर रोड पर अंधेरिया मोड से एनएच-48 व बाहरी रिंग रोड पर शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा फ्लाईओवर से बुरारी फ्लाईओवर तक की सड़क को नया स्वरुप मिलेगा।


लोक निर्माण मंत्री आतिशी ने कहा कि उनकी सरकार राजधानी दिल्ली की सड़कों को विश्वस्तरीय बनाने के अपने विजन के तहत सड़कों का विशेषज्ञों से सर्वे करा रही है। ताकि सड़कों को मजबूत व सुरक्षित बनाने के लिए उनका खाका तैयार किया जा सके। उन्होंने कहा कि सड़कों के सुदृढ़ीकरण के साथ-साथ इनके सौन्दर्यीकरण का कार्य भी किया जाएगा। मंत्री ने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य के दौरान सेफ्टी-सिक्योरिटी व गुणवत्ता के सभी मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। इस मौके पर मंत्री ने बताया कि सड़क के पुराने हो जाने के कारण उसकी उपरी सतह पर दरार पड़ जाती है।



जिससे कई जगहों पर वाहनों की आवाजाही में बाधित होती है। इसे देखते हुए सरकार द्वारा इसके मरम्मत का काम शुरू किया है ताकि आम लोगों को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े।

मरम्मत के बाद रोजाना इनका इस्तेमाल करने वाले लाखों लोगों को फायदा होगा। इसके मद्देनजर आम आदमी पार्टी की सरकार प्रमुख एजेंसियों और विश्वविद्यालयों से सड़कों का सर्वे करवा रही है। उपरोक्त सड़कों के लिए भी आईआईटी रुड़की द्वारा सर्वे किया गया है।

### मरम्मत के साथ सौन्दर्यीकरण का भी रखा जाएगा ध्यान



*फुटपाथ, व सेंट्रल वर्ज का रखरखाव किया जाएगा। मानकों के अनुसार की जाएगी रोड मार्किंग, पैरापेट की दीवारों, रेलिंग आदि के पेंट वर्क भी किया जाएगा। सेंट्रल वर्ज व रोड के दोनों ओर बढाई जाएगी हरियाली। सुदृढ़ीकरण के साथ-साथ सौन्दर्यीकरण का भी रखा जाएगा ख्याल। पैदल मार्ग विकसित की जाएगी, एलईडी लाइट्स भी लगाई जायेंगी।*

# बोधराज सीकरी के आह्वान पर उमड़ पड़ा आस्था का सैलाब

## पूर्ण आस्था और श्रद्धा के साथ हजारों लोगों ने किया हनुमान चालीसा का पाठ

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ प्रदेश अध्यक्ष ने फोन करके की प्रशंसा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम के आशीर्वाद गार्डन ज्योति पार्क में हनुमान चालीस पाठ के दौरान बोधराज सीकरी व अन्य अतिथि, आयोजक।

**शास्त्रों** के अनुसार भगवान हनुमान कलयुग के देवता हैं और आज भी इस पृथ्वी पर जागृत अवस्था में मौजूद हैं। जो भक्त हनुमानजी की सच्चे मन से पूजा-आराधना करता है उसके कष्ट तुरंत ही दूर हो जाते हैं। केन्द्रीय श्री सनातन धर्म सभा के मुख्य संरक्षक बोधराज सीकरी के आह्वान पर श्री हनुमान चालीसा का पाठ इस बार भी पूरी आस्था, श्रद्धा के साथ किया गया।

पिछले एक महीने से प्रत्येक मंगलवार को गुरुग्राम के विभिन्न मंदिरों में 51000 श्रीहनुमान चालीसा के पाठ हो चुके हैं। इस बार का पाठ आशीर्वाद गार्डन ज्योति पार्क में किया गया। इस धार्मिक आयोजन में 1250 से अधिक शहर के कोने-कोने से हर जाति, हर वर्ग के लोग शामिल हुए। संत शिरोमणि कृष्णा कांत द्विवेदी व गीता मनीषी ने समापन के समय अपने प्रवचन में हनुमान जी की एक मैनेजमेंट गुरु के साथ तुलना की।

इस दौरान बोधराज सीकरी ने अपने वक्तव्य में युवा पीढ़ी को संस्कारवान बनाने पर बल दिया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने फोन के माध्यम से बोधराज सीकरी के इस आध्यात्मिक प्रयास के लिए भूरी-भूरी प्रशंसा की। प्रधानमंत्री द्वारा भाजपा के मुख्यालय में कार्यालय विस्तार के लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल ना होने के कारण प्रदेश अध्यक्ष ने अपना वक्तव्य फोन के माध्यम से दिया। विशेष अतिथि में अनिल आरती यादव, संजय टंडन, राजीव छाबरा, मीनू छाबड़ा, सुरेश सीकरी, सतपाल नासा, उमेश शर्मा, मंजू शर्मा, पुष्पा नासा, अशोक सीकरी, शील सीकरी लोगों को व्यवस्था के दिशा-निर्देश दिए।

गजेंद्र गोसाई ने स्वीटी और हरीश कुमार के साथ मिलकर संगीतमय तरीके से हनुमान चालीसा का 21 बार पठन किया। इस हिसाब से लगभग 25000 पाठ पूर्ण हुए और टोटल संख्या 75000 पार कर गई। कार्यक्रम में विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया। महिला वर्ग की बागडोर ज्योत्सना बजाज ने रचना बजाज, शशि बजाज, एकता कामरा आदि के साथ संभाली।

धर्मेंद्र बजाज, डॉ. परमेश्वर अरोड़ा भी यहां उपस्थित रहे। ओमप्रकाश कथूरिया ने ओम स्वीट्स की ओर से प्रसाद वितरित किया।


पटौदी से विधायक सत्यप्रकाश जरावता के दादा बनने की खुशी में परिवार को शुभकामनाएं देते सरपंच सुंदर लाल यादव।

# दादा बने विधायक जरावता को सरपंच सुंदर लाल ने दी बधाई

### विधायक के बेटे रोहित जरावता को हुई है पुत्री रत्न की प्राप्ति


पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**पटौदी** के विधायक सत्यप्रकाश जरावता को दादा बनने पर सरपंच एसोसिएशन गुरुग्राम के अध्यक्ष एवं पंचायती राज प्रकोष्ठ भाजपा के जिला संयोजक सुंदर लाल यादव ने बधाई दी। विधायक के पुत्र रोहित जरावता को पुत्री हुई है।

पुत्री जन्म के छठे दिन सरपंच सुंदर लाल यादव ने विधायक की पत्नी सरला जरावता व छोटे भाई शीतला जरावता से मुलाकात करके परिवार को शुभकामनाएं दी। सरपंच सुंदर लाल अपने साथियों विजय पाल सरपंच नाहरपुर, लक्ष्मण सरपंच नखड़ोला, हरजस सरपंच रामपुरा, दयाराम चेयरमैन, धर्मबीर यादव, मैपस्को कासा बेला, पंकज यादव रामपुरा, दीपक यादव, सोनू यादव, गोल्डन यादव, नवीन यादव, मोगली यादव, रमित यादव के साथ विधायक के घर शुभकामनाएं देने पहुंचे। परिवार को शुभकामनाएं देते हुए सरपंच सुंदर लाल ने कहा कि बेटियों के प्रति मान-सम्मान बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेटी-बचाओ, बेटी पढ़ाओ का हरियाणा की धरती से शुरू किया गया अभियान आज बेटियों के लिए वरदान साबित हुआ है। उन्होंने कहा कि बेटियों घर का मान, सम्मान होती हैं। बेटियां घर की लक्ष्मी होती हैं। आज हर समाज से बेटियों ने देश का सम्मान बढ़ाया है। पुलिस, सेना, अंतरिक्ष, रेल, हवाई जहाज समेत अनेक क्षेत्रों में बेटियों का जलवा नजर आता है।

## संक्षिप्त समाचार

### गूंजे गीता के श्लोक, मंत्रोच्चारण के बीच हुआ गीता महायज्ञ



**गुरुग्राम।** गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंदजी महाराज की प्रेरणा से अपैरल हाउस में 108 कुंडीय गीता महा यज्ञ का आयोजन किया गया। इस आयोजन में जहां 108 परिवारों ने आहुति दी। इस अवसर पर गुरुदेव स्वामी ज्ञानानन्दजी ने अर्जुन स्तुति पर बोलते हुए कहा आज के समाज को अपने व्यवहार में तीन-ए अपनाने की जरूरत है। पहला अलर्ट, दूसरा अवेयर और तीसरा अटैंटिव। इस से ही जीवन में स्ट्रेस की समाप्ति होगी और समर्पण भी आएगा। अगर आप अलर्ट रहेंगे, वातावरण के प्रति अवेयर रहेंगे और सामने वाले का पक्ष सुनने के लिए आप विशेष ध्यान देंगे तो जीवन में कभी तनाव नहीं आएगा। अपने काम को बेहतरी से कर पाएंगे। इस कार्यक्रम में लोकेशव श्रीजी द्वारा लिखी गई पुस्तक आई मैट द गॉड मैनी ए टाइम्स (द मॉडर्न भगवद गीता) का विमोचन भी स्वामी ज्ञानानंद ने किया। साक्षी के भजनों ने भी समा बांध दिया। कार्यक्रम में कैनविन फाउंडेशन के संस्थापक डा. डीपी गोयल, सह-संस्थापक एवं पर्यावरण विभाग भाजपा के प्रदेश प्रमुख नवीन गोयल बतौर मुख्य अतिथि रहे। इस कार्यक्रम में सतपाल अरोड़ा, संजीव लूथरा, प्रेम प्रकाश नारंग, सहकारिता प्रकोष्ठ बीजेपी से प्रमोद सलूजा, टैगोर स्कूल से राखी यादव, अलका दलाल, राज देवेश, कृष्ण कृपा सेवा समिति से गोबिंद लाल आहूजा, सुभाष गाबा, प्रेम पोपली, पंकज पाठक, आशीष गुप्ता, लक्ष्मण यादव समेत काफी भक्तजन उपस्थित रहे।

### वरिष्ठ अधिवक्ता एवं पार्षद राजकुमार गोयल का निधन


स्वर्गीय राजकुमार गोयल।

**सोहना।** नगर परिषद के वार्ड-15 के पार्षद वरिष्ठ अधिवक्ता एवं पूर्व चेयरमैन राजकुमार गोयल का लंबी बीमारी के चलते बुधवार को स्वर्गवास हो गया। उनकी अंतिम यात्रा में भारी संख्या में जनसमूह था। शहर के वार्ड-15 के पार्षद राजकुमार गोयल पिछले कई माह से बीमार चल रहे थे। जिन्होंने बुधवार की तड़के आखिरी सास ली। स्वर्गीय राजकुमार गोयल 2022 में हुए नगर परिषद के पार्षद चुनाव में दूसरी बार पाषद बने थे। इससे पहले राजकुमार गोयल नगर पालिका कार्यकाल में चेयरमैन भी रहे थे। राजकुमार गोयल अधिवक्ता भी रहे थे। जिनकी गिनती गुरुग्राम व सोहना बार में वरिष्ठ अधिवक्ताओं में रही है। राजकुमार गोयल की पत्नी भी कुसुम गोयल पार्षद रह चुकी है। स्वर्गीय राजकुमार गोयल की अंतिम यात्रा में नगर परिषद के पार्षदगण, चेयरपर्सन, शहर के गणमान्य नागरिक, सोहना और गुरुग्राम बार से पदाधिकारी समेत भारी संख्या में अधिवक्ताओं ने भाग लिया।

# किसान फसल बेचने के लिए पोर्टल पर पंजीकरण कराएं : एसडीएम

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

> **किसान** को अपनी फसल बेचने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं आने दी जाएगी। सरकार के आदेशानुसार किसान का एक-एक दाना खरीदा जाएगा।
>
> **प्रदीप मलिक, एसडीएम**

**गेहूं** फसल बिक्री के लिए किसान अपना पंजीकरण पोर्टल पर करा सकेंगे। जिसके लिए मार्केट कमेटी कार्यालय में विशेष काउंटर बनाया गया है। ताकि किसान को फसल बिक्री में किसी प्रकार की परेशानी न हो। क्षेत्र के जो किसान अपनी गेहूं की फसल बिक्री के लिए पोर्टल पर किन्ही कारणवश पंजीकरण नहीं करा सके है। ऐसे किसानों को एक बार फि र से अपनी फसल का पंजीकरण का अवसर दिया जा रहा है।

ऐसे किसान अपनी गेहूं की फसल बिक्री से पहले मार्केट कमेटी कार्यालय में जाकर पंजीकरण करा सकते हैं। जिससे किसानों को अपनी गेहूं की फसल बिक्री कराने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी। अनाज मंडी में किसान को पंजीकरण कराने के बाद गेट पास आसानी से मिल सकेगा। राजस्व विभाग को जारी किए आदेश एसडीएम प्रदीप मलिक ने राजस्व विभाग को फसल बिक्री के लिए पंजीकरण कराने वाले किसनों की फसल का सर्वे करने के आदेश जारी कर दिए हैं। जिसका तत्काल में ही सर्वे होगा। सर्कल पटवारियों को भी कार्य में किसी प्रकार की कोताही न बरतने के निर्देश जारी कर दिए हैं।

## बदमाशों ने दिनदहाड़े युवक की छाती में मारी गोली

**गुरुग्राम।** यहां सेक्टर-44 में कुछ बदमाशों ने दिन-दहाड़े एक युवक को गोली मार दी। घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू की। जानकारी के अनुसार बुधवार की दोपहर करीब 12 बजे एक युवक जा रहा था। जैसे ही वह रमाडा होटल के पास पहुंचा, इसी बीच मौका पाकर कुछ बदमाश आए और युवक पर गोली दाग दी। एक गोली उसकी छाती में लगी और वह गिर गया।

मौके पाकर हमलावर वहां से फरार हो गए। राहगिरों ने घायल युवक को उठाकर अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस भी सूचना पाकर मौके पर पहुंची। पुलिस ने जांच-पड़ताल शुरू की। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी खंगालने शुरू किए हैं, ताकि गोली मारने वालों की पहचान की जा सके।

# कर्मियों को सफाई के लिए सभी उपकरण उपलब्ध कराएं : आयोग

पायनियर समाचार सेवा। सोहना।


सफाई आयोग की उपाध्यक्ष अंजना पवार।

राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग की उपाध्यक्षा अंजना पवार ने कहा कि सफ ाई के कार्य में लगे सफाई कर्मियों के स्वास्थ्य की जांच चार में माह में एक बार होना बहुत ही जरूरी है। जिससे सफ ाई कर्मियों को होने वाली जान लेवा बीमारियों का समय पर पता लगने से उपचार हो सके। नगर परिषद के अधिकारियों को आयोग की उपाध्यक्षा ने सफ ाई कर्मियों की छोटी-छोटी समस्याओं का समय पर निपटान करने की सलाह दी।

मंगलवार को राष्ट्रीय सफ ाई कर्मचारी आयोग की उपाध्यक्षा अंजना पवार ने अरावली पहाड़ी पर बना हरियाणा टूरिज्म कॉम्पलेक्स पर सफाई कर्मियों के साथ बैठक की। इस अवसर पर नगर परिषद के अधिकारी भी मौजूद थे। अंजना पवांर ने सफाई कर्मियों की समस्याओं को सुनने के बाद परिषद के अधिकारियों को मानवता का पाठ पढ़ाया। अंजना पवार ने बात ही बातों में परिषद के अधिकारियों को भले ही फटकार न लगाई हो। लेकिन सफाई कर्मियों की छोटी-छोटी समस्याओं को नजरअंदाज करने और उनके जीवन में आने वाली परेशानियों का समय रहते समाधान न करने की सलाह दी। सफाई कर्मियों का हर चार माह में एक बार पूरे शरीर का चैकअप होना जरुरी। सफ ाई कर्मियों को सफ ाई के लिए सभी प्रकार के उपकरण उपलब्ध कराना। ड्यूटी पर रहते हुए उनके सभी प्रकार के कागजातों में पाई जाने वाली कमियों को सही करना। सफ ाई कर्मियों का ईएसआई का कार्ड बनवाना आदि परेशानियों पर गौर देने की बात कही। उपाध्यक्षा अंजना पवांर ने कड़ें शब्दों में कहा कि जबकि मैला उठाने व साफ करने वाले कर्मचारी के जीवन से खिलवाड़ किया जाएगा।

# गुरुग्राम जिला में घरेलू कामगारों का तैयार होगा डेटाबेस

### डीसी निशांत कुमार यादव ने जारी किए आदेश

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम



**घरेलू** कामगारों के कानूनी अधिकारों के संरक्षण व कल्याण के लिए जिला प्रशासन, गुरुग्राम द्वारा डेटा बेस तैयार किया जाएगा। राष्ट्रीय अनुसूचित जन जाति आयोग ने इस संदर्भ में जिला प्रशासन को निदेज़्श जारी किए हैं, जिनकी अनुपालना जिला में सुनिश्चित की जा रही है।

डीसी निशांत कुमार यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला प्रशासन व पुलिस विभाग के साथ समन्वय स्थापित करते हुए जिला में सक्रिय रेजिडेंट वैलफेयर एसोसिएशन (आरडबल्यूए) अपने-अपने क्षेत्र के घरों में काम करने वाले कामगारों का डेटा उपलब्ध कराएंगी। इसके साथ घरेलू कामगार उपलब्ध कराने वाली प्लेसमेंट एजेंसियां व घरेलू नियोक्ता भी इस संदभज़् में आरडब्ल्यूए को जानकारी उपलब्ध कराएंगे। यह डेटा बेस घरेलू कामगारों के कानूनी अधिकारों व हितों के संरक्षण के लिए एकत्रित किया जाएगा।

**डेटाबेस में यह जानकारी करानी होंगी उपलब्ध**

उन्होंने डेटाबेस में दर्ज की जाने वाली जानकारी के बारे में बताते हुए कहा कि घरेलू कामगारों के नाम, लिंग, समुदाय, घर का स्थाई पता, फोन नंबर, आधार कार्ड (आधार कार्ड न होने पर संबंधित एजेंसी व नियोक्ता द्वारा कामगार को आयु के विवरण सहित पहचान पत्र उपलब्ध कराना सुनिश्चित करना होगा।) इन आदेशों की पालना सुनिश्चित कराने के लिए जिला रजिस्ट्रार (फर्म एवं सोसायटी) जवाबदेह होंगे और एक माह के भीतर अनुपालना रिपोर्ट भी प्रस्तुत करनी होगी।

> **कानूनी अधिकारों के संरक्षण की निगरानी**
>
> **डीसी** ने बताया कि घरेलू कामगारों के कल्याण व कानूनी हितों के संरक्षण के लिए समय-समय पर जिला प्रशासन की टीम जांच भी करेगी। इस टीम में महिला एवं बाल विकास विभाग तथा पुलिस के प्रतिनिधि शामिल होंगे। साथ ही आरडब्ल्यूए भी अपने आवासीय परिसरों में इस कार्य की निगरानी करेंगे और किसी प्रकार से नियमों का उल्लंघन होने पर रिपोर्ट करेंगे। इसके साथ ही घरेलू कामगारों विशेषकर समाज के वंचित समुदायों जोकि महिलाएं, अनुसूचित जनजाति व प्रवासी श्रमिक आदि के कानूनी अधिकारों को लेकर जागरुकता अभियान भी चलाया जाएगा।

## संयुक्त टीम ने अवैध मलबा डालने पर की कार्रवाई

**गुरुग्राम।** सार्वजनिक स्थानों, सड़कों के किनारों, ग्रीन बैल्ट क्षेत्रों तथा हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की खाली जमीनों पर सीएंडडी वेस्ट यानी मलबा डालना दंडनीय अपराध है। इस अपराध में सीएम फ्लाईंग, नगर निगम व एचएसवीपी की संयुक्त टीम ने छापेमारी करके अवैध मलबा डालने वालों पर कार्रवाई की। सेक्टर-29 क्षेत्र में एक पांच सितारा होटल के नजदीक एचएसवीपी की भूमि पर अवैध रूप से मलबा डालने वाले 5 वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

यह कार्रवाई सीएम फ्लाईंग, नगर निगम गुरुग्राम तथा एचएसवीपी की संयुक्त टीम द्वारा की गई। टीम ने मौके पर पहुंचकर 5 ट्रैक्टर-ट्रॉली को अवैध रूप से मलबा डालते हुए पकड़ा तथा सेक्टर-29 थाने में इंपाऊंड करवाने की कार्रवाई की। इसके साथ ही टीम द्वारा संबंधित वाहन मालिकों/चालकों के खिलाफ नियमों में निहित धाराओं के तहत एफआईआर भी दर्ज करवाई है।

# सिकंदरपुर बढ़ा के स्कूल में मां सरस्वती की प्रतिमा लगाने को हुआ भूमि पूजन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



**गांव** सिकंदरपुर बढ़ा के सरकारी स्कूल में मां सरस्वती की भव्य प्रतिमा लगाई जाएगी। इसके लिए स्कूल परिसर में भूमि पूजन व हवन करके प्रतिमा लगाने के कार्य की शुरुआत की गई। यह प्रतिमा समाजसेवी प्रदीप यादव पुत्र जगदीश यादव निजी कोष से लगवा रहे हैं।

इस अवसर पर शिवनारायण यादव, महाबीर यादव, जयनारायण यादव, प्रेम यादव, हेतराम यादव सहित अनेक गांव के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। समाजसेवी प्रदीप यादव की ओर से इस नेक कार्य के लिए उन्हें बधाई देते हुए कहा कि शिक्षा के मंदिर में मां सरस्वती की प्रतिमा लगाना सराहनीय कार्य है। विद्या की देवी मां सरस्वती के समक्ष नतमस्तक होकर बच्चे जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा लेते हैं। उन्होंने कहा कि स्कूलों में मां सरस्वती की प्रतिमा तो होनी ही चाहिए। शिक्षा का वरदान हमें मां सरस्वती से ही मिलता है। उन्होंने शिक्षकों से आह्वान किया कि वे बच्चों को अपनी संस्कृति और संस्कारों का ज्ञान जरूर दें। स्कूली शिक्षा बच्चों के लिए महत्वपूर्ण होती है। इस शिक्षा में ही बच्चों में अच्छे संस्कार पैदा किए जा सकते हैं। सरपंच सुंदर लाल ने कहा कि सरकारी स्कूलों में शिक्षा का स्तर बेहतर हो चुका है। सुविधाओं से वंचित रखे गए सरकारी स्कूलों में अब सरकार और निजी क्षेत्र की मदद से बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर मिला है।

# फ्रांस में दिव्यांग भारतीयों के कौशल की लहर 10वें एबिलिम्पिक्स में भारत ने जीते 7 मेडल

### अनुराग ठाकुर एवं डॉ. वीरेंद्र कुमार ने विजेताओं को सम्मानित किया

पायनियर समाचार सेवा। गुरूग्राम



**कई** वर्षों तक अंतर्राष्ट्रीय एबिलिम्पिक्स में हिस्सा लेने के बाद भारत ने मार्च 23-26 को फ्रांस के मैट्ज शहर में दिव्यांग व्यक्तियों के लिए आयोजित वैश्विक कौशल प्रतियोगिता-10वें अंतर्राष्ट्रीय एबिलिम्पिक्स में 7 मेडल जीतकर अपना अब तक का सर्वोत्तम प्रदर्शन करते हुए नया इतिहास दर्ज किया है। इंटरनेशनल एबिलिम्पिक्स 2023 के भारतीय दल को टाटा पावर ट्रेडिंग कंपनी लिमिटेड और पावरलिंक ट्रांसमिशन लिमिटेड, डीईपीडब्ल्यूडी, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित और समर्थित किया गया था। इसके अलावा 37 सदस्य देशों में से भारत को अंतर्राष्ट्रीय एबिलिम्पिक्स फेडरेशन (आईएएफ) के 8 कार्यकारी समिति सदस्यों में से एक के रूप में चुना गया है।

विभिन्न कौशल-आधारित प्रतियोगिताओं में भारत के 13-सदस्यीय दल द्वारा जीते गए 7 मेडल में एक स्वर्ण, दो रजत, तीन कांस्य और एक उत्कृष्टता पुरस्कार शामिल है। फ्रांस में भारतीय तिरंगा लहराने वाले एबिलिम्पिक्स पदक विजेताओं को श्री अनुराग ठाकुर, माननीय केंद्रीय मंत्री, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय और डॉ. वीरेंद्र कुमार, केंद्रीय मंत्री, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने दिल्ली में स्वागत कर उन्हें सम्मानित किया। डॉ. वीरेंद्र कुमार ने कहा, आपकी उपलब्धियां हम सभी के लिए बड़ी प्रेरणा है। इसी प्रकार चमकते रहें और बाधाओं को तोड़कर आगे बढ़ते रहें।

# इन्फिनिक्स HOT 30i केवल 8,999 रु में दे रहा प्रीमियम लुक्स और दोगुनी रैम के साथ एक प्रो की तरह मल्टीटास्क का मौका

### 90 हर्ट्ज़ 6.6 एचड़ी फुल व्यू डिस्प्ले के साथ 16जीबी तक रैम और 128जीबी तक स्टोरेज

पायनियर समाचार सेवा। करनाल



**वो** दिन बीत गए जब कम बजट का स्मार्टफोन खरीदने वाले ग्राहकों को क्वालिटीए स्टोरेज क्षमता या फिर स्मार्टफोन की खूबसूरती के मामले में मन को मारना पड़ता था। इन्फिनिक्स की नई विशेषताओं से भरपूर हॉट सीरीज़, हॉट 30आई (HOT 30i ) सभी अपेक्षाओं को पीछे छोड़ देगी। इन्फिनिक्स की यह गेम.चेंजिंग डिवाईस मल्टी.टास्किंग के लिए सर्वश्रेष्ठ है क्योंकि इसमें आकर्षक रूप के साथ दोगुनी मैमोरी है। लॉन्च के दिन 8,999 रु के विशेष मूल्य में 16 जीबी की एक्सपैंडेबल मैमोरीए 128जीबी की स्टोरेजए प्रीमियम डायमंड पैटर्न डिज़ाईनए शक्तिशाली बैटरी और 50 मेगापिक्सल के ड्युअल एआई कैमरा एवं बेहतर सुरक्षा के साथ हॉट 30आई (HOT 3 0 i ) #SmartphonesKaBaap है।

**यह डिवाईस 4 रंगों:** ग्लेशियर ब्लू, मिरर ब्लैक, और डायमंड व्हाईट में प्रीमियम-.ग्लास फिनिश और मैरीगोल्ड में लैदर लाईक डिज़ाईन में उपलब्ध है।

अनीष कपूर, सीईओ-इन्फिनिक्स इंडिया ने कहा, इन्फिनिक्स में हमारा ध्यान हर नए स्मार्टफोन के साथ उपयोगी इनोवेशंस द्वारा यूजर्स का अनुभव बेहतर बनाने पर है। अपनी हॉट सीरीज़ में हमने फुली.लोडेड किफायती डिवाईसेज की श्रृंखला का विकास किया है, जिसमें अनेक अतिरिक्त विशेषताएं हैं। इस सीरीज़ में हमारे द्वारा लॉन्च की गई हर नई डिवाईस में फिस्ट (फर्स्ट इन सेगमेंट टेक्नॉलॉजी) विशेषताएं प्रदान की जाती हैं। लेकिन हॉट 30आई (HOT 30i) में हम इनोवेशन को और ज्यादा बेहतर बना रहे हैं। यह डिवाईस किफायत पसंद स्मार्टफोन यूज़र्स की सभी अपेक्षाओं से बेहतर है।

# ओलावृष्टि से खंड के 6 गांवों में 25 फीसदी फसलों को नुकसान : एसडीएम

पायनियर समाचार सेवा। सोहना


प्रदीप मलिक, एसडीएम सोहना।

**राजस्व** और कृषि विभाग अधिकारी संयुक्त रूप से ओलावृष्टि से फसलों को हुए नुकसान की गिरदावरी करेंगे। पहली सर्वे रिपोर्ट में खंड के छह गांवों में हुई गिरदावरी से किसानों को ओलावृष्टि से फसलों में 25 फीसदी का नुकसान हुआ है। किसान द्वारा पोर्टल पर किए गए फसल नुकसान पंजीकरण के आधार पर मौके पर सर्वे टीम जाएगी।

क्षेत्र में 19 मार्च को तेज आंधी और बारिश के साथ हुई ओलावृष्टि होने से गेहूं और सरसों की फसल को भारी नुकसान हुआ था। ओलावृष्टि से फसलों को हुए नुकसान का मुआवजा देने के लिए प्रदेश मुख्यमंत्री ने तुरन्त प्रभाव से घोषणा कर दी थी। राज्य सरकार ने किसानों की फसलों को हुआ नुकसान की सर्वे करने के लिए राजस्व और कृषि विभाग को एक साथ मिलकर करने की जिम्मेदारी सौंपी है। जबकि राजस्व विभाग ने शुरूआत में अपने सभी सर्कल क्षेत्र में आने वाली ग्राम पंचायतों में ओलावृष्टि से फसलों को हुआ नुकसान की सर्वे की जा चुकी है। किसानों को फसलों से हुआ नुकसान की गिरदारी करने के लिए राजस्व विभाग के साथ कृषि विभाग की जिम्मेदारी लगाई है। पहले चरण में 6 गांवों की रिपोर्ट फसलों की गिरदावरी रिपोर्ट आनी शुरू हो गई है। पहले चरण में आई सोहना समेत पांच अन्य गांव रायपुर, जखोपुर, सिलानी, लाखूवास और सांचौली में ओलावृष्टि से 25 फीसदी नुकसान हुआ है।

# एसवीसी एंड लहरी ने फरीदाबाद में अपना प्रोजेक्ट अर्बन ब्लॉसम लॉन्च किया

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**एसवीसी** एंड लहरी ने एनसीआर के बीचोबीच फरीदाबाद में अपना प्रोजेक्ट लॉन्च किया। यह हैदराबाद के प्रतिष्ठित डेवलपर है इनका क्वालिटी कंस्ट्रक्शन और टाइम पर डिलीवरी देने का दो दशकों का सिद्ध ट्रैक रिकॉर्ड है। यह कंपनी अब फरीदाबाद में अपने नए लॉन्च अर्बन ब्लॉसम के साथ आ रही है। यह प्रोजेक्ट दिल्ली आगरा एनएच2 और एनएचपीसी मेट्रो स्टेशन से सिर्फ 2 मिनट की दूरी पर है। ग्रीनफील्ड प्रोजेक्ट दक्षिण दिल्ली से बहुत अच्छे से कनेक्टेड है।

यह प्रोजेक्ट 5.01 एकड़ रेजिडेंशियल प्लॉट्स व हरियाली और 0.20 एकड़ कमर्शियल एरिया में फैली हुई है। 100.65 वर्ग मीटर से 137.71 वर्ग मीटर वर्गमीटर के आकार के साथ कुल 95 प्लॉट्स होंगे। अर्बन ब्लॉसम, जैसा कि नाम से पता चलता है, प्रकृति की थीम पर आधारित है और इसमें ग्रीन स्पेसेस, पार्क, मंदिर, बच्चों के खेलने के क्षेत्र के साथ-साथ आधुनिक सुविधाएं होंगी। अर्बन ब्लॉसम शहर के बीचो बीच होने के बावजूद भी, निवासियों को बाहरी दुनिया से डिस्कनेक्ट करने और शांति प्रदान काटने में सक्षम करेगा।

एसवीसी और लहरी ग्रुप के मार्केटिंग हेड (अर्बन ब्लॉसम) श्री सुरेन राज कुश ने कहा, यह प्रोजेक्ट किसी ऐसे व्यक्ति के लिए एकदम सही है जो मॉडर्न लाइफस्टाइल और कनेक्टिविटी से समझौता किए बिना शहर के बीच में एक शांत और सुकुन भरा जीवन जीना चाहता है। अर्बन ब्लॉसम के साथ, हम एनसीआर के लोगों को एक उन्नत और समृद्ध अनुभव देने के लिए तैयार हैं। यह स्वाभाविक रूप से निवासियों को हर बार हिमालय जाने के बिना रेजुवेनेट करने में सक्षम रहेगा।प्रोजेक्ट आधिकारिक तौर पर 30 मार्च 2023 को राम नवमी के शुभ दिन पर लांच होगा। सरकार से सभी पपरमिशन और अप्रूवल लिए जा चुके हैं। कंपनी ने दावा किया है कि यह पूरा प्रोजेक्ट महज 6 महीने की अवधि में पूरी तरह से तैयार हो जाएगा। इसे निवेशकों के लिए फायदे का सौदा भी बताया जा रहा है। आस-पास बहुत सारे स्कूल, कॉलेज, फाइव-स्टार होटल जैसे ताज विवांता, द पार्क आदि हैं। इसी तरह, अपोलो और एशियन जैसे अस्पताल हैं जो इसे अपने आप में एक पूर्ण सुविधायुक्त बनाते हैं।

# स्मार्ट सिटी : बरसात में फिर उभर आती हैं शहर की समस्याएं

कविता। फरीदाबाद


बुधवार शाम को हुई बरसात का दृश्य


सेक्टर-3 नहर किनारे लगा गंदगी के ढ़ेर में बैठे आवारा पशु, यह गंदगी नहर में भी गिरती नजर आई

**स्मार्ट** सिटी सिर्फ नाम की है वरना इसकी तस्बीर कुछ अलग ही है। बरसात के दिनों में जहां एक तरफ सड़कों के गड्ढों से आए दिन बाइक सवार और पैदल यात्री गिर कर घायल हो रहे हैं। बुधवार की शाम को भी अचानक बरसात शुरू होने से सड़कें जलमग्न हो गई और रास्तों का बुरा हाल हो गया। दूसरी तरफ शहर के नाले के आसपास गदंगी के ढेर स्मार्ट सिटी पर बदनुमा दाग लगा रहे हैं।

शहर में मंदिर, गुरूद्वारों, स्कूल, कॉलेजों, अस्पताल, डिस्पेंसरियों, सब्जी मंडियों, खेल के मैदानों के निकट, सड़कों के किनारे, आश्रमों के निकट सभी स्थानों पर गंदगी के ढेर देखने को मिल रहे हैं। शहर का ऐसा कोई कोना नहीं है, जहां गंदगी का ढेर न लगा हो।

**पूरा शहर गंदा:** नगर निगम ने शहर से कचरा उठाने का ठेका ईकोग्रीन को दिया हुआ है। शहर को साफ करने की जिम्मेदारी ईकोग्रीन के कर्मचारी अगर ठीक तरह से उठा रहे हैं तो फिर शहर में जगह-जगह कचरे के ढेर क्यों लगे हैं। इस पर जब शहर के निवासियों से बात की गई, तो सच सामने आया कि शहर का ऐसा कोई कोना नहीं है, जहां गंदगी न मिले।

लोगों का कहना है कि ईकोग्रीन की गाड़ियां सुबह समय पर नहीं आती। वहीं औद्योगिक नगरी होने के कारण अधिकांश लोग नौकरीपेशा हैं। यदि गाड़ियां नहीं आती तो वह कचरा सड़क किनारे डालने को मजबूर हो जाते हैं। जिससे कचरे का ढेर लग जाता है। जोकि शहर में बदनुमा दाग के बराबर है। कुछ लोगों ने कहा कि यह कचरा पशुओं के पेट में जाकर उन्हें भी बीमार कर रहा है।

**टूटी सड़कें:** नगर निगम और एफएमडीए एक ही सड़क का दो-दो बाद टैंडर जारी कर देते हैं, लेकिन जो सड़कें बन रही हैं, वह खस्ता हाल हो रही हैं। वहीं दूसरी तरफ जर्जर सड़कों की रिपयेरिंग न होने से सड़कों पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। बरसात के दिनों में तो स्थिति भयानक हो जाती है। गड्ढों के भीतर पानी भरने से हादसे होते रहते हैं। राहगीरों ने बताया कि यदि विभाग दिखावा और दो बार टैंडर करने की बजाय सड़कों की रिपयेरिंग ही करवा दें तो नागरिक हादसों का शिकार होने से बच जाएंगे।

# कोरोना ने फिर बढ़ाई चिंता, स्वास्थ्य विभाग ने की निजी अस्पतालों संग बैठक

## जिले में बुधवार को 16 पॉजिटिव, पांच हुए स्वस्थ्य

कविता। फरीदाबाद


निजी अस्पतालों के प्रतिनिधियों संग बैठक करते कोरोना के जिला नोडल अधिकारी डॉ. राम भगत।


बीके अस्पताल स्थित कोरोना जांच की प्रयोगशाला।

**जिले** में कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए अप्रैल के दूसरे सप्ताह में जल्दी ही कोरोना को लेकर ऑनलाइन मॉकड्रिल का आयोजन किया जाएगा। मॉकड्रिल में किन-किन चीजों का डाटा ऑनलाइन भेजना है तथा कोरोना के मरीजों की संख्या बढ़ने पर उसके मुताबिक अस्पतालों में किस तरह की सुविधाएं जुटनी हैं। इसे लेकर बुधवार को कोरोना के जिला नोडल अधिकारी डॉ. रामभगत ने निजी अस्पताल के प्रतिनिधियों के संग एक बैठक की। जिसमें उन्हें 11 तरह के दिशा-निर्देश दिए।

**16 की मरीजों की पुष्टि :** बुधवार को कोरोना के 16 पॉजिटिव मरीजों की पुष्टि हुई है। पिछले 10 दिनों से लगातार कोरोना के मामले बढ़ते जा रहे हैं। सोमवार को जहां 10 पॉजिटिव मरीज थे, वहीं मंगलवार को 11 पॉजिटिव सामने आए थे। बुधवार को सबसे ज्यादा 16 पॉजिटिव मरीजों की पुष्टि जिला स्वास्थ्य विभाग ने की है। लेकिन राहत की बात यह है कि जिले में पांच पॉजिटिव मरीजों की रिपोर्ट नेगेटिव आई है। जिले में पॉजिटिव मरीजों की संख्या का आंकड़ा 69 पर पहुंच गया है। जिले में फिलहाल होम आईसोलेशन में 64 और पांच मरीज अस्पताल में भर्ती है। जिले में पिछले 24 घंटे में कोरोना के 224 सैम्पल जांच किए गए। फिलहाल सरकारी अस्पतालों के 59 और निजी अस्पतालों के 34 मरीजों की रिपोर्ट आनी शेष है।

**ये था बैठक का एजेंडा:** डॉ. रामभगत ने बताया कि मॉकड्रिल का मुख्य उद्देश्य अस्पताल में उपलब्ध बिस्तरों/वेंटिलेटरों की उपलब्धता समेत मरीजों को परेशानी न हो, इसके लिए ऑनलाइन बिस्तरों का रिकार्ड दर्शाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही रोगियों के उचित रिकार्ड के अलावा सरकार के निर्देशानुसार 50 प्रतिशत बिस्तर का आरक्षण भी उपलब्ध करवायें। अस्पताल में दवा उपलब्ध हो, मरीजों के परिजनों से न मंगवाई जाए। ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज के लिए एनेस्थेटिस्ट की सेवा और प्रतिनियुक्ति और बेड एवं वेंटीलेटर शुल्क का कड़ाई से अनुपालन करने के निर्देश दिए। मरीजों को रेफर करने से पहले सूचना देने तथा ईएसआईसी से टाईअप करने के निर्देश जारी किए।

गंभीर मरीजों को रेफर करने से पहले निजी अस्पताल स्थिर करके भेंजे। रेफर मरीजों के लिए एम्बुलेंस उपलब्ध करवाये, इमरजेंसी में भी एम्बुलेंस उपलब्ध करवाये। मरीजों को रेफर या डिस्चार्ज करने पर एमओ से संपर्क करें। ऑनलाइन पर हमेशा अपडेट रहे। बाल रोगियों के लिए अस्पतालों में विशेष प्रबंध करें। वेंटिलेटर का उपयोग समय पर ही करें।


विकास योजनाओं और परियोजनाओं का निरीक्षण करते डीसी कम सीईओ स्मार्ट सीटी विक्रम सिंह।

# विकास कार्यों में देरी होने पर ठेकेदारों पर लगाएं जुर्माना: उपायुक्त

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**डीसी** एवं स्मार्ट सिटी के सीईओ विक्रम सिंह ने बुधवार को शहर में चल रही स्मार्ट सिटी परियोजना से संबंधित विभिन्न विकास योजनाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि जिन भी विकास कार्यों में देरी हो रही है वहां ठेकेदारों पर सख्त से सख्त पेनल्टी लगाई जाए।

उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी विकास कार्यों की गुणवत्ता का लगातार निरीक्षण करें। वह सभी विकास योजनाओं को समय पर पूरा करवाना सुनिश्चित करें। इस दौरान उनके साथ डीसीएम अरविंद सिंह, डीसीएम कुलदीप सिंह, तकनीकी अधिकारी और ठेकेदार भी साथ में मौजूद रहे। डीसी एवं स्मार्ट सिटी के सीईओ विक्रम सिंह ने बुधवार को दोपहर बाद सबसे पहले सैक्टर -16 मण्डी वाली सडक पर स्ट्रीट लाइटिंग, इल्क्ट्रीकल वर्क, रोड, फुटपाथ, ग्रिल सहित तमाम पहलुओं पर बारीकी से समीक्षा की। इसके उपरान्त सैक्टर-11 के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का जायजा लेकर एक एक करके सभी डिस्पोजल मोटर पैम्प सेटों की कार्य प्रणाली जांच की। वहां पर कौन सा पम्प कितना पानी फेंकता है और वर्तमान में कितना पानी है। इसके बाद सैक्टर-11 व सैक्टर -12 डिवाइडिंग रोड का निरीक्षण करके अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। इसके उपरान्त सैक्टर-21 के विवेकानन्द पार्क का निरीक्षण कर ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट करने के आदेश दिए।

# बहुभाषी इंटरनेट यूजर इंटरफेस उपलब्ध कराना जरूरी




पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**यूनिवर्सल** एक्सेप्टेन्स डे के मौके पर भुवनेश्वर कुमार, आईएएस, अपर सचिव, MeitY ने कहा कि देश में डिजिटल अंतराल को दूर करने के लिए बहुभाषी इंटरनेट यूजर इंटरफेस उपलब्ध कराना बहुत ज़रूरी है। वे दो दिवसीय युनिवर्सल एक्सेप्टेन्स डे के कर्टेन रेज़र के दौरान बात कर रहे थे, जिसका आयोजन MeitY के तत्वावधान में गैर-लाभ कंपनी (NIXI) नेशनल इंटरनेट एक्सचेंज ऑफ इंडिया द्वारा किया गया। कार्यक्रम 27 और 28 मार्च को आयोजित किया गया था। यह कार्यक्रम समावेशी एवं बहु-भाषी इंटरनेट के लिए सहयोगात्मक प्रयासों को बढ़ावा देगा। काननीय केन्द्रीय विद्युत एवं सूचना प्रोद्यौगिकी मंत्री राजीव चन्द्रशेखर ने इस अनूठी पहल की सराहना की।

युनिवर्सल एक्सेप्टेन्स के महत्व पर बात करते हुए भुवनेश्वर कुमार, आईएएस, अपर सचिव, MeitY ने कहा, ''भारत में कई भाषाएं बोली जाती हैं, देश में 22 भाषाओं को आधिकारिक पहचान दी गई है और यह अपने आप में बहुत बड़ी उपलब्धि है। देश में इंटरनेट का इस्तेमाल करने वाले यूज़र्स की संख्या सबसे अधिक है, लेकिन इस बात पर ध्यान देना होगा कि भाषा की बाधा के चलते ऐसे बहुत से लोग इंटरनेट का इस्तेमाल नहीं कर पाते, जो अंग्रेज़ी बोलना नहीं जानते।

# मानव रचना एडवाइजरी बोर्ड की बैठक

## संकायों और छात्रों के साथ इंटरएक्टिव संवाद

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



एडवाइजरी बोर्ड की चौथी बैठक की अध्यक्षता करते पद्म विभूषण डॉ. करण सिंह

**मानव** रचना यूनिवर्सिटी ने हाल ही में मानव रचना परिसर में मानव रचना सेंटर फॉर पीस एंड सस्टेनेबिलिटी के लिए अपनी चौथी एडवाइजरी बोर्ड बैठक आयोजित की। एडवाइजरी बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. करण सिंह जी ने बैठक की अध्यक्षता की।

मीटिंग में डॉ. प्रशांत भल्ला, अध्यक्ष, मानव रचना शिक्षण संस्थान, डॉ. एनसी वाधवा, महानिदेशक, एमआरईआई, डॉ. संजय श्रीवास्तव, वीसी, एमआरआईआईआरएस, डॉ. आईके भट, वीसी, एमआरयू, डॉ. मार्केंडेय राय, वरिष्ठ सलाहकार, यूएन हैबिटेट; लेफ्टिनेंट जनरल आनंद, डीजी, एमआरआईआईआरएस, भारत सोका गक्कई (बीएसजी) के अध्यक्ष और निदेशक मंडल श्री विशेष गुप्ता; डॉ. मुजफ्फर अहमद, पूर्व सदस्य एनडीएमए; लेफ्टिनेंट जनरल एस.पी. कोचर, सेवानिवृत्त सिग्नल ऑफिसर इन चीफ-इंडियन आर्मी, डॉ. कामेश्वर सिंह, रजिस्ट्रार, एमआरयू; और परिसर से अन्य वरिष्ठ गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। एमआरसीपीएस कई अनूठे कार्यक्रमों के माध्यम से शांतिपूर्ण नए भारत का निर्माण करने के लिए युवाओं को विकसित करके शांति और स्थिरता के बारे में जागरूकता और ज्ञान फैलाने में गर्व महसूस करता है। डॉ. करण सिंह और अन्य प्रसिद्ध बोर्ड सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति में, और संकाय सदस्यों के मार्गदर्शन में मानव रचना विश्वविद्यालय द्वारा किए गए कार्यों की चर्चा के साथ बैठक आगे बढ़ी। डॉ प्रशांत भल्ला ने साझा किया कि शिक्षा परिवर्तन के उद्देश्य का नेतृत्व करती है और इसके उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए मानव रचना ऐसे केंद्रों का निर्माण कर रही है जो पर्यावरण में स्थिरता को समझते हैं। डॉ करण सिंह जी ने 3 बिंदुओं पर जोर दिया- मजबूत अंतर-विश्वास, जलवायु परिवर्तन के लिए पर्यावरण आंदोलन और समाज की बेहतरी के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग और एक ऐसी दुनिया का निर्माण करना जहां शांति बनी रहे। केंद्र का उद्देश्य बोर्ड द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए शिक्षा, प्रशिक्षण, मूल्य निर्माण, दृष्टिकोण निर्माण, अनुसंधान, नीति निर्माण, सहयोग और नेटवर्किंग पर केंद्रित है। उपस्थित सभी सदस्यों ने इस विषय पर विचार-विमर्श किया और शांति और स्थिरता प्राप्त करने के लिए कमियों को दूर करने के उपाय सुझाए।

# इंफ्लूएंजा:संदिग्ध की रिपोर्ट आई नेगेटिव

**फरीदाबाद।** पिछले दिनों सामने आए इंफ्लुएंजा संदिग्ध मरीज की रिपोर्ट मेवात भेजे गए पांच सैम्पलों में नेगेटिव पाई गई है। इस बात की पुष्टि डिप्टी सीएमओ डॉ. रामभगत ने की है। उन्होंने बताया कि बदलते मौसम के कारण लोग बीमार हो रहे है। इसी कड़ी में पिछले दिनों एक इंफ्लुएंजा संदिग्ध मरीज सामने आया था। अब वह स्वस्थ गया है। वहीं मेवात भेजे गए 5 सैंपल भी नेगेटिव आए हैं। मरीजों को मौसमी बुखार बताया गया है।

बीते दिनों जिले में दो इंफ्लुएंजा संक्रमित मरीजों के मिलने स्वास्थ्य विभाग सतर्क हो गया था। संदिग्ध मरीजों के सैंपल मेवात भेजे जा रहे थे, बीते दिनों भेजे गए सैंपलों की रिपोर्ट नेगेटिव आई है। यह राहत की बात है लेकिन इस बीच भी लोगों को सावधानी बरतने की आवश्यकता हैं, क्योंकि कोरोना का खतरा बढ़ने लगा है। इस बीच सबके सहयोग से महामारी से बचा जा सकता है।

# डीसीपी ने पुलिस बल के साथ निकाला पैदल मार्च

## पैदल मार्च का उद्देश्य पुलिस और जनता के बीच तालमेल बढ़ाना

प्रवीन शर्मा। फरीदाबाद


जनता को जागरूक करते डीसीपी।

**पुलिस** आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के निर्देश के तहत डीसीपी एनआईटी नरेंद्र कादयान ने आज अपनी टीम के साथ पैदल यात्रा 5.00 बजे डबुआ थाने से पैदल मार्च निकालकर आमजन से पुलिस कार्यों के बारे में फीडबैक लिया। उनकी समस्याएं सुनीं। इस अवसर पर उनके साथ एसजीएम नगर, सारन, डबुआ, कोतवाली, पर्वतीय कॉलोनी, बीपी नंबर दो इंचार्ज सहित एरिया के थाना प्रभारी अपनी पूरी टीम के साथ पैदल मार्च में मौजूद रहे।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गृह मंत्रालय व पुलिस महानिदेशक पंचकूला द्वारा दिए गए आदेश व पुलिस आयुक्त के निर्देशानुसार डीसीपी एनआईटी ने आज पुलिस फोर्स के साथ पैदल मार्च निकाला। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि इस पैदल मार्च का उद्देश्य पुलिस और जनता के बीच तालमेल बिठाकर समाज में भाईचारे की भावना को बढ़ावा देना है। इसके साथ ही बड़ी संख्या में पुलिस द्वारा पैदल मार्च निकालने पर आपराधिक किस्म के व्यक्ति के मन में पुलिस का खौफ पैदा होता है और वह अपराधिक गतिविधियां अंजाम देने से डरता है। यह पैदल पैदल यात्रा 5.00 बजे डबुआ थाना से होकर बांगा चौक, बांगा चौक, 17 नंबर चुंगी वा 17 नंबर चुंगी से 33 फुट रोड होते हुए त्यागी मार्केट, डबुआ चौक से 60 फुट रोड एयरफोर्स रोड पर समाप्त की गई।

डीसीपी द्वारा निकाले गए पैदल मार्च में उन्होंने आमजन के साथ बातचीत की। उनसे फरीदाबाद पुलिस के कार्यों के बारे में फीडबैक लिया तथा उनकी समस्याएं सुनी। थाना व चौकी क्षेत्र में रात के समय पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाने के लिए कुछ लोगों ने सुझाव दिया जिसके पश्चात डीसीपी ने थाना व चौकी प्रभारी को रात के समय नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाने के निर्देश दिए। यह पैदल मार्च फरीदाबाद के विभिन्न एरिया में अलग-अलग समय पर आयोजित किया जाएगा। आमजन को विभिन्न सामाजिक मुद्दों के बारे में जागरूक करके शहर में कानून व्यवस्था सुदृढ़ करना सुनिश्चित किया जाएगा।

पैदल मार्च के दौरान डीसीपी ने आमजन को सामाजिक शांति व्यवस्था कायम रखने तथा भाईचारे की भावना बढ़ाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि समाज में रह रहे नागरिक पुलिस का सहयोग करके शहर में शांति व्यवस्था को कायम रखने में पुलिस की मदद कर सकते हैं। इससे न केवल पुलिस को सहयोग मिलेगा बल्कि शहर में अपराधिक वारदातों पर भी लगाम लगेगी। इसलिए आमजन पुलिस से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना तुरंत 112 पर दें ताकि पुलिस समय पर कार्यवाही करके कानून व्यवस्था को कायम रख सके।

# भारत की धरती संत महात्माओं की भूमि : धर्मबीर भड़ाना



पायनियर समाचार सेवा। फरीदबाद

**पिछले** एक सप्ताह से गांव मोहताबाद के झरना मंदिर में आयोजित भागवतकथा का बुधवार को समापन हो गया हैं। समापन के दिन कार्यक्रम में चौपाई का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आप नेता धर्मबीर भड़ाना ने शिरकत कर आशिर्वाद प्राप्त किया।

इस मौके पर भड़ाना ने कहा कि श्रीमदभागवत कथा मनुष्य के जीवन में सुखों का संचय करने वाली होती है। पूरे मनोयोग के साथ कथा श्रवण मात्र से मनुष्य के जीवन में चमत्कारिक परिवर्तन हो सकते हैं। श्रीमद भागवत में तमाम ऐसी कथाएं हैं, जो हमें प्रेरणा देती हैं और कलयुग में जीवन को कलात्मक ढंग से जीने का मार्ग प्रशस्त करती हैं। मानव जन्म पाकर मनुष्य अमृत पी ले और उसके व्यवहार में कोई बदलाव न हो तो उस अमृत पीने का कोई लाभ नहीं। राहु ने भी अमृत पिया और अमर हो गए, लेकिन उसके व्यवहार में कोई परिवर्तन नहीं होने के कारण उसे कोई लाभ नहीं मिला। उन्होंने कहा कि भागवत कथा अमृत सामान है तभी मोक्ष प्राप्ति के लिए राजा परीक्षित अपने जीवन के अंतिम सात दिन कथामृत श्रवण कर बिताया और पुण्य के भागी बने।

# संक्षिप्त समाचार

## स्वास्थ्य कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन


धरना प्रदर्शन करते बीके अस्पताल में तैनात कर्मचारी

**फरीदाबाद।** स्वास्थ्य ठेका कर्मचारी यूनियन दो कर्मचारियों के नौकरी से निकाले जाने पर संबंधित अधिकारी से सीएमओ दफ्तर में मौजूद खेड़ी कलां के एसएमओ से बात की तो वह भड़क गए और भला बुरा कहने लगे। प्रधान और महिला सचिव के साथ भी गलत तरीके से बात की। जिस पर सीएमओ को दिए ज्ञापन के अगले दिन यानी बुधवार को स्वास्थ्य कर्मियों ने धरना प्रदर्शन विरोध स्वरूप शुरू किया है। ये बातें बीके में धरने पर बैठे कर्मचारियों ने कहीं। उन्होंने कहा कि जब तक दोनों कर्मचारियों की नौकरी वापस नहीं दी जाती और यूनियन के सदस्यों से आरोपी एसएमओ द्वारा माफी नहीं मांगी जाती, तब तक उनका विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। यूनियन के प्रधान सोनू ने कहा कि हमें सीएमओ दफ्तर में एसएमओ से बातचीत करने के लिए एसएमओ ने स्वयं फोन करके बोला। जब वह शांतिपूर्वक तरीके से बात कर रहे थे, तो वह भड़क गए। जबकि उनके संग महिला और अन्य कर्मचारी मौजूद थे। प्रदर्शन को प्रधान सोनू के अलावा नगर निगम कर्मचारी संघ के नेताओं ने भी सम्बोधित किया। जिसमें मुख्य रूप से राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री मौजूद रहे। इस विषय में जब सीएमओ डॉ. विनय गुप्ता से बात की गई तो उन्होंने कहा कि उन्हें इस बारे में कोई जानकारी नहीं है।

## कालीबाड़ी मंदिर में अष्टमी पूजा का हुआ आयोजन



**फरीदाबाद।** सेक्टर-16 स्थित फरीदाबाद कालीबाड़ी मंदिर में चैत नवरात्री के अष्टमी पूजा सुबह 8.30 बजे शुरू हुई। माता रानी के के आशीर्वाद लेने के लिए कालीबाड़ी में बहुत भक्तो के समागम हुए। इस बार की बसंती दुर्गा पूजा के अवसर पर फरीदाबाद कालीबाड़ी प्रधान डॉ. प्राणजीत भौमिक ने बताया कि सुबह 11 बजे से पुपांजलि के साथ-साथ 12 बजे माता रानी के भोग आरती भी हुऐ। जिसमें सपना सिंहा, अमरेश सिंहा मौजूद रहे। बहुत ही श्रद्धालु ने बठके प्रसाद (लंगर) लिया। महासचिव एके पंडित ने जानकारी देते हुए बताया कि अष्टमी की संधि पूजा रात को 9.50 बजे आयोजित की गई। वहीं उन्होंने बताया कि शाम को धुनौची नृत्य किया जाएगा। राम नवमी पूजा 30 मार्च को होगी वहीं उसके बाद लंगर का विशेष बंदोबस्त किया गया है।

## मानव सेवा समिति के कार्य सराहनीय : मूलचंद शर्मा



कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा बच्चों को सम्मानित करते हुए

**फरीदाबाद।** सेक्टर-10 स्थित मानव भवन में बुधवार को कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने मानव कंप्यूटर ट्रेनिंग सेंटर के प्रथम बैच के 14 सफल विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट प्रदान किए। इस अवसर पर मूलचंद शर्मा ने कहा कि जरूरतमंद बच्चों की पढ़ाई में मदद करना, उनको टेक्निकल ट्रेनिंग देकर उन्हें रोजगार दिलाना सबसे बड़ा पुण्य कार्य है। मानव सेवा समिति यह पुण्य कार्य पिछले 24 साल से कर रही है। उन्होंने कहा कि मानव सेवा समिति एक मिशन है, समाज सेवा का माध्यम है। मेरा पूरा सहयोग और समर्थन सदैव समिति के साथ है और आगे भी रहेगा। सभी दानी सज्जनों को भी समिति की हर संभव मदद करनी चाहिए। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित हुए शैलेंद्र गर्ग, रोशनलाल बोरड, कम्प्यूटर टीचर एकता ने भी समिति के उद्देश्य व कार्यों की प्रशंसा करते हुए समिति को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। समिति के अध्यक्ष कैलाश शर्मा, चेयरमैन अरुण बजाज, महासचिव सुरेंद्र जग्गा, चेयरमैन महिला मंडल उषा किरण शर्मा, मुख्य प्रबंधक संजीव शर्मा, उपाध्यक्ष कैलाशचंद शर्मा, मुख्य सलाहकार प्रेम पसरीजा ने मुख्य अतिथि को सम्मान पट्टिका पहनाकर और स्मृति चिन्ह देकर अभिनंदन किया। कार्यक्रम में बृजलाल शर्मा, राज राठी, कमला वर्मा, परमेश्वरी, सीमा मंगला, सरिता गुप्ता, रमा सरना, कुसुम वशिष्ठ, सीता वर्मा, नीतू मंगल, सुधा गर्ग, मीरा माथुर, बनबारी लाल गुप्ता, मदनलाल मोदी ज्ञानदेव वत्स, प्रिंसिपल महिला पॉलीटेक्निक मीनू वर्मा, सुष्मिता, गोविंद वर्मा, रघुवीर सिंह, श्वेता, गीता, रितिका, समीर, जेबी शर्मा, राकेश गोयल, खुशी, अलका, ममता, मानसी, अंजलि, दीपक विजय मौजूद रहे।

## मंदिर में हुआ सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन



**फरीदाबाद।** प्राचीन सिद्धपीठ श्रीहनुमान मंदिर में संगीत मय सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन किया गया। इस मौके पर मंदिर के पुजारी आचार्य कृष्णा महाराज काशी वाले ने संगीत मय सुन्दरकाण्ड पाठ भक्तजनों को सुनाया। इस अवसर पर इंडियन प्राईवेट स्कूल एसोसिएशन के पदाधिकारी डा. विमल पाल, डा. प्रदीप गुप्ता, डा. सुनील कुमार, डा. राजेश मदान, डा. अमित जैन, डा. मानव शर्मा, रामबीर भड़ाना, पुरूषोत्तम, शोभित आजाद, भूपेन्द्र श्योराण, सिद्धपीठ काली मंदिर के प्रधान राकेश उर्फ रक्कू, हरिओम, सुनीता, राजकुमार, दीपांशी अरोड़ा, रंजीत कुमार, विजेन्द्र चंदीला, आकाश कश्यप, डा. मनसा पासवान, भुवन चतुर्वेदी, पवन ठाकुर, स. गुरजीत सिंह उर्फ मोन्टू, महेश अग्रवाल, राजेश डोगरा, मनीष साहू, डेविड नरोना, मीना नरोना विशेष रूप से मौजूद रहे। इस अवसर पर मंदिर के चेयरमैन कमल नरोना, प्रधान रवि कुमार, उपाध्यक्ष नवीन तथा कानूनी सलाहकार डा. तरूण अरोड़ा ने आए हुए सभी अतिथियों का भगवा पटका पहनाकर व पगड़ी बांधकर स्वागत किया। उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए प्रधान रवि कुमार व कानूनी सलाहकार डा. तरूण अरोड़ा एडवोकेट ने बताया कि इस प्राचीन मंदिर की मान्यता है। दूरदराज से श्रद्धालु प्रत्येक मंगलवार को यहां आते है और मन्नत मांगते है। आज मंदिर परिसर में संगीत मय सुन्दर काण्ड पाठ का आयोजन किया गया है। जिसमें कई कलाकारों ने अपने भजनों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं मथुरा से आए कालाकारों ने मयूर नृत्य व फरीदाबाद के कलाकारों ने शिव-पार्वती की झांकियां प्रस्तुत की। कार्यक्रम समापन अवसर पर भण्डारे का भी आयोजन किया गया।

# अतीक को सजा

## बढ़ा जनता का विश्वास

**अतीक** को सजा से जनता का कानून व्यवस्था में विश्वास बढ़ा है, पर अपराध के खिलाफ अभियान को व्यवस्थित रूप से आगे बढ़ाया जाना चाहिए। गैंगस्टर से राजनेता बने अतीक अहमद को मंगलवार को मिली आजन्म कारावास की सजा से निश्चित रूप से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की छवि और मजबूत होगी। एक नेता के रूप में उन्होंने देश के सबसे बड़े राज्य में अपराध पर लगाम लगाने की प्रतिबद्धता प्रकट की है। योगी आदित्यनाथ के विधानसभा में कहे ये शब्द जनता के कानों में गूंज रहे हैं कि 'माफिया को मिट्टी में मिला दूंगा।' यह तथ्य भी बहुत महत्वपूर्ण है कि अपराधी के रूप में अतीक अहमद का कॅरियर अब समाप्त हो गया है और इसमें कानूनी प्रक्रिया के सुचारु संचालन का सर्वाधिक योगदान है। अतीक अहमद ने रविवार को आशंका जताई थी कि उसे एक और गैंगस्टर विकास दुबे की तरह मुठभेड़ में मारा जा सकता है, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। अतीक अहमद को गुजरात की साबरमती जेल से सड़क मार्ग से प्रयागराज लाया गया। अतीक अहमद व दो अन्य आरोपियों दिनेश पासी व सौलत हनीफ को 2006 में वकील उमेश पाल के अपहरण का दोषी पाया गया। उमेश पाल 2005 में बहुजन समाज पार्टी-बसपा के विधायक की हत्या के प्रमुख गवाह थे। विडंबना है कि यह सजा देखने के लिए जीवित नहीं हैं क्योंकि पिछले महीने उनको अतीक के बेटे असद समेत कुछ बंदूकधारियों ने गोलियों से छलनी कर दिया था। दशकों बाद माफिया अतीक को सजा दिलाने पर प्रदेश सरकार तथा भारतीय जनता पार्टी स्वाभाविक रूप से प्रसन्न है। मुख्यमंत्री तथा प्रदेश के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने प्रतिबद्धता प्रकट की है कि प्रदेश में अपराध के खिलाफ व्यवस्थित अभियान जारी रहेगा।



अतीक अहमद की सजा पर दिवंगत उमेश पाल के परिवार की प्रतिक्रिया सरकार से जनता की उम्मीदों की प्रतीक है। अतीक की सजा का स्वागत करते हुए पाल की पत्नी व मां ने कहा कि वे गैंगस्टर से माफिया बने इस व्यक्ति के लिए फांसी की सजा चाहती थीं। उल्लेखनीय है कि 2017 के पहले प्रदेश में न्याय की कछुआ चाल तथा माफिया तत्वों की 'दबंगई' के कारण दिनदहाड़े हुए अपराधों के गवाह नहीं मिलते थे और अपराधी सबूतों के अभाव में छूट जाते थे। अतीक के मामले में भी कानून को सजा दिलाने में 17 साल लगे। अतीक को चार दशक में पहली बार सजा मिली है। ऐसी समस्याओं का स्थाई समाधान प्रशासनिक, पुलिस व न्यायिक सुधारों में है। केन्द्र तथा प्रदेश की सत्ता में आने के बाद भाजपा इन सुधारों को गति दे रही है। एम. वीरप्पा मोईली ने दूसरे प्रशासनिक सुधार आयोग की अध्यक्षता करते हुए 15 खंड में रिपोर्ट तैयार की थी। इसका अंतिम खंड सरकार को अप्रैल, 2009 में सौंपा गया था। समय आ गया है कि इन रिपोर्टों पर गंभीरता से गौर कर इनके प्रासांगिक हिस्सों का फौरन क्रियान्वयन किया जाए। वैसे केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कुछ महीने पहले अपराध प्रक्रिया संहिता, भारतीय दंड संहिता तथा साक्ष्य कानून में बदलते समय को देखते हुए व्यापक परिवर्तनों की दिशा में हो रहे प्रयासों की बात कही थी। ऐसे प्रयासों के साथ ही पुलिस के मनोबल को मजबूत करना भी जरूरी है ताकि आम पुलिसजन भी पूरी मजबूती से अपराधी तत्वों के खिलाफ कार्रवाई कर सके। योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार इस दिशा में सक्रिय है। प्रदेश में पुलिसजनों की संख्या बढ़ाने के साथ उसमें लगभग 40,000 महिला पुलिसकर्मियों की भर्ती भी की गई है। प्रदेश में एडीजी कानून-व्यवस्था ने कहा है कि आने वाले समय में हमने हर माफिया को सजा दिलाने तथा उसे कानून के सामने एक्सपोज़ करने की प्रतिज्ञा ली है। प्रदेश सरकार व पुलिस की निरंतर जारी कार्रवाई से कानून-व्यवस्था के प्रति जनता का विश्वास बढ़ा है। अनेक पहलें की गई हैं और भविष्य में भी ये पहलें जारी रहनी चाहिए।

# ई-कामर्स में गेम चेंजर ओएनडीसी

ओएनडीसी ई-कामर्स में खांचों से अलग हट कर समाधान पेश करता है। इससे खरीदारों व विक्रेताओं के शोषण पर विराम लगना सुनिश्चित होता है।



**अश्विनी महाजन**
(लेखक, दिल्ली विश्वविद्यालय में प्रोफेसर हैं)



एक दशक से अधिक समय से भारत और दुनिया भर में ई-कामर्स की असाधारण प्रगति हुई है। भारत के खुदरा व्यापार का लगभग 6.5 प्रतिशत ई-कामर्स के माध्यम से होता है। ई-कामर्स से जीवन सुगम हुआ है क्योंकि लोगों को घर पर बैठे-बैठे एक बटन के क्लिक करने पर वस्तुयें व सुविधायें सुविधाजनक रूप से प्राप्त होती हैं। आजकल की दुनिया में चाहे रेल, बस या विमान का टिकट लेना हो, होटल या टैक्सी का आरक्षण करवाना हो अथवा आटो से यात्रा करनी हो, सभी चीजें बहुत सुविधाजनक हो गई हैं। केवल इतना ही नहीं, विभिन्न घरेलू व बिजनेस सेवायें भी आसानी से ई-कामर्स के माध्यम से प्राप्त की जा सकती हैं। आज अनेक प्रकार के बिजनेस ई-कामर्स का प्रयोग करते हैं। इनमें उपभोक्ता वस्तुयें, ई-फार्मेसी, ई-ग्रासरी, डिलीवरी, भुगतान, यात्रा, होटल बुकिंग, टैक्सी, वाहन पूलिंग, कार रेंटल, घरेलू, वित्तीय, रोजगार, वैवाहिक मैच-मेकिंग सेवायें, आदि शामिल हैं। लेकिन इसके साथ ही कुछ बड़ी ई-कामर्स कंपनियों का प्रभुत्व बढ़ा है जिससे परंपरागत बिजनेसों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। डेटा पर अपने एकाधिकार के चलते ये ई-कामर्स कंपनियां विभिन्न विक्रेताओं के बीच भेदभाव करती हैं तथा अपने मनपसंद विक्रेताओं को वरीयता देती हैं। इस कारण अन्य विक्रेताओं को नुकसान होता है।

हालांकि, ये कंपनियां सस्ती वस्तुयें व सेवायें देने का दावा करती हैं जो तकनीक से संभव होता है, पर ऐसा उनकी क्षमताओं के बजाय नकदी-हतोत्साहित करने वाले बिजनेस माडलों के कारण होता है। अपनी मजबूत वित्तीय शक्ति के कारण ये कंपनियां अक्सर ग्राहकों को भारी छूट देती हैं जिससे छोटे व परंपरागत दूकानदारों तथा ट्रेवल एजेंटों, आदि का बिजनेस नष्ट होता है। यदि कैब एग्रीगेटरों पर गौर करें तो पता लगेगा कि शुरुआती चरण में वे लोगों को बिना अपना पैसा खर्च किए मुफ्त यात्रा के लिए ललचाती थीं। वे ड्राइवरों को आकर्षित करने के लिए प्रोत्साहन भी देती थीं। लेकिन अब अपना बिजनेस स्थापित करने के बाद ग्राहकों को भारी भुगतान करना पड़ता है तथा ड्राइवरों की लगभग एक तिहाई कमाई एग्रीगेटर हड़प जाते हैं। एग्रीगेटर के रूप में काम करने वाली ई-कामर्स कंपनियां छोटे वेंडरों व गरीब कामगारों को भारी नुकसान पहुंचाती हैं। इससे उनके सामने केवल दो विकल्प बचते हैं कि वे या तो शोषण बर्दाश्त करें या बिजनेस छोड़ दें। चाहे किराना दूकानदार हों या कपड़े व एलेक्ट्रानिक्स तथा होम फर्निशिंग शोरूम या परंपरागत ट्रेवल एजेंट, विभिन्न प्रकार के खुदरा बिजनेसों में लोगों का रोजगार ई-कामर्स कंपनियों द्वारा प्रभावित हुआ है। ये कंपनियां इसलिए ऐसा कर पाती हैं क्योंकि उनके पास उपभोक्ताओं की पसंद, खरीदने की शक्ति तथा उसके स्थान के बारे में ज्यादा सूचना उपलब्ध होती है।

इन सारी सूचनाओं के कारण वे परंपरागत बिजनेसों की तुलना में ग्राहकों तक आसानी से पहुंच जाते हैं तथा कृत्रिम बुद्धि-एआई के प्रयोग से अनावश्यक लाभ की स्थिति में आ जाते हैं। कभी-कभी ई-कामर्स रोजगार समाप्त होने के कारण शोषण का माध्यम भी बन सकता है। इसके अलावा अपना मुनाफा अधिकतम करने के लिए विशाल ई-कामर्स कंपनियां दुनिया में कहीं से भी व खासकर चीन से सामान खरीदती हैं। ये विशाल ई-कामर्स कंपनियां भारतीय उत्पादों को बाजार से बाहर कर देती हैं जिसके परिणामस्वरूप हमारे नौजवान केवल डिलीवरी ब्वाय बन कर रह जाते हैं। हम ई-कामर्स को रोक नहीं सकते हैं और इसकी कोई आवश्यकता भी नहीं है। यहां मुद्दा वेंडरों व उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करना है। क्या हम ई-कामर्स कंपनियों के लालच पर लगाम लगा सकते हैं? इन सवालों का जवाब ओपेन नेटवर्क फार डिजिटल कामर्स-ओएनडीसी में है। इसे भारत सरकार ने अ-लाभकारी कंपनी के रूप में शुरू किया है तथा आयकर अधिनियम की धारा 8 के अंतर्गत इसका पंजीकरण कराया गया है।

ओएनडीसी ई-कामर्स समस्याओं के लिए एक खांचे से अलग हट कर समाधान है। खरीदार और ग्राहकों को ऐसा इंटरफेस प्रदान किया जाता है जो किसी प्रकार शोषणकारी नहीं है। इस व्यवस्था में ई-कामर्स कंपनियां डेटा पर एकाधिकार या एआई के कारण विक्रेताओं में भेदभाव नहीं कर सकती हैं। कुल मिला कर ओएनडीसी एक ऐसा चैनल होगा जिसमें ग्राहकों को आसनी से विक्रेता व सेवा प्रदाता, आदि मिल जाएंगे। इससे ई-कामर्स बाजार में एकाधिकार के बजाय विक्रेताओं व ग्राहकों के बीच प्रतियोगिता को प्रोत्साहन दिया जा सकता है।

ओएनडीसी सामान्य ई-कामर्स कंपनियों की तरह प्लेटफार्म नहीं है। ई-कामर्स कंपनियां प्लेटफार्म के माध्यम से काम करती हैं। वेंडरों या सेवा प्रदाताओं को विभिन्न मंचों पर अपना पंजीकरण कराना होता है। इसके परिणामस्वरूप से प्लेटफार्म ग्राहकों और विक्रेताओं को ललचाने के लिए अपनी मजबूत वित्तीय शक्ति के कारण अनेक छूटें व प्रोत्साहन देते हैं। लेकिन बिजनेस स्थापित होने के बाद वे मुनाफे के लिए ग्राहकों व विक्रेताओं, दोनों का शोषण करते हैं। प्लेटफार्म व उपभोक्ता अ-लाभकारी ओएनडीसी के माध्यम से संपर्क में आते हैं। सामान्य ई-कामर्स में विक्रेताओं व सेवा-प्रदाताओं को प्लेटफार्म में पंजीकरण कराना होता है जिससे वे इन पर निर्भर हो जाते हैं।

इस प्रकार ग्राहकों को केवल प्लेटफार्म पर पंजीकृत विक्रेता ही दिखते हैं। ओएनडीसी विभिन्न प्लेटफार्मों से जुड़ने की सुविधा देता है। लेकिन ओएनडीसी उन सभी वेंडरों या सेवा-प्रदाताओं को सथान देता है जिनका पंजीकरण किसी भी प्लेटफार्म पर हुआ हो। इससे ओएनडीसी पर आने वाले ग्राहकों को सभी विक्रेता दिखते हैं। इस प्रकार ओएनडीसी अपारदर्शी नहीं है। यह व्यवस्था जीआईएस के माध्यम से काम करती है, इसलिए ओएनडीसी में स्थिति की महत्वपूर्ण भूमिका है।

इससे लाखों वेंडरों व करोड़ों ग्राहकों को सुविधा होती है। उदाहरणार्थ, यदि ग्राहक घर पर बैठ कर रेस्टोरेंट से खाने का आर्डर करता है तो ओएनडीसी पर उसके सामने सभी निकटस्थ वेंडर मौजूद होंगे। यदि वह किराने का सामान खरीदना चाहता है तो उसके निकटस्थ वेंडर को लाभ होगा। विभिन्न प्लेटफार्मों पर पंजीकृत होने के बावजूद सभी वेंडर व सेवा-प्रदाता संभावित ग्राहक तलाश सकेंगे। वेंडरों के पंजीकरण वाले ई-कामर्स प्लेटफार्म वेंडर से किए समझौते के आधार पर निर्धारित फीस ले सकेंगे। लेकिन बिजनेस आकर्षित करने के लिए विभिन्न प्लेटफार्मों के बीच प्रतियोगिता से कमीशन में स्वत: गिरावट आएगी। यदि कोई प्लेटफार्म ज्यादा कमीशन लेता है तो उसकी वस्तुएं व सेवायें ज्यादा महंगी हो जाएंगी और उसे बिजनेस का नुकसान होगा। ऐसी स्थिति में हर प्लेटफार्म अपने कमीशन कम रखेगा ताकि अधिकतम बिजनेस आकर्षित कर सके। ओएनडीसी का विस्तार होने के साथ सभी प्रकार के ई-कामर्स यही कर सकते हैं। इस प्रकार ओएनडीसी ई-कामर्स कंपनियों को प्लेटफार्मों के एकाधिकार से मुक्त कर स्वस्थ प्रतियोगिता प्रोत्साहित करेगा। इससे कमीशन घटने के कारण ग्राहकों के लिए पारदर्शिता के साथ वस्तुयें व सेवायें सस्ती हो जाएंगी। इस प्रकार ओएनडीसी ई-कामर्स बाजार के नियम बदल सकता है।

हालांकि, ई-कामर्स कंपनियों ने ओएनडीसी व्यवस्था में शामिल होने के प्रति दिलचस्पी दिखाई है तथा कुछ प्लेटफार्मों व भुगतान कंपनियों ने ओएनडीसी में पंजीकरण भी कराया है। लेकिन ओला व उबर जैसी टैक्सी सेवाओं ने अभी पंजीकरण नहीं कराया है, हालांकि कुछ नई कामर्स मोबिलिटी कंपनियों ने ओएनडीसी में दिलचस्पी दिखाई है। हाल ही में शुरू होने के कारण ओएनडीसी में बिजनेस कम है, पर निकट भविष्य में इसमें भारी बढ़ोत्तरी की संभावना है। इससे छोटे ई-कामर्स प्लेटफार्मों को बिना विज्ञापन पर भारी खर्च किए ग्राहकों तक पहुंचने में सहायता मिलेगी।

ओएनडीसी व्यवस्था में सभी पंजीकृत विक्रेताओं को ग्राहक आसानी से देख सकेंगे क्योंकि इसका प्रोटोकाल विभिन्न ग्राहकों में मतभेद नहीं कर सकता है। महत्वपूर्ण बात है कि अब तक सरकार के सभी तकनीक-समर्थित प्रयास सफल हुए हैं। आज यूपीआई के माध्यम से आनलाइन भुगतान मुफ्त हैं। दुनिया में सभी आनलाइन लेनदेन का 40 प्रतिशत भारत में होता है। इसी प्रकार ओएनडीसी ऐसी व्यवस्था बन सकता है जिससे न केवल ग्राहकों व उपभोक्ताओं का शोषण थमेगा, बल्कि देश के जीडीपी तथा रोजगार में भी भारी वृद्धि होगी। इससे स्थानीय बिजनेसों को बहुत सुविधा मिलेगी।

# कब तक सावरकर पर मौन रह सकेंगे राहुल?

"राहुल गांधी सावरकर के मुद्दे पर इंदिरा गांधी के रुख से सहमत क्यों नहीं है। आखिर इसकी वजह क्या है?"

**राज बहादुर सिंह**
(लेखक पायनियर हिन्दी लखनऊ के ब्यूरो चीफ हैं)



मौसम कब अपना रंग बदल दे कुछ कहा नहीं जा सकता। यही बात हमारे राजनेताओं पर भी लागू होती है। सुविधा व स्वार्थ की राजनीति के वशीभूत होकर नेता आए दिन मौसम की अनिश्चितता को भी मात देते हुए अपने रंग बदलते रहते है। विश्वसनीयता के इस संकट को बढ़ाती प्रवृत्ति का ताजा उदाहरण कांग्रेस नेता राहुल गांधी हैं जिन्होंने आलोचना के अपने प्रिय विषय विनायक दामोदर सावरकर यानि वीर सावरकर की भविष्य में आलोचना न करने की प्रतिबद्धता जाहिर की है।

राहुल गांधी का यू टर्न दरअसल मजबूरी में उठाया गया कदम है जिसकी जड़ में सत्ता हासिल करने की लालसा है। मानहानि के मामले में लोकसभा की सदस्यता गंवाने के बाद राहुल गांधी ने माफी मांगने की बात पर अपने चिर परिचित अंदाज में वीर सावरकर का उपहास उड़ाते हुए कहा था कि वह राहुल गांधी हैं न कि राहुल सावरकर। कांग्रेसी भले ही राहुल के इस कथन पर हर्षित होकर ताली पीटें लेकिन सावरकर पर उनके इस रुख ने महाराष्ट्र के विपक्षी गठबंधन महा विकास अघाड़ी को असहज कर दिया जिसमें कांग्रेस व शिवसेना के अलावा राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी भी शामिल है।

दअरसल महाराष्ट्र में और खासकर शिवसेना के लिए वीर सावरकर का दर्जा महानायक जैसा है और पहले से ही राजनीतिक अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहे उद्धव ठाकरे के लिए तो यह आत्मघाती होता कि वह उसी कांग्रेस के साथ गठबंधन में रहें जो लगातार उनके महानायक सावरकर का उपहास उड़ाती हो। उद्धव मुख्यमंत्री रहते राहुल गांधी की सावरकर पर की गई बयानबाजी पर पहले नाराजगी जाहिर कर चुके थे और राहुल गांधी काफी दिन तक इस विषय पर खामोश रहे लेकिन अब फिर से अपने प्रिय विषय पर लौट आए हैं।



शिवसेना ने राहुल गांधी के बयान पर खुलकर नाराजगी जाहिर की और सम्बन्धों में खिंचाव को संकेत देते हुए शिवसेना ने सोमवार 27 मार्च को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा बुलाई गई विपक्षी दलों की बैठक से भी दूरी बना ली। नाजुक हालत को भांपते हुए राकांपा प्रमुख शरद पवार को हस्तक्षेप करना पड़ा। बताते हैं कि उन्होंने कांग्रेस नेतृत्व से साफ कहा कि अगर राहुल गांधी इसी तरह सावरकर पर हमले करते रहे तो महाराष्ट्र में विपक्षी महा विकास अघाड़ी का गठबंधन खतरे में पड़ जाएगा।

जाहिर है कि दो चुनावों से लगातार शर्मनाक प्रदर्शन कर रही कांग्रेस की उम्मीदें गठबंधन पर ही टिकी हैं और ऐसे में 48 लोकसभा सीटों वाले देश के दूसरे सबसे बड़े राज्य में गठबंधन को बचाने के लिए उसने राहुल गांधी को चुप रहने के लिए राजी करना ही बेहतर समझा। बुधवार को संसद भवन में कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी के साथ राहुल गांधी ने शिवसेना नेता संजय राउत से मुलाकात की। समझा जाता है कि इस बैठक में सोनिया गांधी के सामने राहुल गांधी ने शिवसेना को आश्वस्त किया कि वह सावरकर का उपहास उड़ाने अथवा उनकी सार्वजनिक आलोचना से गुरेज करेंगे। राहुल गांधी अगर अपने रुख पर कायम रहते हैं तो यह उद्धव ठाकरे की शिवसेना के लिए निश्चित तौर पर राहत भरी बात होगी क्योंकि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना व उसकी सहयोगी भाजपा ने सावरकर के मुद्दे को लेकर उद्धव ठाकरे पर तंज कस कर उसे निरुत्तर कर रखा है। शिंदे ने तो इस मुद्दे पर राज्य में जनजागरण अभियान चलाने की घोषणा कर दी है।

सावरकर को लेकर राहुल गांधी की आलोचना के कतिपय पहलू तो ऐसे हैं जो न केवल राहुल गांधी की राजनीतिक समझ पर सवालिया निशान लगाते हैं वरन रणनीति के स्तर पर भी नुकसानदेह ही माने जा सकते हैं। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि तत्कालीन इंदिरा गांधी ने वीर सावरकर को लिखित तौर पर भारत माता का महान सपूत बताते हुए उनकी भूरि भूरि प्रशंसा की और उन पर डाक टिकट भी जारी कराया। यही नहीं सावरकर के कृतित्व व व्यक्तित्व पर प्रकाश डालने के लिए एक वृत चित्र का भी निर्माण इंदिरा गांधी ने कराया। ऐसे में यह सवाल उठना भी लाजिमी है कि बात बात पर अपने पिता या दादी की महानता व योगदान का उल्लेख करने वाले राहुल गांधी सावरकर के मुद्दे पर इंदिरा गांधी के रुख से सहमत क्यों नहीं है। आखिर इसकी वजह क्या है और सावरकर पर इंदिरा गांधी के विचार से उनका पोता कन्नी क्यों काटता है? कांग्रेस में ही एक वर्ग का मानना है कि राहुल गांधी पर जेएनयू की वामपंथी लॉबी का ऐसा दबाव है कि वह उन्हें जो राजनीतिक विमर्श बताता है वह उसी का अंधानुकरण करते रहते हैं। बहरहाल अब यह देखना दिलचस्प होगा कि राहुल गांधी जो समान्यतया अपनी ही धुन में रहते हैं कब तक अपनी राजनीतिक अंडरटेकिंग पर कायम रहते हैं कि वह विनायक दामोदर सावरकर पर खामोश रहेंगे। सावरकर ने अंग्रेजी शासन में वर्षों तक जेल में रहकर जो यातनाएं सहकर महानता के जिस स्तर को प्राप्त किया उसकी तारीफ तो राहुल गांधी के मुंह से कभी होने वाली नहीं। अलबत्ता सत्ता की चाह में वह अपने सिद्धांतों से समझौता करते हुए सावरकर पर मौन साध लें। यह अलग बात है कि इस मौन की आयु क्या होगी इसे सिर्फ राहुल गांधी ही जान सकते हैं।

## आप की बात

### न्याय तक पहुंच

**उच्चतम** न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ ने उच्चतम न्यायालय में होने वाली कार्यवाही से संबंधित दस्तावेजों को न केवल अंग्रेजी बल्कि देश की अलग-अलग भाषाओं में अनुवादित करके लोगों के लिए प्रस्तुत किए जाने का प्रस्ताव रखा है। जिससे लोगों को उच्चतम न्यायालय में चल रहे मुद्दों को समझने में न केवल सहूलियत होगी बल्कि भारत के आम नागरिकों में अपने कानूनी अधिकारों और देश में चल रही कानूनी गतिविधियों के बारे में जानकारी मिलती रहेगी। उनके इस विचार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने भी सराहना की। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि मीडिया को देश में चल रही घटनाओं के बारे में जनता को यथार्थ जानकारी देनी चाहिए। प्रधान न्यायाधीश ने पद की शपथ लेने के फौरन बाद कहा था कि वे सर्वोच्च न्यायालय को जनता के अधिकार सुनिश्चित करने का महत्वपूर्ण माध्यम बनाना चाहते हैं। क्षेत्रीय भाषाओं में सर्वोच्च न्यायालय की कार्यवाही तथा दस्तावेजों के प्रस्तुतीकरण से आम जनता तथा उन लोगों को सुविधा मिलेगी जो अंग्रेजी भाषा में दक्ष नहीं है। देखना होगा कि उनके ये प्रयास कहां तक जनता की न्याय और न्यायपालिका तक पहुंच सुनिश्चित कर सकेंगे।

– **अवनीश गुप्ता**, आजमगढ़

### प्रेरणादायक श्रीराम

**श्रीराम** विष्णु के अवतार हैं जो मानव मात्र की भलाई के लिए मानवीय रूप में इस धरा पर अवतरित हुए। मानव अस्तित्व की कठिनाइयों तथा कष्टों का उन्होंने स्वयं वरण किया ताकि सामाजिक व नैतिक मूल्यों का संरक्षण किया जा सके तथा दुष्टों को दंड दिया जा सके। उन्होंने हमेशा वेदों और मर्यादा का पालन किया। स्वयं के सुखों से समझौता कर उन्होंने न्याय और सत्य का साथ दिया। गुणों की वजह से वे मर्यादा पुरुषोत्तम कहलाए। सहनशीलता व धैर्य भगवान श्री राम का प्रमुख गुण है। हर जाति व हर वर्ग के लोगों के साथ भगवान राम ने मित्रता की। उनकी बेहतर नेतृत्व क्षमता की वजह से ही लंका जाने के लिए पत्थरों का सेतु बन पाया। जीवन में कई लोग आपको ठगेंगे, कई आपको निराश करेंगे, कई बार आप भी सम्पूर्ण परिस्थितियों पर संदेह करेंगे लेकिन इस पूरे माहौल में जब आप रुक कर पुन: श्रीराम की कथा का ध्यान करेंगे तो समाधान सामने आएंगे। रामनवमी का त्योहार हमें एक बार फिर भगवान राम की कथा से प्रेरणा लेने के साथ ही सज्जनों का साथ देने तथा दुष्टों के विनाश में लगे लोगों का सहयोग करने को प्रेरित करता है।

**हेमेन्द्र क्षीरसागर**, बालाघाट

### माफिया को सजा

**पिछले** कुछ दिनों से मीडिया और जनता की नज़र राजनैतिक संरक्षण प्राप्त माफिया अतीक पर टिकी हुई थी। देश और समाज इस अपराधी के हश्र की प्रतीक्षा में था। सड़क मार्ग से लाने पर भी मीडिया और जनता नज़र टिकाये रही। अब जब अतीक के आतंक को उमरकैद हुई तो लोगों का विश्वास प्रदेश सरकार पर और मजबूत हुआ। वाकई उत्तर प्रदेश सरकार इसके लिए बधाई की पात्र है साथ ही न्यायालय ने भी अपनी भूमिका जनता की आकांक्षओं के अनुरूप निभाई है। हालांकि लोगों का अनुमान कुछ और ही था और वो अनुमान गलत साबित हुआ परन्तु पटाक्षेप सही हुआ। हालांकि उमेश पाल और सुरक्षाकर्मी क़ी हत्या के अपराध में लिप्त लोगों का हश्र अभी देखना बाकी है, पर जनता का प्रदेश सरकार पर भरोसा बरकरार है। अब जरूरत इस बात की है कि जमीनी स्तर पर उभर रहे अपराधियों के खिलाफ भी त्वरित पुलिसिया कार्रवाई और उनको अदालतों से दंड देने की प्रक्रिया तेज हो क्योंकि छोटे अपराधी ही राजनीतिक शह पाकर भविष्य में माफिया बनते हैं और राजनीति का अपराधीकरण करते हैं।

**मनोज शर्मा**, मेरठ

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया




**अब** सबकुछ ठीक है। महाराष्ट्र के साथ-साथ देश में विपक्ष एकजुट है।

– **संजय राउत**
शिवसेना नेता

**कई** वैश्विक चुनौतियों के बावजूद देश सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बन गया है और यह साबित करता है कि लोकतंत्र परिणाम दे सकता है।

– **नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री





**सीबीआई** और ईडी के छापों ने सभी भ्रष्ट लोगों को एक पार्टी में ला दिया है और जब भाजपा का शासन समाप्त होगा तो देश भ्रष्टाचार मुक्त हो जाएगा।

– **अरविंद केजरीवाल**
दिल्ली के मुख्यमंत्री

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 30 मार्च, 2023



# पूर्वांचल में नहीं होगी इंसेफ्लाइटिस से मासूमों की मौत

## मुख्यमंत्री ने कुशीनगर में 451 करोड़ की 106 परियोजनाओं का किया लोकार्पण व शिलान्यास

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जनपद कुशीनगर का अपना आध्यात्मिक और धार्मिक महत्व है। यह जनपद हर काल खँड में किसी न किसी महत्वपूर्ण घटना का साक्षी रहा है। भगवान श्रीराम से जुड़ी हुई स्मृतियां आज भी यहां बांसी में लोग संजोए हुए हैं। इसने भारत तथा उत्तर प्रदेश की समृद्धि में अपना योगदान दिया है। मुख्यमंत्री बुधवार को कुशीनगर में विधान सभा क्षेत्र खड्डा के विकास की 451 करोड़ रुपए की 106 परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करने के उपरान्त इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने तहसील खड्डा के नवनिर्मित भवन का पूजन कर उद्घाटन भी किया। उन्होंने तहसील भवन का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, पीएम स्वनिधि योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, कृषि विभाग, मनरेगा के लाभार्थी को लैपटॉप, आवास की प्रतीकात्मक चाभी, प्रमाण पत्र तथा डेमो चेक प्रदान किए। उन्होंने एक उद्यमी को सम्मानित भी किया। इस अवसर पर एक लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया।



मुख्यमंत्री ने लाभार्थियों से आत्मीय संवाद करते हुए उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनपद कुशीनगर उनके लिए घर जैसा है। एक लम्बे समय तक यहां के लोगों के बीच रहकर काम करने तथा यहां से जुड़ी समस्याओं को नजदीक से जानने का उनका अनुभव रहा है। जो कुछ भी उन्होंने जाना एवं सीखा है, आज उसका लाभ उत्तर प्रदेश के सभी निवासियों को प्राप्त हो रहा है। जनपद कुशीनगर की सबसे बड़ी समस्याओं में से एक इन्सेफेलाइटिस की समस्या थी। इसके कारण मासूम बच्चे असमय कालकवलित होते थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में विगत 6 वर्षों में बनायी गयी कार्ययोजना का परिणाम है कि आज कुशीनगर, देवरिया, गोरखपुर, महराजगंज या पूर्वी उत्तर प्रदेश में कोई भी मासूम, मस्तिष्क ज्वर से दम नहीं तोड़ेगा, इसकी पुख्ता व्यवस्था की गयी है। हम इस बीमारी का समूल नाश करेंगे। इसीलिए जनपद कुशीनगर में मेडिकल कॉलेज का निर्माण भी हो रहा है। पहले कुशीनगर में मेडिकल कॉलेज का निर्माण होना, एक सपना था लेकिन आज यह हकीकत बन रहा है। कुशीनगर में एयरपोर्ट चालू होगा, यह सपना था। अब कुशीनगर में इण्टरनेशनल एयरपोर्ट बन गया है। कोरोना महामारी के कारण अभी फ्लाइट की संख्या सीमित है। यहां सिंगापुर, बैंकॉक, श्रीलंका, दक्षिण.पूर्व एशिया के देशों के साथ ही कई अरब देशों से भी कुशीनगर एयरपोर्ट को वायु सेवा से जोड़ने की मांग आयी है। देश के अन्दर अनेक जगह से मांग है। शीघ्र ही यहां से अन्तर्राष्ट्रीय उड़ानें प्रारम्भ होंगी।



उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल ने राष्ट्रपति को कर्तव्य पथ नामक पुस्तक भी भेंट की

## रामनवमी पर राज्यपाल व सीएम ने प्रदेश की जनता को दी बधाई

**लखनऊ।** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल व सीएम योगी ने आदि शक्ति मां भगवती के अनुष्ठान के पर्व वासन्तिक नवरात्रि एवं मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के पावन जन्मदिन रामनवमी की प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने कहा कि शक्ति की अधिष्ठात्री देवी के अनुष्ठान की नवमी तिथि को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्मदिन हम सबको एक नई प्रेरणा और प्रकाश प्रदान करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शक्ति की अधिष्ठात्री देवी मां भगवती इस चराचर जगत की आदि शक्ति हैं तो मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का सम्पूर्ण जीवन हम सबको जीवन के उच्च आदर्शों और मर्यादाओं का पालन करने की एक नई प्रेरणा प्रदान करता है। रामनवमी के दिन नौ कन्याओं का पूजन मातृ शक्ति के प्रति भारत की सनातन आस्था और सम्मान के भाव को प्रदर्शित करता है। आदि शक्ति मां भगवती की शक्ति और मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की मर्यादा हम सबको अपने राष्ट्रीय कर्तव्यों से जोड़ने में एक नई शक्ति प्रदान करेगी। इस पावन अवसर पर समस्त प्रदेशवासियों के प्रति हमारी अनन्त शुभकामनाएं।

## रिटायर आईएएस अरविंद कुमार बने सीएम के औद्योगिक सलाहकार

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने वर्ष 1988 बैच के सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी अरविंद कुमार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का औद्योगिक सलाहकार नियुक्त किया है। उल्लेखनीय है कि अरविंद कुमार औद्योगिक विकास विभाग के चेयरमैन के पद से बीते फरवरी माह में ही सेवानिवृत्त हुए थे। उनके इस पद पर रहते हुए उत्तर प्रदेश में 35 लाख करोड़ का इन्वेस्टर्स समिट हुआ था। उन्हें अहम जिम्मेदारी देने के लिए प्रदेश सरकार ने 29 फरवरी 2024 तक के लिए सीएम के औद्योगिक सलाहकार एक अस्थयी निसंवर्गीय पद सृजित कर उस पर अरविंद कुमार को तैनात करने का निर्णय किया। इस संबंध में अपर मुख्य सचिव नियुक्ति डॉ. देवेश चतुर्वेदी की ओर से बुधवार को शासनादेश जारी कर दिया गया।

## हत्यारोपियों को उम्र कैद

**लखनऊ ( विसं )।** हत्या के एक मामले में दोषी करार दिए गए मुल्जिम सहदेव यादव, सुन्दर लाल यादव, छोटेलाल यादव व हरिप्रसाद उर्फ काला यादव को सत्र अदालत ने उम्र कैद की सजा सुनाई है। एडीजे लोकेश वरुण ने इन पर 25.25 हजार का जुर्माना भी लगाया है। सरकारी वकील अभय कुमार त्रिपाठी व एमके सिंह के मुताबिक तीन सितंबर 2007 को इस मामले की एफआईआर गंगादेई ने थाना मलिहाबाद में दर्ज कराई थी। एक दिन पहले इनका भतीजा होरीलाल बाग में अपनी भैंस चराने गया था। रात आठ बजे तक घर वापस नहीं आयाए तो अपने लड़के दीवान सिंह व गांव के अन्य लोगों को उसका पता लगाने के लिए भेजा। गांव के लोंगों ने देखा कि आम के बाग में एक पानी के गड्ढे में उसकी लाश पड़ी है। विवेचना के दौरान मालुम हुआ कि वसीयत के लालच में मुल्जिमों ने हत्या कर उसकी लाश छिपा दी थी।

## जनता की समस्याओं का निस्तारण पारदर्शिता से कराएं पुलिस अफसरः संजय प्रसाद



### ● 2020-21 बैच के 16 प्रशिक्षु आईपीएस अफसरों ने की प्रमुख सचिव गृह से मुलाकात

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद ने प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारियों से कहा कि वे प्रदेश सरकार द्वारा दी गई जिम्मेदारियों के समय आम जनता के हितो को सर्वोपरि समझते हुए कार्य करें। जनता की समस्याओं का निस्तारण पारदर्शिता से कराएं। उन्होंने कहा कि आईपीएस अधिकारियों को अपने तैनाती स्थल पर छोटी-छोटी घटनाओं को भी गंभीरता से लेकर घटना स्थल पर पहुंच कर वास्तविक जानकारी प्राप्त करनी चाहिए।

प्रमुख सचिव गृह बुधवार को लोकभवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष के सभागार मे उप्र कैडर के 74 वें आरआर वर्ष 2020-21 बैच के 16 प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारियों से भेट कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 बैच के आईपीएस अधिकारियों को विभिन्न जनपदों मे पुलिस अधीक्षक की जिम्मेदारी दी गई। उन्होंने यह भी कहा कि प्रशिक्षु अधिकारी अपनी बेहतर कार्य शैली एवं जन संवाद के माध्यम से आम जन नागरिकों में बेहतर छवि बनाने में कोई कसर न छोड़े।

# स्कूल चलो अभियान को सफल बनाने के लिए समय से तैयार करें माइक्रो प्लानः दुर्गा शंकर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि आगामी पहली अप्रैल से संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा स्कूल चलो अभियान प्रारम्भ हो रहा है, इस अभियान को सफल बनाने के लिए समस्त जिलाधिकारी सम्बन्धित विभागों के साथ बैठक कर माइक्रो प्लान समय से तैयार कर लें और उसके अनुसार साप्ताहिक समीक्षा बैठक करें। इसी प्रकार दस्तक अभियान आगामी 17 अप्रैल से प्रारम्भ हो रहा है, इसकी समस्त तैयारियां व प्लानिंग समय से पूरी कर ली जाए। अभियान में जनप्रतिनिधियों की सहभागिता अवश्य सुनिश्चित कराई जाए।

मुख्य सचिव बुधवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी मंडलायुक्तों व जिलाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, बेसिक शिक्षा, नगर विकास, नमांमि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आदि विभागों के कायों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि शहरों की सफाई-व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रहनी चाहिए। कहीं भी पानी एकत्रित न हो। वेक्टर जनित रोगों से बचाव के लिए फॉगिंग कराई जाए। जिलाधिकारी क्षेत्र भ्रमण के दौरान सफाई व्यवस्था का भी निरीक्षण करें। उन्होंने कहा कि गर्मी में लोगों को पेयजल के लिए परेशान नहीं होना पड़े, इसके लिए अभी से ही योजना बनाकर काम शुरू कर दें। क्षेत्र में कहां-कहां पानी की समस्या आ सकती है, इसको लेकर अभी से सतर्कता बरतते हुए समय रहते कार्य योजना तैयार कर ली जाए। मुख्य सचिव ने कहा कि रक्तदान जीवनदान है। हमारे द्वारा किया गया रक्तदान कई जिंदगियों को बचाता है। रक्तदान करने से कोई बीमारी नहीं होती है।

## सफलता के लिए सबसे महत्वपूर्ण है एटीट्यूड



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्य** सचिव की अध्यक्षता में कार्यक्षमता वृद्धि व्याख्यानमाला के अन्तर्गत चतुर्थ प्रस्तुतीकरण दिया गया। व्याख्यानमाला में प्रख्यात लेखक, शिक्षाविद् एवं मोटिवेशनल स्पीकर डॉ. शिव खेड़ा ने 'बड़ी उपलब्धि के लिए सफलता की ज्योति जलाएं' विषय पर प्रस्तुतीकरण दिया। मुख्य सचिव ने कहा कि यह व्याख्यानमाला प्रदेश के सचिवालयकर्मियों की क्षमता वृद्धि के लिए शुरू की गई थी। उन्होंने कहा कि शिव खेड़ा से बहुत सारी बातें सीखने को मिलती हैं। उनकी कहीं बातों पर अमल किया जाए तो बहुत कुछ हासिल कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे अधिकारियों, कर्मचारियों के पास मौका है कि वह बहुत कुछ कर सकते हैं। हमारा प्रदेश और देश बहुत तेजी से बदल रहा है। इस कायाकल्प की प्रक्रिया में उनका भी योगदान हो सकता है। यह हम सबका सौभाग्य है कि जो परिवर्तन की लहर है हम भी उसके वाहक बन सकते हैं। सफलता के लिए सबसे महत्वपूर्ण है एटीट्यूड।

## अल्पसंख्यक वर्ग की सामाजिक व आर्थिक उन्नति करना सरकार की प्राथमिकताः धर्मपाल सिंह

**लखनऊ।** अल्पसंख्यक कल्याण वक्फ एवं हज विभाग के मंत्री धर्मपाल सिंह ने बुधवार को विधान भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में विभागीय बजट एवं आगामी कार्ययोजना के संबंध में उच्च स्तरीय बैठक की। इस बैठक में उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक वर्ग की सामाजिक, शैक्षिक एवं आर्थिक उन्नति करना सरकार की प्राथमिकता में है। अल्पसंख्यक वर्ग के युवाओं को कौशल विकास से जोड़ने के लिए प्रभावी नीतियॉ बनाई जाएए जिससे कि उनको रोजगार और स्वरोजगार के भरपूर अवसर उपलब्ध कराये जा सकें। अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री ने कहा कि अल्पसंख्यक कल्याण के सर्वांगीण विकास के लिए यह आवश्यक है कि उनके लिए आधुनिक शिक्षा और बुनियादी व्यवस्थायें समुचित रूप से उपलब्ध हो। इसलिए अल्पसंख्यक बाहुल्य क्षेत्रों में प्रधानमंत्री जनविकास कार्यक्रम के तहत संचालित परियोजनाओं को तय समय में पूरा करने के लिए कार्यों में तेजी लाकर क्रियाशील किया जाय।

## ट्रेनी आईएफएस अधिकारियों से मिले औद्योगिक विकास मंत्री



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** सरकार के औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन एनआरआई एवं निवेश प्रोत्साहन मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने बुधवार को इंडक्शन ट्रेनिंग प्रोग्राम के तहत लखनऊ पहुंचे भारतीय विदेश सेवा के तीन अधिकारियों से पिकअप भवन सभागार में मुलाकात की।

इस दौरान उन्हें प्रेजेंटेशन के माध्यम से इन्वेस्ट यूपी और निर्यात प्रोत्साहन विभाग की योजनाओं और प्रदेश के औद्योगिक विकास की प्रगति से अवगत कराया। साथ ही उनसे अपेक्षा की गई कि वे विदेशों में उत्तर प्रदेश की उपलब्धियों का प्रचार प्रसार करें। मंत्री नन्दी ने कहा कि उद्योगों को स्थापित करने के लिए माननीय मुख्यमंत्री के नेतृत्व में बने निवेश के सकारात्मक माहौल से विदेशों के निवेशकों को अवगत कराएं कि किस तरह कल का बीमारू राज्य के रूप में जाना जाने वाला उत्तर प्रदेश आज देश का ग्रोथ इंजन बनने जा रहा है। मंत्री नन्दी ने अधिकारियों से कहा कि विदेशों में जो ट्रेड एसोसिएशन हैं उनको वकवच के बारे में बताएं। निवेश की संभावनाओं के बारे में बताएं। प्रशिक्षण दौरे में आईएफएस अधिकारी संपदा त्रिवेदी, ज्योति यादव और आयुष कुमार शिवहरे शामिल रहे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता के साथ ही प्रमुख सचिव औद्योगिक विकास नरेंद्र भूषण व अन्य अधिकारी गण मौजूद रहे।

# एटीएस की ताबड़तोड़ कार्रवाई ने तोड़ी आतंकी संगठनों की कमर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** सरकार द्वारा सेंट्रल एजेंसियों के साथ बेहतर समन्वय, इन्फ्र इस्ट्रक्चर का अपग्रेडेशन, गाजियाबाद, लखनऊ और अयोध्या में स्पॉट का गठन करते हुए ऑप्स 11 फील्ड यूनिट व 18 टीमों की स्थापना ने प्रदेश में आतंक के खिलाफ लड़ाई को निर्णायक स्तर पर मजबूती प्रदान की है। जिसके चलते आज यूपी आतंकवाद और नक्सल उग्रवाद के दंश से मुक्त प्रदेश बन चुका है। 6 साल पहले प्रदेश की सत्ता संभालने के बाद योगी सरकार ने एटीएस को अत्याधुनिक तकनीक, अस्त्र-शस्त्र, साइबर एक्सपर्ट, आधुनिक सॉफ्टवेयर, ऐप्स, विश्वस्तरीय प्रशिक्षण, टूल्स, मॉक एवं ड्रिल्स, आधुनिक सॉफ्टवेयर, डिजिटल फॉरेंसिकए वीडियो फ रेंसिक, बिग डेटा एनालिसिस से युक्त करते हुए प्रभावी कार्रवाई को अमल में लाने का काम किया है। अगर बीते केवल एक वर्ष के आंकड़े पर नजर डालें तो एटीएस ने पुरस्कार घोषित 10 आतंकियों को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा आईएसआईएस, जैश ए मोहम्मद, अलकायदा, आईएसआई और अन्य आतंकी संगठनों से जुड़े 21 लोगों को एटीएस ने धर-दबोचने में कामयाबी हासिल की है। वहीं पीएफआई, रोहिंग्या, बांग्लादेशी और नक्सल उग्रवादी संगठन से जुड़े 13 लोगों को एंटी टेरेरिटस्ट स्क्वायड ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। साथ ही जाली करेंसी के खिलाफ भी योगी सरकार में प्रभावी कार्रवाइयां हुई हैं। इस धंधे से जुड़े लोगों की धरपकड़ लगातार जारी है। अवैध सिम बॉक्स का संचालन करने वाले 11 लोगों को एक साल के अंदर यूपी एटीएस की टीम ने गिरफ्तार किया है। ऐसे ही आतंकियों को अवैध हथियार मुहैया कराने वाले 15 लोगों को एटीएस ने गिरफ्तार किया है। साथ ही अन्य राज्यों के वांछित आतंकियों की गिरफ्तारी में भी योगी शासन में प्रभावी कदम उठाए गये हैं। कौन भूल सकता है सदी के पहले दशक में यूपी में एक के बाद एक हुए आतंकी धमाकों ने ना सिर्फ आम जनता को भयभीत कर रखा था, बल्कि कई बार सत्ता पक्ष की ओर से आतंकी संगठनों को मिलने वाली मौन सहमति ने इन्हें प्रदेश में फलने-फूलने का पूरा मौका भी दिया। एक के बाद एक हुए दर्जनों बम धमाकों ने सैकड़ों लोगों को धार्मिक उन्मादियों की कट्टरता का शिकार बनाया। वाराणसी रेलवे स्टेशन और संकटमोचन मंदिर का सीरियल बम ब्लॉस्ट हो या लखनऊ, फैजाबाद और बनारस कचहरी में हुआ आतंकी ब्लास्ट, इन धमाकों को याद करके आज भी प्रत्यक्षदर्शियों की आंखों में दहशत साफ झलकती है।

## भाजपा सरकार किसानों को धोखा दे रही हैः अखिलेश



**लखनऊ।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि जबसे भाजपा सरकार बनी है प्रदेश में किसानों को लगातार अपमानित और प्रताड़ित किया जा रहा है। उन्हें धोखा पर धोखा दिया जा रहा है। ओलावृष्टि और असमय बरसात से किसानों की फसलों को भारी क्षति हुई, किन्तु किसानों को राहत देने से भाजपा सरकार लगातार मुंह चुराती नजर आई हैं। कर्ज, महंगाई और उपेक्षा से परेशान कई किसानों ने आत्महत्या तक कर ली है। अखिलेश ने कहा कि बेमौसम बरसात और ओलावृष्टि से प्रत्येक किसान का नुकसान लाखों में हुआ। भाजपा सरकार केवल दो से तीन हजार मुआवजा देकर उनके जख्मों पर नमक डालने का काम कर रही है। यह किसानों का अपमान नहीं तो क्या है, भाजपा सरकार औद्यानिक फसलों पर कोई मुआवजा नहीं दे रही है। बुन्देलखंड में ओलावृष्टि से फसल खराब होने पर 12 दिनों में 5 किसानों की जानें चली गई। तीन किसानों ने आत्महत्या कर ली जबकि दो किसानों को दिल का दौरा पड़ गया।

भाजपा सरकार किसानों के हित साधन के बजाय पूंजीघरानों के प्रति सहानुभूति रखती है। भाजपा सरकार की फसल बीमा योजना धोखा साबित हो रही है। इस फसल बीमा योजना से किसान को नहीं सिर्फ बीमा कम्पनियों को फायदा हो रहा है। किसानों के हिस्से की रकम भाजपा सरकार निजी बीमा कम्पनियों को बीमा के नाम पर दे रही है। मुआवजा एवं क्लेम के नाम पर बीमा कम्पनियां किसानों को क्लेम देने में आनाकानी कर रही है। उन्होंने कहा कि सच तो यह है कि भाजपा सरकार के किसी भी वादे पर भरोसा नहीं किया जा सकता है। गन्ना किसान हो या आलू किसान सब परेशान है। फसलों पर एमएसपी नहीं मिल रही है। किसान की आय दोगुनी करने का वादा जुमला निकला।

# जल्द शुरू होगी प्रत्याशियों के चयन की प्रक्रियाः चौधरी

## भाजपा अपने स्थापना दिवस पर बूथ स्तर पर आयोजित करेगी कार्यक्रम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**भारतीय** जनता पार्टी के प्रदेश पदाधिकारियों व क्षेत्रीय अध्यक्षों की बैठक बुधवार को पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी की अध्यक्षता में राज्य मुख्यालय पर सम्पन्न हुई। पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व प्रदेश प्रभारी राधा मोहन सिंह तथा प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह की उपस्थिति में हुई बैठक में आगामी कार्ययोजना तथा नगर निकाय चुनाव पर चर्चा हुई। पार्टी ने तय किया कि अपने स्थापना दिवस 6 अप्रैल को बूथ स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों को आयोजित करेगी। जबकि 14 अप्रैल को बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की जयन्ती पर एक सप्ताह तक विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम पार्टी के द्वारा किये जाएगें। बैठक के उपरान्त भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने बताया कि निकाय चुनाव के प्रत्याशियों की चयन प्रक्रिया जल्द ही शुरू होगी। उन्होंने बताया कि संगठन की दृष्टि से हामरी तैयारी पहले से ही है। न्यायालय के आदेश से निकाय चुनाव स्थगित हुए थे। चुनाव की अधिसूचना जारी होते ही प्रत्याशी चयन का काम भाजपा शूरू कर दगी। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि नवनियुक्त प्रदेश पदाधिकारियों व क्षेत्रीय अध्यक्षों की इस बैठक का उद्देश्य परिचय के साथ ही संगठनात्मक कार्यों तथा नगर निकाय चुनाव की आगामी कार्ययोजना पर चर्चा है। उन्होंने कहा कि भाजपा का लगातार जनाधार बढ़ रहा है और उसी गति से विपक्ष के षड़यंत्र भी बढ़ रहे है। इन सब परिस्थितियों के बीच हमें निश्चित सफलता के फार्मूले पर काम करना है। उन्होंने कहा कि नगरीय निकायों के विकास में भाजपा सरकार के कार्यों के साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की केन्द्र सरकार तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की प्रदेश भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर पार्टी नगर निकाय चुनाव में जनता के बीच जाएगी और यही भाजपा की जीत का आधार बनेगी। चौधरी ने कहा कि विपक्ष की राजनीति झूठ, षड़यंत्र व प्रपंच पर केन्द्रित है जबकि भाजपा की राजनीति के केन्द्र में सबका साथ सबका विकास व सबका विश्वास समाहित है।



पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व प्रदेश प्रभारी राधा मोहन सिंह ने प्रदेश की नई टीम के सभी सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि समय समय पर कार्यकर्ताओं की भूमिका में परिवर्तन होता रहता है, परन्तु संगठन का कार्य निरन्तर चलता रहता है। इसलिए हमारे अन्दर सदैव कार्यकर्ता भाव रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में संगठनात्मक कार्यों के साथ ही नगरीय निकाय चुनाव तथा लोकसभा चुनाव में शतप्रतिशत सफलता के मंत्र के साथ जुटना है। प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने कहा कि पार्टी 6 अप्रैल स्थापना दिवस को बूथ स्तर पर मनाएगी तथा 11 अप्रैल को महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती मनाएगी। उन्होंने कहा कि 14 अप्रैल डा. भीमराव अम्बेडकर की जयंती से पार्टी एक सप्ताह तक विभिन्न जनसरोकार के कार्यों से जुड़ेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी का बूथ सशक्तिकरण अभियान चल रहा है, जिसमें पन्ना प्रमुखों की भी जिम्मेदारी तय की जा रही है। बूथ की मजबूत संरचना तथा भाजपा सरकारों की योजनाओं व ऐतिहासिक निर्णयों के साथ भाजपा नगर निकाय चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि संगठनात्मक कार्यों तथा चुनाव के दौरान प्रत्येक पदाधिकारी, नेता व कार्यकर्ता को जिम्मेदारी सौंपकर सभी की क्षमताओं का सदुपयोग करके विजय की रणनीति तैयार करना ही संगठनात्मक कौशल है। नवनियुक्त प्रदेश पदाधिकारी एवं क्षेत्रीय अध्यक्षों को संगठनात्मक कौशल के साथ संगठन के अभियानों तथा चुनावों में सफलता के प्रतिमान स्थापित करने की शुभकामनाएं।

# करोड़ों की भूमि हड़पने की साजिश विफल

● भू-माफियाओं ने तालाबों की करोड़ों रुपये की बेशकीमती भूमि तहसील प्रशासन से सांठ-गांठ कर संक्रमणीय भूमिधरी में दर्ज करा ली थी

● तहसील प्रशासन ने तालाबों की पैमाइश कराकर कब्जा मुक्त कराया।



संवाददाता। गोला गोकर्णनाथ खीरी

**नगर** के नवीन बाईपास पर तालाबो की करोड़ो रुपये की बेशकीमती भूमि पर भूमाफियाओं ने तहसील प्रशासन से सांठ-गांठ कर संक्रमणीय भूमिधरी में दर्ज करा ली थी। जिसकी शिकायत जिलाधिकारी से की गई जिसके बाद उपजिलाधिकारी ने पैनल लायर से वाद दायर कराकर एसडीएम कोर्ट में इसे निरस्त कर तालाबों की भूमि अभिलेखों में दर्ज कराई। तहसील प्रशासन ने तालाबों की पैमाइश कराकर कब्जा मुक्त कराया। नगर के नवीन बाईपास के निकट गाटा संख्या 1940/0.88, 1941/0.31, 1942/ 0.52 एकड़ तालाब की भूमि को संक्रमणीय भूमिधरी कर अभिलेखों मे दर्ज कर दिया गया। मामला डीएम तक पहुंचा जिलाधिकारी ने वर्तमान उपजिलाधिकारी रत्नाकार मिश्र को मामले को गम्भीरता से लेने के लिए निर्देशित किया। जिसके बाद उपजिलाधिकारी ने पैनल लायर से वाद दायर कराकर एसडीएम कोर्ट मे इसे निरस्त कर 24 मार्च को तालाबों की भूमि अभिलेखों में दर्ज कराई। जिसके बाद प्रशासन सक्रिय हो गया। उपजिलाधिकारी रत्नाकार मिश्र, तहसीलदार विनोद कुमार गुप्ता, नायब तहसीलदार सर्वेश यादव व अरुण सोनकर लेखपाल आदि ने पहुंचकर जमीन की पैमाइश कर कब्जा खाली कराया। एसडीएम के अनुसार तालाबों को अमृत सरोवर के तहत सौदर्यीकरण कराया जायेगा। प्रशासन ने उक्त भूमि पर चालीस वर्ष पूर्व बनी मजार व मां काली के मन्दिर को नही हटाया है। वहीं मन्दिर के पुजारी के अस्थाई घर को उजाड़ दिया गया है और पुजारी के रहने की कोई व्यवस्था नही की है। जबकि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री का सख्त निर्देश है कि गरीबों के घर को उजाड़ा नही जायेगा। तालाब की भूमि को संक्रमणीय भूमिधरी में दर्ज करने में जिन अधिकारियों की भूमिका है वह निसदेह ही चिंताजनक है जो नगर की बेशकीमती तालाबों की भूमि को भू माफियाओं के हवाले करने की कवायद में जुटे थे, ऐसे अधिकारियों की जांच कर कानूनी कार्यवाही करनी चाहिए, पर अभी तक किसी भी अधिकारी पर गाज नही गिरी है और गलती सुधार का प्रयास किया गया। जिससे नगरवासियों में रोष है।

# अष्टमी पर नैमिषारण्य में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

संवाददाता। सीतापुर

**चैत्र** नवरात्र की अष्टमी के अवसर पर तीर्थ नगरी नैमिषारण्य में श्रद्धालुओं का भारी आवागमन लगा रहा। भारी भीड़ के चलते मां ललिता देवी मंदिर के कपाट सुबह 5 बजे से ही खोल दिए गए थे। देश के कोने कोने से बड़ी संख्या में आये श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से माता के श्रीचरणों में विधि विधान सहित पूजा अर्चना की। बड़ी संख्या में भक्तों ने मन्दिर प्रांगण स्थित प्राचीन हवनकुंड में आहुतियां प्रदान कीं। मंदिर प्रांगण में आचार्यों,भक्तों ने दुर्गा सप्तसती का पाठ किया। मंदिर प्रांगण में श्रद्धालुओं द्वारा बड़ी संख्या में मुंडन संस्कार सम्पन्न हुए, भक्तों द्वारा कन्या भोज कराया गया। सीतापुर के बिसवां में माँ दुर्गाष्ठमी के अवसर पर मां शीतला देवी मंदिर प्रांगण में समाजसेवी मोहित जायसवाल और उनकी पत्नी श्वेता जायसवाल द्वारा 501 कन्याओं का विधिवत पूजन अर्चन और भोजन कराया गया। कन्या पूजन के पूर्व पंडित अजय मिश्रा द्वारा विधिवत हवन पूजन कराया। इस मौके पर पीयूष शर्मा, आशीष गुप्ता, पीयूष मौर्य, सीमा शुक्ला, वीरेंद्र विक्रम सिंह, आनंद मिश्रा, पप्पू सिंह, सुनीता अग्रवाल, निधि सिंघल गप्पू पंडित आदि मौजूद रहे।

### वार्षिकोत्सव और सम्मान समारोह आयोजित

**सीतापुर** के लहरपुर तहसील अंतर्गत जूनियर हाईस्कूल डिंगुरपुर में वार्षिकोत्सव और सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसके मुख्य अतिथि हिंदी साहित्य परिषद अध्यक्ष संतोष कश्यप रहे। अध्यक्षता अनवर अली ने की, जबकि कार्यक्रम का संचालन शिक्षक रामचंद्र वर्मा ने किया। सर्वप्रथम प्रधानाध्यापक मुशीर अहमद ने आगंतुकों का स्वागत किया। शिक्षक अनवर अली, संतोष कश्यप, समाजसेवी जेड आर रहमानी ने उपस्थित शिक्षकों तथा अभिभावकों को संबोधित किया। कार्यक्रम में शिक्षक मुख्तार अहमद अंसारी, शिक्षक मोहम्मद हफीज, शिव सागर वर्मा, त्रिवेंद्रम चौधरी ,जैनुल हसन, उमेश चंद्र वर्मा ,जुबेर वारिस आदि मौजूद रहे।

### कांग्रेस का एक दिवसीय संकल्प सत्याग्रह

**सीतापुर** शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में एक दिवसीय संकल्प सत्याग्रह का आयोजन किया गया। पूर्व एमएलसी हरीश बाजपेई, पूर्व जिलाध्यक्ष विनीत दीक्षित, नगर अध्यक्ष संतोष भार्गव ने उपस्थित कांग्रेस जनों को संबोधित करते हुए मोदी सरकार को घेरा। वक्ताओं ने राहुल गांधी की सदस्यता रद्द किए जाने पर भी सवाल उठाए। कार्यक्रम में राष्ट्रीय महिला आयोग की पूर्व सदस्य शमीना शफीक, जिला उपाध्यक्ष शिशिर बाजपेई, पीसीसी सदस्य धीरेश कश्यप, अल्पना सिंह, राकेश अवस्थी, जमुना प्रसाद शर्मा, संजय दीक्षित, जेपी शुक्ला, मसरूर अली, नागराज कश्यप, गुफ्रान खान, इकबाल अंसारी, महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष निर्मला चौधरी, शहर अध्यक्ष शबनम तबस्सुम, अरुणा मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### संचारी रोग नियंत्रण हेतु होगा घर-घर जागरूकता अभियान

**डीएम** अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की बैठक आयोजित हुई। डीएम ने सीएमओ डा0 मधु गैरोला से विगत वर्षों में वेक्टर वार्न डिजीज सहित अन्य संचारी रोगों की स्थिति एवं बचाव व जागरूकता हेतु चलाये जा रहें अभियान एवं प्रयासों आदि में जनपद की प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त की। सीएमओ ने बताया कि संचारी रोग नियत्रण अभियान, दस्तक अभियान जो आगामी 01 अप्रैल से 30 अप्रैल 2023 तक चलाया जाएगा। जिसमें 17 से 30 अप्रैल 2023 तक आशा एवं आगनवाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा दस्तक अभियान के तहत घर-घर जाकर एई, जेई, बुखार रोगियों को चिन्हित कर जागरूक किया जाएगा।

# शाहजहांपुर से हो तेजस एक्सप्रेस और वंदे भारत एक्सप्रेस का संचालन

संवाददाता। शाहजहांपुर।

**नई दिल्ली** में सांसद राज्यसभा श्री मिथिलेश कुमार कठेरिया जी ने रेल मंत्री श्री अश्वनी वैष्णव से भेंट कर नई दिल्ली से मुरादाबाद, बरेली, शाहजहांपुर होते हुए लखनऊ के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस तथा तेजस एक्सप्रेस के संचालन के संबंध में एक पत्र सौंपा। पत्र के माध्यम से सांसद राज्यसभा मिथिलेश कुमार कठेरिया ने रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव को अवगत कराया कि उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद, बरेली, शाहजहांपुर उत्तर प्रदेश के प्रमुख औद्योगिक शहर हैं। वर्तमान समय में



बंदे भारत ट्रेन की मांग हर रूट पर चल रही है। उपरोक्त तीनों शहर औद्योगिक क्षेत्र से जुड़े होने के कारण यहां पर व्यवसायियों तथा सरकारी अधिकारियों का निरंतर आना-जाना दिल्ली से लखनऊ के लिए बना रहता है। इस रूट पर कोई भी शताब्दी ट्रेन नहीं चलती है। अनेक जनप्रतिनिधियों, व्यापारियों ने अनुरोध किया है कि उक्त रूट पर वंदे भारत एक्सप्रेस तथा तेजस एक्सप्रेस ट्रेन का संचालन कराया जाए। जिससे लोगों को दिल्ली, लखनऊ जाने में काफी सहूलियत हो। मा0 सांसद राज्यसभा मिथिलेश कुमार कठेरिया जी ने रेल मंत्री श्री अश्वनी वैष्णव जी से मांग की है। कि मुरादाबाद, बरेली, शाहजहांपुर के रास्ते लखनऊ तक वंदे भारत तथा तेजस एक्सप्रेस का संचालन करवाया जाए। जिससे लोगों को आवागमन में काफी सहूलियत मिल सके।

# मन-रोग है बाइपोलर डिसऑर्डर

संवाददाता। लखीमपुर खीरी



**बाइपोलर** डिसऑर्डर, जिसे बाइपोलर अफेक्टिव डिसऑर्डर भी कहा जाता है, एक मूड डिसऑर्डर है। इसे मैनिक डिप्रेशन कहा जाता था। बाइपोलर डिसऑर्डर आपके मूड को अत्यधिक उच्च से अत्यधिक निम्न तक हो सकता है। लक्षणों में बढ़ी हुई ऊर्जा, उत्तेजना, अजीब व्यवहार और आंदोलनत्मक व्यवहार शामिल हो सकते हैं। अवसादग्रस्त लक्षणों में ऊर्जा की कमी, बेकार महसूस करना, कम आत्मसम्मान और आत्मघाती विचार शामिल हो सकते हैं। आपको मानसिक लक्षण भी हो सकते हैं। मानसिक लक्षणों का मतलब यह हो सकता है कि आप ऐसी चीजें देखते और सुनते हैं जो वास्तविक लगती हैं, लेकिन वे मौजूद नहीं हैं। बाइपोलर डिसऑर्डर का इलाज दवा या टॉकिंग थैरेपी से किया जाता है। जिला चिकित्सालय खीरी में कार्यरत डॉ. अखिलेश शुक्ला ने बताया कि बाइपोलर डिसऑर्डर जीवन भर चलने वाली मानसिक स्वास्थ्य समस्या हो सकती है जो मुख्य रूप से आपके मूड को प्रभावित करती है। यह प्रभावित करता है कि आप कैसा महसूस करते हैं और आपका मूड बड़े पैमाने पर बदल सकता है। आमतौर पर 20 वर्ष की आयु से पहले बाइपोलर डिसऑर्डर होता है लेकिन यह 40 वर्ष की आयु के बाद बहुत कम लोगो में होता है। बाइपोलर डिसऑर्डर में मानसिक लक्षण आपके मूड को दर्शा सकते हैं। उदाहरण के लिए, यदि आपका एक उन्मादी दिमाग़ है, तो आप मान सकते हैं कि आपके पास विशेष शक्तियां हैं। यदि आपको अवसादग्रस्तता होती है, तो आपको लगता है कि आपने जो कुछ किया है, उसके लिए आप बहुत दोषी महसूस कर सकते हैं कि आप किसी और से भी ज्यादा बदतर है। आपको भी इसके विकसित होने की अधिक संभावना है। वैज्ञानिकों का कहना है कि किसी एक जीन को बाइपोलर डिसऑर्डर से नहीं जोड़ा जा सकता है। आपके तत्काल परिवार में कोई व्यक्ति बाइपोलर डिसऑर्डर के साथ रह सकता है।

# इंडिया होटल के चार कमरे सीज

संवाददाता। शाहजहांपुर



**नगर** आयुक्त संतोष कुमार शर्मा के निर्देशों के अनुपालन में मुख्य कर निर्धारण अधिकारी राकेश कुमार सोनकर के नेतृत्व में वृहद स्तर पर वसूली अभियान चलाया जा रहा है। राकेश कुमार सोनकर के नेतृत्व में नगर निगम टीम द्वारा नगर क्षेत्र के सिंजई स्थित भवन सं0-326 से 328 पर दर्ज भवन स्वामी डॉ0 रमाकांत सुमेर नर्सिंग होम पर गृहकर जलकर का बकाया धनराशि 16, 37,746 रुपये मार्च 2023 तक न जमा करने की दशा में वसूली अभियान के दौरान मौके पर ही 2 लाख रुपए का भुगतान चेक द्वारा किया गया एवं शेष धनराशि के शीघ्र भुगतान किए जाने का आश्वासन दिया गया। तारीन बहादुरगंज स्थित भवन सं0-974 पर दर्ज भवन स्वामी नवजीवन चाइल्ड केयर सेंटर व नर्सिंग होम (डॉ ग्रीश चन्द्र शुक्ला) पर बकाया धनराशि 7,11 402 रुपये न जमा करने की दशा में वसूली अभियान के दौरान साढ़े तीन लाख रूपए का भुगतान चेक द्वारा किया गया, शेष भुगतान शीघ्र किये जाने का आश्वासन दिया गया। बाजार बहादुरगंज स्थित भवन सं0-114 पर दर्ज भवन स्वामी हूर बानो बेगम पत्नी मो जमीर पर बकाया धनराशि 1,49,228 रुपये न जमा करने की दशा में वसूली अभियान के दौरान स्वामी अध्यासी द्वारा भुगतान न किये जाने पर भवन में संचालित इंडिया होटल के चार कमरे सीज किये गये। बाजार बहादुरगंज स्थित भवन सं0- 492 पर दर्ज भवन स्वामी मो अब्दुल लतीफ खां पुत्र अब्दुल हामिद खां पर बकाया धनराशि 5,84,714 रुपये न जमा करने की दशा में वसूली अभियान के दौरान भवन में संचालित भारतीय स्टेट बैंक शाखा बहादुरगंज पर रेन्ट अटैच की कार्यवाही की गयी। उक्त कार्यवाही कर अधीक्षक सदानंद एवं विजय कुमार, राजस्व निरीक्षक अश्वनी अवस्थी, शिवपूजन सिंह एवं सुनील कुमार की उपस्थिति में की गई।

## क्विक न्यूज

### बालिका एथलीट एवं खो खो प्रतियोगिता का आयोजन

**शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर के हथोड़ा स्थित जदुनाथ सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम में जिला ओलंपिक संघ शाहजहांपुर संदेश सोशल एवं कल्चरल सोसायटी द्वारा बालिका एथलीट एवं खो खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के तौर पर पुवायां विधानसभा की पूर्व विधायक श्रीमती शकुंतला देवी ने खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। खेल प्रतियोगिता में बालिका एथलीट में 100, 400, 800 मीटर दौड़ एवं खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। जिसमें विभिन्न स्कूलों से आईं बालिकाओं ने प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर



हिस्सा लिया। पूर्व विधायक श्रीमती शकुंतला देवी जी ने हरी झंडी दिखाकर 100, 400, 800 मीटर दौड़ प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता कार्यक्रम में महिला कल्याण विभाग की टीम भी मौजूद रही। इस दौरान पूर्व विधायक श्रीमती शकुंतला देवी ने कहा कि आज के समय में लड़कियां खेलों में प्रदेश और देश का नाम रोशन कर रही हैं।

### साधन सहकारी समितियां हो सकती हैं वरदान

**निघासन-खीरी।** अगर सही ढंग से काम करें तो साधन सहकारी समितियां किसानों के लिए वरदान साबित हो सकती हैं। उक्त उद्गार ग्रह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी के छोटे सुपुत्र डॉ अभिमन्यु मिश्रा ने साधन सहकारी समिति खैरागढ़ और नौरंगाबाद में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में व्यक्त किए। गौरतलब है कि साधन सहकारी समिति खैरागढ़ और नौरंगाबाद में मुख्य अतिथि डॉ अभिमन्यु मिश्रा एवं विशिष्ट अतिथि सांसद प्रतिनिधि संजय सिंह सेंगर द्वारा सहकारी समिति के नवनिर्वाचित अध्यक्ष राम सिंह तथा साधन सहकारी



समिति नौरंगाबाद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष राकेश कुमार तिवारी सहित सहकारी समिति के सभी संचालकों को शपथ ग्रहण कराया गया । इस अवसर पर साधन सहकारी समिति के सचिव रवि कुमार शुक्ला, खैरीगढ़ प्रधान सुखदेव सिंह, मिश्री लाल कनौजिया, लव कुश अवस्थी, रमन जायसवाल, डॉ एन यू खान, बबलू गुप्ता, उत्तम कुमार सोनी, नगर पंचायत सिंगाही अध्यक्ष उत्तम कुमार मिश्रा, उमाकांत जयसवाल की मौजूदगी रही।

### श्रीराम मूर्ति मैमोरियल टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट 30 से

**बरेली।** एसआरएमएस ट्रस्ट की ओर से श्रीराममूर्ति मैमोरियल टी- 20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। 30 अप्रैल से आरंभ होने वाले इस टूर्नामेंट में आठ टीमें हिस्सा लेंगी। एसआरएमएस इंजीनियरिंग कालेज स्थित श्रीराममूर्ति स्मारक क्रिकेट स्टेडियम में होने वाले इस टूर्नामेंट का फाइनल सात अप्रैल को होगा। इसमें विजेता टीम को ट्राफी के साथ 31 हजार रुपये और रनर अप को ट्राफी के साथ 21 हजार रुपये प्रदान किए जाएंगे। यह जानकारी आयोजन समिति के सचिव मनीष सिंह ने दी। मनीष ने कहा कि टूर्नामेंट में शामिल टीमों को दो ग्रुपों में रखा गया है और सभी टीमें 3-3 मैच खेलेंगी। दोनों पूल से ज्यादा मैच जीतने वाली 1-1 टीम फाइनल में पहुंचेगी। टूर्नामेंट का आगाज 30 मार्च को सुबह नौ बजे एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी और 22 याडर्स के मैच से होगा। प्रत्येक दिन 2-2 मैच खेले जाएंगे। फाइनल सहित टूर्नामेंट में 13 मैच खेले जाएंगे। टूर्नामेंट का आखिरी लीग मैच चार अप्रैल को अल्मा मातेर क्रिकेट एकेडमी और एयरफोर्स बरेली के बीच होगा। मनीष ने कहा कि टूर्नामेंट को बरेली क्रिकेट एसोसिएशन ने मान्यता प्रदान की है। विजेता और उपविजेता टीमों के साथ खिलाड़ियों के पास भी मैन आफ द टूर्नामेंट खिताब हासिल करने का मौका होगा।

### मच्छरों का प्रकोप जारी

**मोहम्मदी खीरी।** मौसम में बदलाव के साथ ही नगर में मच्छरों का प्रकोप तेजी के साथ शुरू हो गया है। मच्छरों के लगातार बढ़ रहे प्रकोप के बावजूद पालिका व स्वास्थ्य विभाग की कुंभकर्णी नींद नहीं खुलने से नगरवासी परेशान हैं तथा रात मे लोगो का सोना हराम सा हो गया है। वहीं इन मच्छरो की वजह से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ओपीडी सहित अन्य अस्पतालो मे मरीजों का ग्राफ बढ़ गया है। इनमें खासतौर पर मलेरिया और वायरल के मरीज अधिक संख्या में पहुंच रहे हैं। इसके बावजूद मच्छर निरोधी दवा का छिड़काव क्षेत्र में नहीं कराया जा रहा है। मच्छरों की संख्या दिन ब दिन बढ़ती जा रही है। नगरवासियों ने मच्छरो से बचाव के लिये नगर पालिका से छिडकाव कराने की माग की है, वही फागिंग मशीन नगर पालिका मे उपलब्ध है इसके बाद भी उक्त मशीन का प्रयोग नहीं किया जा रहा है, जो चिंता का विषय है।

### टैंपो और ईको की भिड़त में आधा दर्जन घायल

**बरेली।** टेंपो और इको कार की टक्कर में कई लोग घायल हो गए उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। कैंट के मिर्जा पुर गांव के पास टैंपो और ईकों की जबरदस्त भिड़त हो गई जिससे दोनों वाहनों में सवार आधा दर्जन लोग घायल हो गए उपचार के लिए उन्हें क्यारा सीएचसी ले जाया गया जहां डाक्टर ने बगैर रैफर लैंटर बनाए मरीजों को जिला अस्पताल में भेज दिया वहां आने के बाद घायलों को दोबारा रैफर लैटर न होने के कारण क्यारा सीएचसी सेंटर जाना पड़ा घायलों को उपचार मिलने के बदले उन्हें क्यारा तक की दौड़ करनी पड़ी। कल दोपहर को क्यारा से कुछ दूर मीरजापुर गांव के पास टेंपों और ईको की जोरदार टक्कर हो गई जिससे टैंपो में सवार अजय उसकी पत्नी अनीता वेदपाल व टेंपो में सवार वीरेश व उसकी पत्नी कंचन समेत आधा दर्जन से ज्यादा सवारिया घायल हो गए गंभीर रुप से घायल पाचों मरीजों को उपचार के लिए सीएचसी सेंटर क्यारा भेजा गया वहां मौजूद डाक्टर ने मरीजों का उपचार करने के बदले उन्हे सीधे बरेली के लिए रैफर कर दिया जब घायल जिला अस्पताल पहुंचे तो उनका रैफर लैंटर न होने से उन्हें दोबारा क्यारा सीएचसी सेंटर जाना पड़ा।

### तीन फरार अपराधी गिरफ्तार

**बरेली।** लंबे समय से फरार चल रहे तीन अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा।बिथरी चौनपुर थाने के गांव मानपुर भूड निवासी मनोज कुमार पुत्र पुत्तूलाल, उमेश कुमार पुत्र बसंत लाल और मोर पाल पुत्र लटूरी को आज गिरफ्तार कर जेल भेजा पुलिस के अनुसार गिरफ्तार किए गए तीनों अपराधियों पर थाने वे कई मुकदमे दर्ज हैं और वह लंबे समय से फरार चल रहे थे पुलिस ने आज तीनों को गिरफ्तार कर जेल भेजा ।

### पुलिसकर्मी ने युवक से की मारपीट, वीडियो वायरल

**बरेली।** बड़े भाई की मौत के बाद छोटा भाई जब बड़े भाई से रकम उधार लेने बाले से रकम लेने पहुंचा तब उसने पुलिस की मदद से उसके साथ मार पीट की इससे वह घायल हो गया और उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया । थाना बारादरी क्षेत्र के मोहल्ला संजय नगर के रहने वाले विवेक शर्मा ने बताया की मोहल्ले में ही एक सिपाही ने उसके साथ जमकर मारपीट की, उसने इसी पिटाई का वीडियो बना लिया गया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। विवेक शर्मा ने बताया कि कुछ दिन पूर्व में उसके भाई की मृत्यु हो गई थी युवक ने बताया कि उसके मृतक भाई ने किसी को दस हजार रूपए उधार दिए थे।

# जेई व ठेकेदार की मिलीभगत से मानक विहीन ढंग से हो रहा कौरेया सड़क-निर्माण

संवाददाता। गोला गोकर्णनाथ

**लोक** निर्माण विभाग के गोला गोकर्णनाथ (खीरी) तहसील गोला के ग्राम कोरैया सड़क मार्ग का जीणोद्धार कार्य लोकनिर्माण विभाग से कराया जा रहा है जिसमें जेई व ठेकेदार द्वारा इस महत्वपूर्ण सड़क को मानकविहीन ढंग से और घटिया सामग्री लगा कर निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिम्मेदार अधिकारी जब मानकविहीन व घटिया सामग्री के उपयोग में सुधार के लिए गंभीर नहीं हुए, तो गुस्साए ग्रामीणों ने मौके पर जाकर ठेकेदार-मुंशी को जमकर फटकार लगाई, पर उनकी आवाज अनसुनी कर दी गई। प्रमुख समाजसेवी/पत्रकार होतीलाल रस्तोगी ने मौके पर जाकर देखा और ग्रामीणों से बातचीत की, उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री व लोकनिर्माण मंत्री को रजिस्टर्ड डाक से शिकायत भेजकर जांच व कड़ी कार्रवाई की मांग की है। जानकारी अनुसार बांकेगंज से खुटार रोड की लगभग दो किलोमीटर लम्बी सड़क पूरी तरह से टूट फूट गई थी और आवागमन की समस्या पैदा होने लगी थी । राहगीरों की इस गंभीर समस्या पर उ प्र सरकार ने इस सड़क का जीणोद्धार कराने का निर्णय लिया और इसका टेंडर निकाल कर प्रक्रिया पूरी करने के बाद इस सड़क का जीर्णोद्धार लखीमपुर के ठेकेदार को दिया गया, सड़क का बेहतरीन ढंग से निमार्ण व निगरानी के लिए एक



जूनियर इंजीनियर लोकनिर्माण को तैनात किया गया है। ठेकेदार ने मानक विहीन व घटिया सामग्री का उपयोग कर निर्माण कार्य चालू किया पहले उसने ग्राम पंचायत कोरैया के प्रधान पति को गुमराह किया बाद में अपने प्रभाव व संतुष्ट करके अपने साथ लाने में कामयाब रहा है। इससे ग्रामीणों में गुस्सा है उनका मानना है कि बगैर सड़क की कुटाई व जलवर्षा कराए ही सीधे बजडी तारकोल डालकर पेंटिंग का काम किया जा रहा है और लगभग सड़क का जीणोद्धार भी पूरा कर इतिश्री कर ली है। कांग्रेस के प्रहलाद पटेल ने भी आपत्ति जताई है। प्रमुख समाजसेवी व ग्रामीणों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री व लोक निर्माण मंत्री को पत्र भेजकर इस मानक विहीन व घटिया सामग्री का उपयोग करके सरकारी धन का बंदरबांट करके सड़क का जीणोद्धार, निर्माण कराया गया है जिसकी जांच व कार्रवाई जनहित में उचित है और इसकी जांच के बाद जिम्मेदार जेई को निलंबित कर ठेकेदार को तत्काल ब्लैक लिस्टेड किए जाने की मांग की है।

# अन्तर्सदन 'शूटिंग प्रतियोगिता' सम्पन्न

संवाददाता। सीतापुर

**रीजेन्सी** पब्लिक स्कूल रस्यौरा सीतापुर में अन्तर्सदन 'शूटिंग प्रतियोगिता' सम्पन्न हुई, जिसमें कक्षा 9 से 12 तक के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता का शुभारम्भ मुख्य अतिथि 'निगहत मिर्जा' तथा 'रीजेन्सी शैक्षिक समूह' के निदेशक ' ए. आर. जैदी' द्वारा किया गया। बालक वर्ग में टेरेसा सदन के 'स्वामी सिंह तोमर' ने प्रथम, टैगोर सदन के 'अंकित बिस्वास' द्वितीय, सर सैय्यद सदन के 'उज्ज्वल यादव' तीसरा स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में टेरेसा सदन की 'दिव्यांशी त्रिपाठी' ने प्रथम, नानक सदन की 'राधिका सोनी' ने द्वितीय और नानक सदन की 'काशवी गुप्ता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता का संचालन छात्रा दिया गुप्ता ने किया। मुख्य अतिथि तथा प्रधानाचार्या राशिदा जैदी ने पदक एवं प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कसेगा शिकंजा

संवाददाता । लखीमपुर खीरी।

**बुधवार** को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। बैठक का संयोजन, संचालन पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड तृतीय के अधि. अभियंता अनिल कुमार यादव ने किया। बैठक में जनपद में घटित दुर्घटनाओं का विश्लेषण, दुर्घटना संभावित क्षेत्रों, स्कूली वाहनों के मानकों अनुरूप होने पर ही संचालन किए जाने पर विस्तृत चर्चा हुई। डीएम ने कहा कि मानव जीवन अनमोल है, उन्होंने बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं के मद्देनजर यातायात नियमों का पालन करने की अपील आम नागरिकों से की, जिससे वाहन दुर्घटना में कमी लायी जा सके। जिले में जहां पर घुमावदार स्थान तथा ब्लाइंड स्पॉट है, वहां से सौ मीटर पूर्व में साइनेज लगाने के दिशा निर्देश दिया। निर्देश दिए कि जिले के विभिन्न मार्गों पर गति निबंधन संबंधी अधिसूचना के क्रम में संबंधित सड़क निर्माण एजेंसी आईआरसी कोड के मानक संबंधी साइन बोर्ड नियमानुसार लगवाना सुनिश्चित करें। सार्वजनिक सेवायान से हुई दुर्घटना में घायल, मृतकों को सहायता राशि प्रदान किए जाने के लिए लंबित प्रकरणों का निस्तारण प्राथमिकता पर किया जाए। डीएम ने एआरटीओ को निर्देश दिया कि हिट एंड रन से दुर्घटना में मृतक व्यक्तियों को सोलेशियम स्कीम 1989 के अन्तर्गत आर्थिक सहायता उपलब्ध करायी जाय। यह भी निर्देश दिया कि सोलेशियम स्कीम 1989 का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाय। स्कीम के सम्बन्ध में सभी एसडीएम को भी जानकारी उपलब्ध करा दी जाय, जिससे आवश्यकता पड़ने पर उचित कार्यवाही की जा सके। एआरटीओ (प्रवर्तन) रमेश कुमार चौबे ने कहा कि सड़क सुरक्षा हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। इस दिशा में हर व्यक्ति को सजग होकर सड़क सुरक्षा के मानकों का पूर्ण अनुपालन करना आवश्यक है।

# खीरी में चलेगा संचारी रोग नियंत्रण अभियान

संवाददाता। लखीमपुरखीरी



**बुधवार** को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद स्तरीय अन्तर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक हुई। डीएम ने कहा कि संचारी रोगों का प्रभावी नियंत्रण मुख्यमंत्री की सर्वोच्च प्राथमिकता है। अभियान में शामिल सभी विभाग 01 से 30 अप्रैल तक संचालित होने वाले संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा 17 से 30 अप्रैल तक चलने वाले दस्तक अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए प्रभावी कार्य योजना तैयार कर लें। इसमें कदापि शिथिलता न बरतें। अधिशासी अधिकारियों, डीपीआरओ को निर्देश दिया कि संचारी रोगों के प्रभावी नियंत्रण के लिए शहरी-ग्रामीण क्षेत्रों में साफ सफाई के विशेष प्रबन्ध किये जाएं।कहा कि जिन ब्लॉकों से माइक्रोप्लान अभी प्राप्त नहीं हुए हैं, वे शाम तक प्रत्येक दशा में अपने माइक्रोप्लान भेज दें अन्यथा संबंधित का उत्तरदायित्व निर्धारित होगा। हाईरिस्क क्षेत्रों में सघन वेक्टर नियंत्रण, संवेदीकरण गतिविधियां संपादित की जाएंगी। जलाशयों,नालियों की नियमित सफाई, संक्रमण तथा जल संदूषण की उत्तरदाई खुली नालियों को ढंकने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। निगरानी समितियों के जरिए दिमागी बुखार, अन्य वेक्टर जनित, जल जनित रोगों तथा उष्ण मौसम से संबंधित हिट रिलेटेड इलनेसेज पर निरंतर जागरूकता स्थापित की जाए। सीडीओ ने कहा कि संचारी रोगों की रोकथाम के लिए प्रभावी उपाय अपनाते हुए व्यापक अभियान संपादित किया जाए। सीएचसी अधीक्षकों, डीपीआरओ व डीपीओ को भी निर्देशित किया। ईओ व डीपीआरओ संचारी रोग को लेकर सफाई, सेनेटाइजेशन, फॉगिंग, जलभराव, उथले हैंडपंपों का चिन्हीकरण कराकर शुद्ध पेयजल की व्यवस्था कराएंगे। नालियों की सफाई व जलभराव वाले स्थानों पर चूना का छिड़काव कराया जाएगा। सीएमओ डॉ सन्तोष गुप्ता ने अभियान की प्रासंगिकता बताकर इसके सफलतापूर्वक क्रियान्वयन के टिप्स दिए। अभियान को सफल बनाने के लिए नगर विकास, पंचायती राज, ग्राम्य विकास, पशुपालन, बाल विकास एवं पुष्टाहार, शिक्षा, चिकित्सा शिक्षा, दिव्यांगजन सशक्तिकरण, स्वास्थ्य से संबंधित अधिकारियों को उनके उत्तरदायित्व बताते हुए जरूरी निर्देश दिए। अंतर विभागीय सहयोग से ही संचारी रोगों का प्रभावी नियंत्रण होगा। उन्होंने कहा कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग संचारी रोगों से संबंधित रोकथाम के लिए जनपद ब्लॉक व पंचायत ग्राम स्तर पर विभिन्न विभागों के साथ समन्वय करेगा। डीएम ने कहा कि टीकाकरण शिशुओं के जीवन और भविष्य की सुरक्षा के लिए सबसे प्रभावी और किफायती तरीका है। टीकाकरण परिवार, समुदाय को सुरक्षित रखने के लिए सुरक्षा कवच का काम करता है। टीकाकरण को गति प्रदान करने के लिए व्यापक स्तर पर प्रयास किए जाएं। एमओआईसी को निर्देश दिए कि नियमित टीकाकरण की कार्यवाही को गंभीरता से क्रियान्वित कराएं, इसका स्वयं नियमित अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण करें। वही अनटाइड फंड में उपलब्ध धनराशि का नियमानुसार सदुपयोग सुनिश्चित कराएं।

# पुलिस ने 6 बाइक चोर पकड़े चोरी की 16 बाइकें की बरामद

संवाददाता। शाहजहांपुर।

**पुलिस** ने बाइक चुराने वाले 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से चोरी की 16 बाइकें बरामद की हैं। आरोपी दिल्ली, बरेली समेत अलग-अलग राज्यों से बाइकें चोरी कर शाहजहांपुर में लाकर बेचते थे। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। पूछताछ के दौरान आरोपियों की निशानदेही से एक ईंट-भट्ठे से चोरी की 16 बाइकें बरामद की हैं। चार बाइकों के इंजन भी बरामद किए हैं। पकड़े गए आरोपी मोहम्मद फैज,



मोहम्मद फैज, इकबाल, दिनेश यादव और नसीमुद्दीन शाहजहांपुर के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के रहने वाले हैं। आरोपियों ने बताया कि पकड़े गए तीन आरोपी पहले भी जेल जा चुके हैं। उनकी जेल के अंदर मुलाकात लूट के आरोपी मोहम्मद फैज से हुई थी। उसके बाद जेल के अंदर दोस्ती के दौरान चारों आरोपियों ने एक गैंग बनाया। जेल से छूटने के बाद आरोपियों ने फिर से चोरी की घटनाएं शुरू कर दीं। आरोपियों ने बताया कि दिल्ली, बरेली और अन्य जिलों से चोरी करने के बाद बाइक को ईट के भट्टे पर लाकर खड़ी कर देते थे। उसके बाद उसका नंबर और चेचिस नंबर बदलकर बाइक को बेचना शुरू करते थे। एसपी एस आनंद ने बताया कि छह आरोपियों को चोरी की 16 बाइकों के साथ गिरफ्तार किया है। उनके पास से कुछ इंजन भी बरामद हुए हैं। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

# पुलिस व एसओजी टीम ने मुठभेड़ के बाद पांच बदमाश किये गिरफ्तार

● कई राउंड हुई फायरिंग, पैर में गोली लगने से दो घायल



संवाददाता। उरई, जालौन

**कोतवाली** पुलिस एसओजी व सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम ने फैक्ट्री एरिया के जंगल में मुठभेड़ के बाद पांच बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। कई राउंड फायरिंग के बाद बदमाशों पर काबू पाया जा सका, जिस में गोली लगने से दो बदमाश घायल हो गए। जिनके पास से पुलिस ने लूटे हुए लाखों रुपए व कार बरामद की है।

पुलिस व एसओजी को क्षेत्र में बदमाशों की खबर मिली। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक शिवकुमार राठौर व एसओजी प्रभारी योगेश पाठक ने संयुक्त रूप से टीम के साथ नेशनल हाइवे 27 पर चेकिंग अभियान चला दिया। उसी समय लखनऊ नंबर की एक संदिग्ध कार कानपुर की ओर से आते हुए पुलिस टीम को दिखाई पड़ी। जिसे पुलिस ने रोकने का प्रयास किया। तभी कार में सवार लोगों ने पुलिस को देखते ही कार को हाईवे से फैक्ट्री एरिया की तरफ तेजी से मोड़ दिया। जिस पर पुलिस ने उस कार का पीछा करना शुरू कर दिया। पुलिस को देख कार सवार बदमाशों ने ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। जिसमें पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की, इस दौरान कार अनियंत्रित होकर झाड़ियों में चली गई। जिससे निकलते हुए बदमाशों ने फायरिंग करते हुए भागने का प्रयास किया। इसी दौरान बदमाशों की गोली गौरव नाम के सिपाही के हाथ में जा लगी जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने इस घटना को देखते हुए चारों तरफ से घेराबंदी करते हुए बदमाशों की फायरिंग का जवाब दिया। जिससे दो बदमाशों के पैर में गोली लग गई और वह घायल हो गये। अपने साथियों को घायल देख तीन अन्य बदमाशों ने सरेंडर कर दिया। पुलिस के पूछे जाने पर बदमाशों ने अपने नाम आरिफ अब्दुल शेख पुत्र रिजवान शेख निवासी नेशनल कॉलोनी मुडेश्वर थाना मुडेश्वर जिला कारवार कर्नाटक, मोहम्मद गौस चंपा पुत्र जैलानी निवासी मोहल्ला हिटलगडडे थाना सिरसी जिला कारवार कर्नाटक, अनीश शेख पुत्र रिजवान शेख, आसिफ शेख पुत्र रिजवान शेख, अर्सलान उर्फ छोटू पुत्र महबूब साव निवासी ग्राम मंडी थाना मंडी जिला उत्तर कन्नड़ कर्नाटक बताया।

# अनियंत्रित होकर इनोवा पेड़ से टकराई आधा दर्जन श्रद्धालु घायल



संवाददाता। मऊ, चित्रकूट

**मैहर** की शारदा देवी के दर्शन कर चित्रकूट से प्रयागराज जा रहे झारखंड के श्रद्धालुओं की इनवा गाडी के अनियंत्रित होकर जिले के बरगढ़ थाना अंतर्गत अरवारी मोड़ के पास पेड से टकरा गई जिससे इनोवा में सवार रहे 9श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हो गये। जिनमें से आधा दर्जन लोगों की हालत ज्यादा गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद प्रयागराज मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया गया।

जानकारी के मुताबिक नवरात्रि पर मैहर की शारदा देवी के दर्शन के लिए झारखंड से इनोवा गाड़ी से 9 श्रद्धालु आये हुए थे। दर्शन के बाद चित्रकूट में भगवान कामतानाथ के दर्शन के बाद प्रयागराज जा रहे थे इसी दौरान झांसी-मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग में चित्रकूट जिले के बरगढ़ थाना क्षेत्र के अरवारी मोड के पास श्रद्धालुओं से भरी इनोवा गाडी अनियंत्रित होकर पेड से टकरा गई जिससे राजेंद्र तिवारी (35) पुत्र बराहिया, पिंटू तिवारी पुत्र राजेंद्र त्रिपाठी, पंकज कुमार चौबे भारत चौबे निवासी ग्राम गढ़वा झारखंड, पिंटू दुबे पुत्र राजेंद्र प्रसाद दुबे निवासी गढ़वा झारखंड, बेबी देवी पत्नी पिंटू दुबे, आयुष दुबे पुत्र लक्ष्मी कांत दुबे, सुदीक्षा दुबे पुत्री लक्ष्मीकांत, पुत्री कमलाकांत दुबे निवासी आशिया झारखंड गंभीर रूप से घायल हो गये। स्थिति ज्यादा गंभीर होने पर 6 लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद स्वरूप रानी मेडिकल कालेज प्रयागराज रेफर किया गया। वही एक व्यक्ति की हालत बेहद गंभीर बनी हुई है।

# विशेषज्ञ डाक्टरों को दिया जाएगा पांच लाख तक मानदेय : उपमुख्यमंत्री

● बाहर से दवा न लिखने के डॉक्टरों को दिए स्पष्ट आदेश

● आयुष्मान कार्डों के बारे में ली जानकारी



संवाददाता। हमीरपुर

**हमीरपुर** जिले में आज डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि अस्पताल में डाक्टरों की कमी को रोकने के लिये डीएम व सीएमओ स्थानीय स्तर पर विशेषज्ञ चिकित्सकों की भर्ती कर सकते है उनका वेतन पांच लाख रुपये तक दिया जायेगा। उनकी हर संभव मदद की जायेगा। बुन्देलखंड में जहा टैंकरों से पानी भेजा जाता था वहा मोदी सरकार ने हर घर में नल से पानी भेज रही है। यहां पर हर समस्या का सरकार समाधान करने के लिये बचनबद्ध है। डिप्टी सीएम ने मौदहा कस्बे के सीएचसी का निरीक्षण करने के बाद वहा पर डाक्टरों से बातचीत कर मरीजों से हाल चाल पूछा। इस मौके पर वहां पर आयुष्मान भारत योजना के तहत बनाये गये कार्डों के बारे में जानकारी की। डाक्टरों को स्पष्ट आदेश दिये कि किसी भी हालत में बाहर से दवाएं न लिखी जाये।

इसके बाद जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक कर सीएचसी व पीएचसी केंद्रों को अच्छे ढंग से संचालित किया जाये। सीएमओ डा रामअवतार से कहा कि अस्पताल में सभी 289 दवाओं का होना आवश्यक है। प्राइवेट अस्पताल में जो गर्भवती महिलाएं अल्ट्रासाउन्ड कराये उनका खर्च शासन देगा। जल जीवन मिशन के तहत काम होने पर डिप्टी सीएम ने नाराजगी जाहिर करते हुये कहा कि हर हाल में समय से काम पूरा किया जाये ताकि लोगो को समय से पेजयल उपलब्ध हो सके। इस मौके पर एआरएम रोडवेज के गैर हाजिर होने पर जवाब तलब करने को कहा है। बाद में पत्रकारों से कहा कि बुन्देलखंड में सबसे ज्यादा समस्या पानी की है इसलिये केंद्र सरकार इस पर विशेष ध्यान दे रही है। पूरा प्रदेश अब वीआईपी हो गया है पूर्व सरकार कुछ जिले वीआईपी होते थे ऐसा नही है। उन्होंने कहा कि बुन्देलखंड में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो इसके लिये भाजपा नेता लगातार दौरा कर रहे हैं। बाद में डिप्टी सीएम ने शहर बंगाली मोहाल में जाकर पिछले मर्तबा जिस मासूम की बीमारी में मदद की थी उसके घर एक साल बाद जाकर हाल चाल लिया।

# राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवकों को किया सम्मानित



**फतेहपुर।** नेहरू युवा केंद्र के तत्वाधान में जनपद स्तरीय पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम अभय प्रताप सिंह डिग्री कॉलेज बिंदकी में जिला युवा अधिकारी गोपेश पाण्डेय की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा विधायक जहानाबाद राजेंद्र सिंह पटेल, योग गुरु ज्योति बाबा, पूर्व एपीएस सुशील कुमार बाजपेयी, जिला परियोजना अधिकारी ज्ञान प्रकाश तिवारी, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की संयोजिका श्रीमती अंजू त्रिपाठी, ग्राम प्रधान बेहटा उदय प्रताप, मंडल अध्यक्ष नवीन गुप्ता, मंडल अध्यक्ष नीता गुप्ता, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सत्येंद्र सिंह, कार्यालय प्रभारी श्वेता साहु, स्पेयर हेड आदित्य नारायण उपस्थित रहें। डॉ. सत्येंद्र सिंह ने मंच का संचालन किया। विद्यालय युवा बालक बालिकाओं ने जी-20, आत्मनिर्भर भारत पर अपने अपने विचार प्रस्तुत किए। जिला युवा अधिकारी ने मोटे अनाज के बारे में बताकर युवाओं को जौ, बाजरा, चना आदि महत्व को बताया। इस मौके पर सभी राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवकों को सरहनीय कार्य के लिए पुरस्कृत किया गया।

# उमरी ग्राम प्रधान को दिया गया सीएम पंचायत पुरस्कार



**हमीरपुर।** जिले में अच्छा काम करने वाली ग्राम पंचायतों में उमरी गांव को शासन ने सबसे अव्वल घोषित किया है। इसके लिये यहा के ग्राम प्रधान अविनय कुमार कपिल को सीएम पंचायत पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। पंचायत विभाग के डीपीआरओ राजेंद्र प्रकाश ने बताया कि जिले में गौशाला, कांजीहाउस, ग्राम पंचायत के आय के स्रोतो में वृद्धि, पंचायत भवन को सुसज्जित करना, सीएससी की स्थापना, टीकाकरण हेल्थ कैम्प का आयोजन, ग्रामीणों के हित में किये गये कार्य में मुस्करा ब्लाक के उमरी गांव पंचायत सबसे अच्छा काम किया है।

# डीएम अभिषेक आनंद ने की विकास कार्यो की प्रगति समीक्षा

संवाददाता। चित्रकूट



**जिलाधिकारी** अभिषेक आनन्द की अध्यक्षता में किसान क्रेडिट कार्ड, खेत तालाब योजना, एफ पी ओ के गठन, पर्यटन विकास के कार्य, रामघाट एवं परिक्रमा मार्ग का चौड़ीकरण, एयरपोर्ट व एग्रोफ रोड का निर्माण, उत्तर प्रदेश जैव ऊर्जा नीति 2022 आदि के संबंध में समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। उपनिदेशक कृषि राजकुमार ने बताया कि सभी ब्लाकों पर पांच- पांच एफपीओ के कलस्टर बनाकर प्रशिक्षण दिया गया है। इस पर डीएम ने कहा कि सभी लोगों को शत-प्रतिशत आर्गेनिक खेती कराने के लिए खरीफ के पहले सभी को बीज की व्यवस्था कराएं तथा जो उत्पादन किया जाए उसका पैकेजिंग एवं बेचने की भी व्यवस्था करें। प्राकृतिक खेती के लिए और किसानों को प्रेरित किया जाए तथा जो कार्य कर रहे हैं उनका एमओयू भी कराएं। भूमि संरक्षण अधिकारियों को निर्देश दिए कि खेत तालाब योजना में प्रगति कराएं। खेत तालाबों की इनलेट आउटलेट की फोटोग्राफ्स खींचा जाए उसमें जो सत्यापन करें उस अधिकारी का नाम तथा लाभार्थी का नाम भी दर्शाया जाए। परियोजना अधिकारी नेडा से कहा कि सभी आवेदकों का रजिस्ट्रेशन कराया जाए।

## बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराना शासन का लक्ष्य : डीएम

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने जिला स्वास्थ्य समिति शासी निकाय की बैठक में प्रभारी चिकित्साधिकारी से कहा कि वीएचएसएनडी दौरान क्षेत्र का भ्रमण करें। जो ड्यूलिस्ट में बच्चे अंकित हैं उनका मिलान कराकर टीकाकरण कराएं। कोई भी बच्चा टीकाकरण से वंचित न रहे। बुधवार को जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि रामनगर, राजापुर में सिजेरियन शुरू करायें। वहां मुख्य चिकित्सा अधीक्षक सर्जन की रोस्टर के अनुसार ड्यूटी भी लगाए। टेलीमेडिसिन सभी जगह क्रियाशील होकर कंप्यूटराइज ओपीडी पर्चे बनाए जाएं। हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर पर भी व्यवस्था लागू की जाये। सभी जगह कंप्यूटर सिस्टम है उसका प्रयोग करें। हेल्थ एटीएम का भी संचालन सही ढंग से कराया जाए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी से कहा कि अगली बैठक में इसकी रिपोर्ट पेश करें।

# क्विक न्यूज

## विश्वकर्मा श्रमसम्मान योजना में 350 दर्जियों सिलाई मशीनें दी गईं

**फर्रुखाबाद।** विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना अंतर्गत छह दिवसीय प्रशिक्षण का समापन किया गया कार्यक्रम का संचालन कर रहे सहायक प्रबन्धक मोहम्मद आकिब द्वारा योजना के सम्बन्ध में विस्तार से बताया। उपायुक्त उद्योग अशोक कुमार उपाध्याय द्वारा उक्त योजना के सम्बन्ध में जानकारी दी गई तथा टूलकिट का सदुपयोग करने के लिए कहा गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक सुशील शाक्य व विधायक सुरभि गंगवार द्वारा सभी दर्जी ट्रेड के प्रशिक्षणार्थियों को टूलकिट वितरित की गई तथा प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान तैयार किए गए पोशाकों को अनाथालयों में दिए जाने हेतु भेंट किया गया। विधायक द्वारा सभी प्रशिक्षणार्थियों को स्वरोजगार बनाने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में 350 दर्जी के प्रशिक्षणार्थियों को सिलाई मशीन समेत टूलकिट दी गई।

## अष्टमी तिथि पर भक्तों ने की मां महागौरी की पूजा अर्चना

**जालौन, उरई।** वासंतिक नवरात्र के आठवें दिन बुधवार को मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ी। देवी भक्तों ने माता के महागौरी स्वरूप की पूजा अर्चना के उनका पूजन किया और कन्या भोज कर मां को प्रसन्न करने का प्रयास किया। नवरात्र केवल व्रत और उपवास का पर्व नहीं है। यह नारी शक्ति और कन्याओं के सम्मान का भी पर्व है। नवरात्रि के दौरान अष्टमी पूजन का विशेष महत्व माना जाता है। इस दिन मां दुर्गा के महागौरी रूप का पूजन किया जाता है। सुंदर, अति गौर वर्ण होने के कारण इन्हें महागौरी कहा जाता है। नगर व ग्रामीण क्षेत्र में आठवें दिन महागौरी की पूजा अर्चना देवी भक्तों द्वारा की गई मंदिरों में हर गली मुहल्ले में जयमाता दी के जयकारे सुनाई दे रहे थे। देवी भक्तों ने चावल, रोरी, हल्दी, पुष्प, पान आदि से महागौरी की पूजा अर्चना की।

## बलात्कार के मामले में आरोपी को दस साल की सजा

**हमीरपुर।** राठ कस्बे में आठ वर्ष पूर्व बीए की छात्रा को कालेज जाते समय बहला फुसलाकर ले जाने व उसके साथ कई दिनों तक दुष्कर्म करने के मामले में बुधवार को विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट की अदालत ने आरोपित को दस वर्ष का कारावास और दस हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। अभियोजन पक्ष के अधिवक्ता अवध नरेश सिंह चंदेल ने बताया कि राठ कस्बा निवासी बीए की छात्रा 19 मार्च 2015 को द्वितीय पाली में राठ के एक महाविद्यालय में राजनीति शास्त्र का पेपर देने जा रही थी। तभी रास्ते में राठ कस्बा निवासी राजू ने बाइक में बैठाकर कालेज छोड़ने के बहाने ले गया। जब शाम छह बजे तक छात्रा घर नहीं लौटी तब उसकी मां ने तलाश की। जिसके बाद मां ने 20 मार्च को थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। बाद में पुलिस ने जांच कर पीड़िता के बयान कोर्ट में कराए।

## दस वर्ष की सजा काट चुका युवक फांसी पर झूला

**जालौन, उरई।** सालाबाद में युवक ने अज्ञात कारणों के चलते घर में फंदे से लटकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सालाबाद निवासी मोहर सिंह (38) पुत्र लाल सिंह बुधवार को घर में अकेला था। उसकी मां गुड्डी खेत पर कटाई करने के लिए गई थी। इसी दौरान घर में अकेले मोहर सिंह ने अज्ञात कारणों चलते कच्चे कमरे की म्यारी में कपड़े का फंदा बनाकर डाल दिया और खुद भी लटक गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

## देवी मंदिर से चोरों ने दान पेटिका की पार, रिपोर्ट दर्ज

**उरई, जालौन।** चोरों ने दुर्गा मंदिर से दान पेटिका को निशाना बनाकर चोरी कर ले गए। जब सुबह मंदिर पर मौजूद लोगों ने दान पेटिका गायब देखी तो उनके होश उड़ गए। उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद रिपोर्ट दर्ज की बता दें कि मंगलवार की रात मान सिंह कुशवाहा निवासी रामपुरा अब्बल कोतवाली माधौगढ़ माता की आरती करने के बाद मंदिर में परिसर में सो गए। इसी दौरान मंदिर में रखी दान पेटिका को अज्ञात चोर चुरा कर ले गए। मंदिर पर मौजूद मान सिंह ने बताया कि दान पेटिका में 10 से 15 हजार रुपए थे।

# व्यापारी स्वाभिमान यात्रा का बांदा में होगा भव्य स्वागत : राजीव अग्रवाल

संवाददाता। चित्रकूट



**उत्तर** प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल चित्रकूट की एक बैठक शहर के एक रेस्टोरेंट में संपन्न हुई। जिसमें व्यापार मंडल के स्थापना के 50 वर्ष पूरे होने पर स्वर्ण जयंती के उपलक्ष्य पर निकाली जा रहीं व्यापारी स्वाभिमान यात्रा का स्वागत 30 मार्च को बांदा में धूमधाम से करने का निर्णय लिया गया। व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष ओम केशरवानी ने बताया कि 13 मार्च को सहारनपुर से प्रारंभ हुई व्यापारी स्वाभिमान यात्रा श्रद्धेय पंडित श्याम बिहारी मिश्रा के जन्मदिन 8 मई को लखनऊ में समाप्त होगी बताया कि यह यात्रा पूरे प्रदेश में 75वों किलोमीटर 50 दिन में 75 जिलों एवं 310 तहसीलों का भ्रमण करेगी। उसी परिप्रेक्ष्य में यह यात्रा 30 मार्च दिन गुरुवार को बांदा आ रही है। इस यात्रा का नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा, महामंत्री दिलीप सेठ, महामंत्री राजेंद्र गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संतोष गुप्ता,वरिष्ठ उपाध्यक्ष भैरव प्रसाद मिश्रा कर रहे हैं। इस यात्रा का स्वागत करने के लिए, चित्रकूट से 50 व्यापारियों का जत्था अपने निजी साधन से गुरुवार को 10 बजे बांदा रवाना होगा। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष ओम केसरवानी ने की।

# दीपोत्सव के रूप में मनाएं श्रीराम का अवतरण दिवस : प्रमोद झा

संवाददाता। राजापुर, चित्रकूट



**गोस्वामी** तुलसीदास जी की जन्मस्थली राजापुर में भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के प्रकटोत्सव की पूर्व संध्या में नगर प्रचारक के सानिध्य में एक बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता उपजिलाधिकारी राजापुर प्रमोद झा ने किया। जिसमें शोभा यात्रा में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रभारी निरीक्षक भास्कर मिश्रा तथा व्यापारी, नागरिक व क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे। इसके साथ ही शोभा यात्रा की पूर्व संध्या में एसडीएम प्रमोद झाँ, प्रभारी निरीक्षक भास्कर मिश्रा व आयोजकों के साथ नगर भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

चैत्र रामनवमी के दिन भगवान श्रीराम के अवतरण दिवस के रूप में मनाए जाने के लिए व्यापारियों तथा रामभक्तों में अपने अपने विचार रखे। जिसमें शोभा यात्रा के मुख्य आयोजक सुनील मिश्रा ने कहा कि इस वर्ष भी भगवान श्रीराम के प्रकटोत्सव को बड़े धूमधाम से मनाए जाने की तैयारी कर ली गई है। जिसमें कई विद्यालयों के बालक बालिकाओं द्वारा सुन्दर झाँकियों का प्रदर्शन होगा और तुलसी जन्मकुटीर मानस मन्दिर से लगभग 12बजे भगवान श्रीराम की शोभा यात्रा गाजे बाजे व डीजे धुन में वैदिक मन्त्रों के बीच परम्परागत रूप से निकाली जाएगी। जिसमें कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को भाग लेने के लिए अपील की है और कस्बा वासियों से कहा है कि भगवान राम के अवतरण दिवस के समय अपने अपने प्रतिष्ठानों व घरों में प्रकटोत्सव मनाएं, जिससे भव्यता दिखाई पड़े। उन्होंने कहा कि तुलसी जन्मकुटीर, मानस मन्दिर तथा तुलसी स्मारक सहित देवालयों में लगभग 11हजार दीपक जलाने के लक्ष्य रखा गया है।

# सुरेंद्र प्रताप सिंह यादव बने सपा के जिलाध्यक्ष

**फतेहपुर।** समाजवादी पार्टी ने हाल में यहां जिला अध्यक्ष बदला है। पूर्व में अखिलेश यादव के मुख्यमंत्रित्व काल में जनपद में सपा के जिला अध्यक्ष रहे वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेंद्र प्रताप सिंह यादव को फिर से एक बार जिले की बागडोर सौंपी गई है। सुरेंद्र प्रताप की जिला पंचायत की राजनीति में भी खासी दखल मानी जाती है। यह तीसरा अवसर है जब किसी को दूसरी बार सपा हाईकमान ने नेतृत्व सौंपा है। निकाय चुनाव की लगभग डुगडुगी बजने के साथ ही समाजवादी पार्टी ने फिर एक बार जिले में नेतृत्व परिवर्तन किया है। इस बार पुनः वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेंद्र प्रताप सिंह यादव को जिलाध्यक्षी ही सौंपी गई है। सुरेंद्र सिंह अपने पहले कार्यकाल में नेतृत्व क्षमता का परिचय दे चुके हैं।

# पेज एक का शेष

## भगोड़े अमृतपाल...

लेकिन, जिस तरह से सरकार ने लाखों पुलिसकर्मियों को तैनात करने और घेरा डालने का तरीका अपनाया, ईश्वर ने हमें उससे बाहर निकाला। वह इससे वाकिफ है कि पंजाब में क्या हो रहा है। युवाओं को उकसाते हुए उसने दावा किया कि पंजाब सरकार ने सिख युवकों को आरोपी बनाकर जेल भेजा है। उन्होंने महिलाओं और बच्चों तक को नहीं बख्शा और विकलांग युवाओं को भी जेल भेज दिया। यह वही काम है, जो बेअंत सिंह सरकार ने सिखों के साथ किया था। उसने कहा कि यह केवल मेरी गिरफ्तारी का मुद्दा नहीं है। मामला सिख समुदाय पर हमले का है। अमृतपाल सिंह ने अकाल तख्त जत्थेदार से इस मामले में कड़ा रुख अपनाने को कहा। व्यापक तलाशी अभियान के दौरान पंजाब पुलिस ने होशियारपुर के एक गांव में भगोड़े अमृतपाल सिंह और उसके सहयोगियों के मौजूद होने की जानकारी मिलने के बाद इलाके में व्यापक तलाशी अभियान शुरू किया। पुलिस द्वारा पीछा करने के बाद कुछ संदिग्ध अपनी कार छोड़कर फरार हो गए। होशियारपुर के एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि तलाश अभियान चल रहा है, लेकिन अभी तक किसी का पता नहीं चला है।

## एक-दूसरे...

पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) से होकर गुजरता है। उन्होंने क्षेत्र में चीनी कार्रवाई पर कड़ी प्रतिक्रिया जताते हुए कहा कि समूह के सदस्यों को क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करना चाहिए, और सीमा के आसपास के क्षेत्रों में एकतरफा सैन्य श्रेष्ठता साबित करने के भाव से परहेज करना चाहिए। एससीओ चार्टर का उल्लेख करते हुए डोभाल ने यह भी कहा कि यह सदस्य देश संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करें और सीमा उल्लंघन तथा एक-दूसरे के खिलाफ बल का उपयोग करने से बचें। डोभाल ने कहा कि चार्टर सदस्य देशों से अन्य देशों के साथ संबंध बनाए रखने, अंतरराष्ट्रीय सीमा पर टकराव की स्थिति को टालने और मुद्दों के शांतिपूर्ण समाधान में सहयोग करने का आह्वान करता है। आतंकवाद के अभिशाप पर एनएसए ने कहा कि आतंकवाद अपने सभी रूपों और अभिव्यक्तियों में और इसका वित्तपोषण अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए सबसे गंभीर खतरों में से एक है।

## यूपी की...

विधानसभा सीट पर भी उपचुनाव कराया जा रहा है क्योंकि वहां यूनाइटेड डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार की मृत्यु के कारण चुनाव टाल दिए गए थे।

## कर्नाटक में...

के कारण सत्ता बरकरार रखेगी। भाजपा महासचिव और कर्नाटक के प्रभारी अरुण सिंह से जब यह पूछा गया कि क्या भाजपा गठबंधन बनाने के लिए जद (एस) के साथ बातचीत कर रही है, उन्होंने कहा, नहीं। हम अपने बल पर लड़ रहे हैं। पार्टी की चुनावी तैयारियों के बारे में बात करते हुए सिंह ने कहा कि पार्टी चुनावी लड़ाई के लिए पूरी तरह तैयार है और शानदार जीत दर्ज करेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा के चुनावी राज्य के तूफानी दौरों ने निस्संदेह पार्टी को चुनाव प्रचार में तेजी दी है, लेकिन कांग्रेस ने भी कोई कसर नहीं छोड़ी है। उसने भ्रष्टाचार को राजनीतिक विमर्श का एक केंद्रीय विषय बनाने की पूरी कोशिश की है। भाजपा की राज्य इकाई सत्ता विरोधी लहर से लड़ने के लिए अपनी संभावनाओं को मजबूत करने के लिए पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व पर भरोसा कर रही है। लिंगायत समुदाय के कद्दावर नेता और पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा के सक्रिय प्रचार से भी पार्टी को काफी मजबूती मिलने की उम्मीद है। भाजपा हिंदुत्व कार्ड के साथ मोदी के विकास के एजेंडे, डबल इंजन सरकार के कार्यों और उसकी लोकलुभावन योजनाओं को भी पेश कर रही है।

## भारत लोकतंत्र...

करना है। सम्मेलन में मुख्य तीन बिन्दुओं पर विचार-विमर्श होगा। ए हैं- लोकतंत्र को मजबूत करना और अधिनायकवाद से बचाना, भ्रष्टाचार के विरुद्ध लड़ाई तथा मानवाधिकारों के प्रति सम्मान। मोदी ने सम्मेलन के एक सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि निर्वाचित नेताओं का विचार दुनिया के बाकी हिस्सों से बहुत पहले प्राचीन भारत में एक आम बात था। उन्होंने कहा, हमारा महाकाव्य महाभारत नागरिकों के पहले कर्तव्य का वर्णन करता है कि वे अपना नेता चुनते हैं। हमारे पवित्र वेदों में व्यापक आधार वाले सलाहकार निकायों द्वारा राजनीतिक शक्ति का प्रयोग किए जाने की बात कही गई है। प्राचीन भारत में गणतांत्रिक राज्यों के कई ऐतिहासिक प्रमाण भी हैं जहां शासक वंशानुगत नहीं थे। उन्होंने कहा, भारत वास्तव में लोकतंत्र की जननी है। लोकतंत्र सिर्फ एक संरचना नहीं है, यह एक भावना भी है। यह इस विश्वास पर आधारित है कि हर इंसान की जरूरतें और आकांक्षाएं समान रूप से महत्वपूर्ण हैं। यही कारण है कि भारत में हमारा मार्गदर्शक दर्शन सबका साथ, सबका विकास है, जिसका अर्थ है समावेशी विकास के लिए मिलकर प्रयास करना।

## राहुल की...

पुनर्विचार याचिका पर काम कर रहे हैं तथा इसे सूरत की सत्र अदालत में अगले एक दो दिन में पेश किया जाएगा। कांग्रेस ने कहा है कि वह इस लड़ाई को कानूनी और राजनीतिक रूप से लड़ेगी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी को सूरत की एक अदालत ने 2019 के मानहानि के एक मामले में दो साल की सजा सुनाई है। इसके मद्देनजर उनको गत शुक्रवार को लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य ठहरा दिया गया। उधर, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए बुधवार को उन पर भ्रष्टाचारी भगाओ अभियान चलाने का आरोप लगाया और दावा किया कि विपक्षी एकता को भ्रष्टाचार से जोड़कर व खुद को भ्रष्टाचार विरोधी योद्धा बताकर वह अपनी छवि सुधारने का प्रयास कर रहे हैं।

## शासन करना...

हैं कि सभी संस्थान उनके अधीन हैं और इसीलिए वह अदालत के आदेश से परेशान हैं, जिसमें उन्हें अन्य पिछड़ा वर्ग का अपमान करने का दोषी ठहराया गया और फिर उन्हें लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य घोषित किया गया। वैष्णव ने गांधी पर निशाना साधते हुए कहा, वह शासन करना अपना जन्मसिद्ध अधिकार समझते हैं क्योंकि उनका जन्म एक विशेष परिवार में हुआ है। वह राजनीति को अपना विशेषाधिकार मानते हैं और खुद को संविधान, अदालत और संसद से ऊपर समझते हैं। मंत्री ने मौजूदा व्यवस्था के तहत संस्थानों को कमजोर करने के आरोप के जवाब में कांग्रेस नीत संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) के सत्ता में रहने के दौरान केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा पारित अध्यादेश को फाड़ने और सोनिया गांधी की अध्यक्षता वाली राष्ट्रीय सलाहकार परिषद में समानांतर पीएमओ की उपस्थिति का हवाला दिया।

## गूगल पर...

20 अक्टूबर को गूगल पर एंड्रॉयड मोबाइल उपकरणों के मामले में गैर-प्रतिस्पर्धी गतिविधियों में शामिल होने को लेकर 1,337.6 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया था। नियामक ने कंपनी को अनुचित व्यापार गतिविधियों से बचने और दूर रहने को भी कहा था। प्रतिस्पर्धा आयोग के इस आदेश को अपीलीय न्यायाधिकरण में चुनौती दी गई थी। गूगल ने अपनी याचिका में दावा किया था कि प्रतिस्पर्धा आयोग की उसके खिलाफ जांच निष्पक्ष नहीं थी। जिन दो लोगों की शिकायत पर आयोग ने जांच शुरू की थी, वे उसी कार्यालय में काम कर रहे थे जो गूगल की जांच कर रहा था। कंपनी की दलील के अनुसार, सीसीआई भारतीय उपयोगकर्ताओं, ऐप विकसित करने वालों के सबूतों की अनदेखी करते हुए, निष्पक्ष, संतुलित और कानूनी रूप से ठोस जांच करने में विफल रहा। वहीं अपीलीय न्यायाधिकरण एनसीएलएटी के समक्ष प्रतिस्पर्धा आयोग की तरफ से दलीलों को पूरा करते हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एन वेंकटरमण ने कहा था कि सभी इकाइयों के लिए खुली छूट की व्यवस्था मुक्त प्रतिस्पर्धा के सिद्धांत के अनुरूप होगी। प्रौद्योगिकी कंपनी का चारदिवारी से घिरे एकाधिकार वाला रख सही नहीं है। उन्होंने कहा था कि गूगल ने अपने लाभ कमाने वाले सर्च इंजन को किले और बाकी अन्य ऐप को खाई की रक्षात्मक भूमिका निभाने के लिए इस्तेमाल किया था। यह किला और खाई की रणनीति कुछ और नहीं बल्कि डेटा के क्षेत्र में दबदबा स्थापित करने जैसा है। इसका मतलब है कि एक बड़ी कंपनी बाजार और बड़ी होती जाती है जबकि छोटी और नई इकाई बाजार में टिके रहने के लिए संघर्ष करती है।

## कूनो में...

वन मंत्री कुंवर विजय शाह ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि आज कूनो राष्ट्रीय उद्यान में चीता परिवार में चार नए शावकों के आगमन से हम समस्त मध्यप्रदेशवासी हर्षित एवं आनंदित हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने नामीबिया से लाए गए पांच मादा और तीन नर चीतों को पिछले साल 17 सितंबर को अपने 72वें जन्मदिन पर मध्य प्रदेश के कूनो राष्ट्रीय उद्यान में छोड़ा था। इसके बाद इसी साल 8 फरवरी को दक्षिण अफ्रीका से लाकर 12 और चीते कूनो में छोड़े गए थे। भारत में अंतिम चीते की मृत्यु वर्तमान छत्तीसगढ़ के कोरिया जिले में 1947 में हुई थी और भूमि पर सबसे तेज दौड़ने वाले जानवर को 1952 में देश में विलुप्त घोषित किया गया था।

## राकांपा नेता...

जाने की पृष्ठभूमि में आया है। राहुल को सूरत की एक अदालत ने 2019 के आपराधिक मानहानि के एक मामले में दो साल की सजा सुनाई है। राहुल ने सजा के खिलाफ किसी ऊंची अदालत में अभी तक अपील दायर नहीं की है। राकांपा ने फैजल की सदस्यता बहाल किए जाने का स्वागत किया लेकिन लोकसभा सचिवालय द्वारा इस निर्णय में देरी पर अप्रसन्नता जाहिर की। फैजल को हत्या के प्रयास के एक मामले में 11 जनवरी को एक अदालत ने दोषी ठहराया था और 10 साल के कड़े कारावास की सजा सुनाई थी। उसके बाद उन्हें सांसद के रूप में अयोग्य घोषित कर दिया गया था। बाद में केरल उच्च न्यायालय ने उनकी सजा पर रोक लगा दी थी। निचली अदालत के फैसले के मद्देनजर 13 जनवरी को उन्हें निचले सदन की सदस्यता से अयोग्य करार दिया गया था। फैजल ने यहां संवाददाताओं से कहा, लोकसभा सचिवालय से यह उम्मीद नहीं थी। उच्च न्यायालय ने मुझे दोषी ठहराए जाने के फैसले को निलंबित कर दिया था तो निर्वाचन आयोग ने भी उपचुनाव कराने की अधिसूचना पर रोक लगा दी, लेकिन अन्य संवैधानिक निकाय फाइल दबाकर बैठे रहे। लोकसभा सचिवालय ने यह सही नहीं किया। बुधवार को लोकसभा की बैठक में उपस्थित हुए फैजल ने कहा कि उन्हें सदस्यता बहाल करने के लिए उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाना पड़ा। उन्होंने सदन में राकांपा की नेता सुप्रिया सुले के साथ लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात भी की।

# रूस की किसी भी तरह की जीत हो सकती है खतरनाक: जेलेंस्की

एपी। कीव



**यूक्रेन** के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने मंगलवार को चेतावनी दी कि अगर उनका देश प्रमुख पूर्वी शहर में लड़ाई नहीं जीतता है तो रूस इस पर समझौते के लिए अंतरराष्ट्रीय समर्थन जुटाना शुरू कर सकता है जिसके लिए यूक्रेन को स्वीकार न करने योग्य समझौते करने पड़ सकते हैं। उन्होंने लंबे समय से रूस के सहयोगी रहे चीन के नेता को भी दौरे के लिए आमंत्रित किया।

जेलेंस्की ने एसोसिएटेड प्रेस (एपी) के साथ विशेष साक्षात्कार में कहा कि यदि बखमुत पर रूसी सेना का कब्जा हो जाता है तो उनके राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन इस जीत का पश्चिमी देशों, अपने समाज, चीन और ईरान के सामने बखान करेंगे।

जेलेंस्की ने ऑनलाइन दिए गए साक्षात्कार में कहा, अगर उन्हें जरा भी महसूस हुआ कि हम कमजोर पड़ रहे हैं तो वह हमें दबाएंगे। यूक्रेन को कई पश्चिम देश रूस के खिलाफ उसकी लड़ाई में सहयोग कर रहे हैं और यूक्रेन ने भी अत्याधुनिक हथियारों से लैस रूस की विशाल सेना को मुंहतोड़ जवाब देकर दुनिया को हैरान कर दिया है। यूक्रेन की सेना देश की राजधानी कीव पर अपना अधिकार बनाए हुए है और सामरिक रूप से महत्वपूर्ण अन्य महत्वपूर्ण इलाकों से भी रूस को पीछे हटने को मजबूर किया है।

जेलेंस्की इस बात से अच्छी तरह वाकिफ हैं कि उनके देश की सफलता में अंतरराष्ट्रीय सैन्य मदद विशेष कर अमेरिका और पश्चिमी यूरोपीय देशों की मदद का हाथ है। हालांकि अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एवं 2024 के चुनाव में उम्मीदवार समेत कुछ नेताओं ने यह सवाल किया है कि क्या अमेरिका को सैन्य मदद के नाम पर यूक्रेन को अरबों डॉलर की आपूर्ति जारी रखना चाहिए। जेलेंस्की ने डोनाल्ड ट्रंप या रिपब्लिकन पार्टी के अन्य किसी नेता का नाम लिए बगैर कहा कि अमेरिका में 2024 के चुनाव में अगर रिपब्लिकन पार्टी की जीत होती है तो उन्हें चिंता है कि देश में सत्ता परिवर्तन से युद्ध पर असर पड़ सकता है। उन्होंने कहा, अमेरिका वाकई में समझता है कि अगर उन्होंने हमें मदद रोक दी तो हम जीत नहीं पाएंगे। कुछ पश्चिमी सैन्य विशेषज्ञों ने सुझाव दिया है कि बखमुत सामरिक रूप से महत्वपूर्ण नहीं है। लेकिन जेलेंस्की ने चेतावनी दी है कि अगर इस वक्त युद्ध में कहीं भी हार होती है तो यह यूक्रेन को जोखिम में डाल सकता है। उन्होंने कहा, हम अपने कदम पीछे नहीं खींच सकते क्योंकि इस युद्ध में छोटी-छोटी जीत से हम आगे बढ़ सकते हैं। छोटी जीत, छोटे कदम। उन्होंने आशंका जताई कि अगर बखमुत में हार होती है तो अंतरराष्ट्रीय समुदाय और घरेलू दोनों ही स्तर से इस पर तुरंत प्रतिक्रिया आएगी। उन्होंने कहा, हमारा समाज थका हुआ महसूस करेगा। हमारा समाज मुझे उनके साथ समझौता करने के लिए दबाव डालेगा। जेलेंस्की ने कहा, हालांकि उन्हें अब तक ऐसा कोई दबाव महसूस नहीं हुआ है।

24 फरवरी, 2022 में रूस के आक्रमण के बाद से कई देशों के नेता यूक्रेन की यात्रा कर चुके हैं।

एपी के साथ साक्षात्कार में जेलेंस्की ने सामरिक रूप से महत्वपूर्ण चीन के नेता शी चिनफिंग को भी यूक्रेन आने का निमंण दिया। उन्होंने कहा, हम उन्हें यहां देखना चाहते हैं। उन्होंने कहा, मैं उनसे बात करना चाहता हूं। मैंने इस युद्ध से पहले उनसे बात की थी। लेकिन इस एक साल या उससे अधिक समय से मेरी उनसे बात नहीं हुई है। चीन का दशकों से आर्थिक एवं राजनीतिक रूप से रूस के प्रति झुकाव रहा है और उसने युद्ध में तटस्थ रुख अपनाकर पुतिन को राजनीतिक सुरक्षा प्रदान की है। यह पूछे जाने पर कि क्या शी जेलेंस्की के निमंत्रण को स्वीकार करेंगे या किसी को आधिकारिक रूप से वहां भेजा जाएगा, इस पर चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने पत्रकारों से कहा कि वह इस बारे में कुछ नहीं कह सकतीं। उन्होंने कहा कि बीजिंग यूक्रेन समेत सभी संबंधित पक्षों से संवाद बनाए रखेगा। शी ने पिछले सप्ताह रूस की यात्रा की थी जिससे इस आशंका को बल मिला कि बीजिंग संभवत: जरूरत पड़ने पर मास्को को हथियारों और गोलाबारूद की कमी की भरपाई में मदद कर सकता है।

## नेपाल मे सत्तारूढ़ पार्टियों में सत्ता में साझेदारी पर बनी सहमति

**काठमांडू।** नेपाल की सत्तारूढ़ पार्टियों के बीच सत्ता में साझेदारी को लेकर बुधवार को सहमति बन गई और इसके साथ ही प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचंड के लिए कैबिनेट विस्तार का रास्ता साफ हो गया। नेपाल की 10 सत्तारूढ़ पार्टियों के शीर्ष नेताओं की प्रधानमंत्री के आधिकारिक आवास पर दो दौर की वार्ता हुई और वहीं पर विभिन्न दलों के बीच मंत्रालयों के बंटवारे पर सहमति बनी। राजनीतिक दलों के बीच समझौता होने के बाद अब प्रचंड बृहस्पतिवार को अपने कैबिनेट में विस्तार कर सकते हैं। इस बैठक में प्रधानमंत्री प्रचंड, नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा और सीपीएन-यूनीफाइड सोशलिस्ट के अध्यक्ष माधव कुमर नेपाल सहित अन्य नेता शामिल थे।

# रूस ने परमाणु बलों की सूचना अमेरिका से साझा करना बंद किया

एपी। मॉस्को

**रूस** के एक वरिष्ठ राजनयिक ने बुधवार को कहा कि मॉस्को ने अपने परमाणु बलों के बारे में सूचना अमेरिका से साझा करना बंद कर दिया है जिसमें मिसाइल परीक्षणों से जुड़ी सूचनाएं भी शामिल हैं। रूसी समाचार एजेंसियों के मुताबिक, रूसी उप विदेश मंत्री सर्गेई रयाबकोव ने कहा कि मॉस्को ने वाशिंगटन के साथ सभी सूचनाओं के आदान-प्रदान को रोक दिया है। पिछले महीने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने नई स्टार्ट संधि को निलंबित कर दिया था। पुतिन ने कहा था कि रूस को समझौते के तहत अपने परमाणु स्थलों की अमेरिकी निगरानी ऐसे समय में स्वीकार्य नहीं है जब वाशिंगटन और उसके नाटो सहयोगियों ने खुले तौर पर यूक्रेन में रूस की हार को अपना लक्ष्य घोषित किया है। मॉस्को ने इस बात पर जोर दिया कि वह पूरी तरह से समझौते से पीछे नहीं हट रहा है और परमाणु हथियारों की सीमा का सम्मान करना जारी रखेगा। रूसी विदेश मंत्रालय ने शुरू में कहा था कि मॉस्को अपनी बैलिस्टिक मिसाइलों के नियोजित परीक्षणों के बारे में अमेरिका को सूचित करता रहेगा। रूसी सेना ने अपने रणनीतिक मिसाइल बलों का बुधवार को अभ्यास किया और इसके तहत साइबेरिया में मोबाइल लॉन्चर तैनात किए गए।

## रूस के परमाणु मिसाइल बल ने अभ्यास में भाग लिया

**मॉस्को।** यूक्रेन में जारी जंग के बीच रूसी सेना ने बुधवार को अपने रणनीतिक मिसाइल बल के लिए अभ्यास आयोजित किया जिसके तहत देश की व्यापक परमाणु क्षमता का प्रदर्शन करने के लिए साइबेरिया में मोबाइल लॉन्चर्स तैनात किए गए।

रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि इस अभ्यास के तहत साइबेरिया के तीन क्षेत्रों में यार्स मोबाइल मिसाइल लॉन्चर्स की गतिविधियों को अंजाम दिया जाएगा।

मंत्रालय ने कहा कि इस गतिविधि में विदेशी खुफिया एजेंसी से तैनाती को छिपाने के लिए उठाए जाने वाले कदम शामिल हैं।

रक्षा मंत्रालय ने किसी अभ्यास को शुरू करने की किसी योजना का उल्लेख नहीं किया है। यार्स एक परमाणु आयुद्ध वाली अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल है जिसकी मारक क्षमता करीब 11 हजार किलोमीटर तक है। यह मिसाइल रूस के रणनीतिक मिसाइल बल की रीढ़ की हड्डी समझी जाती है।

रक्षा मंत्रालय की ओर से जारी वीडियो में दिखाया गया है कि बड़ी संख्या में ट्रक मिसाइल को ले जा रहे हैं। मंत्रालय के मुताबिक पूर्वी साइबेरिया में इस गतिविधि में करीब 300 वाहन और 3000 सैनिक शामिल हुए। यह बड़ा अभ्यास रूसी राष्ट्रपति पुतिन की ओर से उस योजना के ऐलान के कुछ दिनों बाद हो रहा है जिसमें उन्होंने परमाणु हथियारों को सहयोगी और पड़ोसी देश बेलारूस में तैनात करने की बात कही थी।

# चीन ने साई और मैक्कार्थी की भेंट पर जवाबी कार्रवाई की धमकी दी

एपी। बीजिंग

**चीन** ने धमकी दी है कि ताइवान की राष्ट्रपति साई इंग-वेन और अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष केविन मैक्कार्थी की लॉस एंजेल्स में होने वाली बैठक को लेकर वह जवाबी कार्वाई कर सकता है। स्वशासी द्वीप ताइवान की राष्ट्रपति अमेरिका की यात्रा पर जाने वाली हैं।

हाल में, ताइवान पर राजनयिक दबाव बढ़ गया है, वहीं चीन उसके राजनयिक सहयोगियों को अपने पक्ष में लाने के लिए प्रयासरत है। इस बीच चीन रोजाना आधार पर ताइवान की ओर लड़ाकू विमानों को भेजता रहा है। साई अपनी ग्वाटेमाला और बेलीज यात्रा के दौरान 30 मार्च को न्यूयॉर्क जाएंगी। उनके ताइवान वापस लौटने के दौरान पांच अप्रैल को लॉस एंजेल्स में रुकने की उम्मीद है। उस दौरान वह मैक्कार्थी से मुलाकात कर सकती हैं। ताइवान मामलों के कैबिनेट कार्यालय की प्रवक्ता झू फेंग्लियन ने बुधवार को साई के अमेरिका में रुकने की योजना की निंदा की और मांग की कि किसी भी अमेरिकी अधिकारी को उनसे मुलाकात नहीं करनी चाहिए। झू ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, हम इसका दृढ़तापूर्वक विरोध करते हैं और इसका कड़ा जवाब देंगे। उन्होंने कहा कि अमेरिका को साई इंग वेन की पारगमन यात्राओं की व्यवस्था करने और अमेरिकी अधिकारियों से संपर्क करने से बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही अमेरिका को ताइवान की स्वतंत्रता का समर्थन नहीं करने की अपनी प्रतिबद्धता को पूरा करने के लिए ठोस कार्रवाई करनी चाहिए।

# बाइडन ने लोकतंत्र शिखर सम्मेलन की शुरुआत की

## ● कार्यक्रमों के लिए 69 करोड़ डॉलर का संकल्प

एपी। वाशिंगटन



**अमेरिका** के राष्ट्रपति जो बाइडन ने लोकतंत्र के लिए अपने दूसरे शिखर सम्मेलन की शुरुआत की जिसमें अमेरिका द्वारा दुनिया भर में लोकतंत्र कार्यक्रमों को बढ़ावा देने के लिए 69 करोड़ डॉलर खर्च करने का संकल्प लिया गया। एक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी के अनुसार, बाइडन प्रशासन बुधवार से शुरू होने वाले दो दिवसीय शिखर सम्मेलन का उपयोग इस पर जोर देने के लिए करना चाहता है कि प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल लोकतंत्र के लिए हो, इसके खिलाफ नहीं।

इस सम्मेलन में पूरी दुनिया से लगभग 120 वैश्विक नेताओं को आमंत्रित किया गया है। बाइडन अक्सर अमेरिका और समान विचारधारा वाले सहयोगियों के एक महत्वपूर्ण मोड़ पर होने की बात करते हैं जहां लोकतंत्रों को यह प्रदर्शित करने की आवश्यकता है कि वे निरंकुशताओं को दूर कर सकते हैं।

शिखर सम्मेलन को लेकर बाइडन ने 2020 में राष्ट्रपति पद के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार के रूप में वादा किया था। यह शिखर सम्मेलन निरंकुश-झुकाव वाले देशों को कम से कम मामूली सुधारों के लिए प्रेरित करने के लिए बाइडन प्रशासन के प्रयास का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन गया है। नया वित्तपोषण उन कार्यक्रमों पर ध्यान केंद्रित करेगा जो मुक्त एवं स्वतंत्र मीडिया का समर्थन करते हैं, भ्रष्टाचार का मुकाबला करते हैं, मानवाधिकारों को बढ़ावा देते हैं, लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करने वाली और मुक्त एवं निष्पक्ष चुनावों का समर्थन करने वाली उन्नत तकनीक को आगे बढ़ाते हैं। अधिकारी ने शिखर सम्मेलन का पूर्वावलोकन नाम गुप्त रखने की शर्त पर किया। उन्होंने कहा कि प्रशासन ने मार्गदर्शक सिद्धांतों के संबंध में 10 अन्य देशों के साथ एक समझौता भी किया है कि सरकारों को निगरानी तकनीक का उपयोग कैसे करना चाहिए। दिसंबर 2021 में बाइडन के पहले लोकतंत्र शिखर सम्मेलन के बाद से दुनिया में 15 महीने उथल-पुथल भरे रहे हैं।

# ब्राजील में कोरोना वायरस से मरने वाले लोगों की संख्या सात लाख पहुंची

एपी। साओ पाउलो



**ब्राजील** में कोरोना वायरस के संक्रमण से सात लाख लोगों की जान जा चुकी है। अमेरिका के बाद ब्राजील में कोरोना वायरस के संक्रमण से सबसे ज्यादा मौतें हुई हैं। मृतकों का आंकड़ा सात लाख पहुंचने के बाद ब्राजील के स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि हाल के दिनों में कोविड-19 से मरने वाले अधिकतर लोगों का या तो टीकाकरण नहीं हुआ था या वे अन्य बीमारियों से पीड़ित थे। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, "ब्राज़ील में प्रत्एक स्वास्थ्य केंद्र में वर्तमान में उपलब्ध टीका उन परिवारों के जीवन में बदलाव ला सकता है जिन्होंने अपने प्रियजनों को महामारी में खो दिया है। स्वास्थ्य मंत्री निसिया त्रिनदादे ने महामारी से निपटने के तरीके के लिए पूर्व राष्ट्रपति जायर बोल्सोनारो की आलोचना की। पूर्व राष्ट्रपति कोविड-19 से संक्रमित हो गए थे और बाद में उन्होंने कोरोना वायरस का टीका लेने से इनकार कर दिया था और स्वास्थ्य प्रतिबंधों का उल्लंघन किया। निसिया ने कहा, हमें अतीत को देखना होगा, लेकिन साथ ही हमें यह कहना होगा कि स्वास्थ्य मंत्रालय समन्वय नहीं करने, देखभाल नहीं करने, इलाज (बीमारी का) नहीं करने की गलती नहीं कर सकता। हमें एकजुट होने की जरूरत है ताकि नई त्रासदी न हो। जन स्वास्थ्य अधिकारियों को समय समय पर परामर्श देने वाले, ब्राजील के संस्थान इन्स्टीट्यूट फॉर हेल्थ पॉलिसी स्टडीज के कार्यकारी निदेशक मिगुएल लागो ने कहा कि सात लाख लोगों की मौत का आंकड़ा, कोविड महामारी की रोकथाम के लिए समय रहते कार्वाई न करने वालों तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों को न्याय के दायरे में लाने की देश की प्रतिबद्धता की याद दिलाता है। उन्होंने कहा जन प्रतिनिधियों की सीधी जिम्मेदारी बनती है जिन्हें जवाब देना होगा।



पेशावर, पाकिस्तान में गेहूं के आटे की मुफ्त बोरी पाने के लिए महिलाएं अपनी बारी का इंतजार करती हुई। रमजान का पाक महीना देश में महंगाई की मार के बीच है।

# पाक में मुफ्त आटा लेने के दौरान 11 लोगों की मौत, 60 घायल

भाषा। लाहौर

**पाकिस्तान** के पंजाब प्रांत में हाल के दिनों में सरकारी वितरण कंपनी से मुफ्त आटा लेने की कोशिश में महिलाओं समेत कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पाकिस्तान में आसमान छूती महंगाई से राहत देने के लिए सरकार द्वारा विशेष रूप से पंजाब प्रांत में गरीबों के लिए मुफ्त आटा योजना शुरू किए जाने के बाद सरकारी वितरण केंद्रों पर कई लोगों की मौत की सूचना मिली। इस योजना का उद्देश्य पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के प्रमुख इमरान खान की बढ़ती लोकप्रियता को कम करना है। दक्षिण पंजाब के चार जिलों - साहीवाल, बहावलपुर, मुजफ्फरगढ़ और ओकारा में मुफ्त आटा केंद्रों में मंगलवार को दो बुजुर्ग महिलाओं और एक पुरुष की मौत हो गई, जबकि 60 अन्य घायल हो गए।

जिन अन्य जिलों में मौत की सूचना मिली है, उनमें फैसलाबाद, जहानियां और मुल्तान शामिल हैं। पुलिस पर मुफ्त आटा पाने के लिए लंबी कतारों में इंतजार कर रहे नागरिकों पर लाठीचार्ज करने का आरोप है। मुजफ्फरगढ़ और रहीम यार खान शहरों में मुफ्त आटे के ट्रकों की लूट के बाद सुरक्षा बलों ने भी सख्त रवैया अपनाया।

**PUBLIC NOTICE**

It is to inform to the public at large that **Mrs. Geeta Devi Chaursiya** who is purchasing the Built-up Property bearing No.12-A, area admeasuring 30 Sq. Yds., carved out of Khasra No.17/2, situated in the area of Village Hastsal, colony known as Gupta Enclave, Vikas Nagar, New Delhi-110059; from Mrs. Lata Devi W/o. Mr. Mahavir Mahato (also known as Mahavir Prasad) who is owner/ POA holder of the aforesaid property vide Notarized General Power of Attorney, Agreement to sell & WILL dated 15.02.2019 executed by Mr. Ajay Kumar & Mr. Vijay Kumar; and same to be finance & mortgage by **Vastu Housing Finance Corporation Limited.** To comply the requirements of BANK/NBFC, we give this public notice that if any Person having any type of claim / right / title / interest / creating mortgage over the said property, may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, within **7 days** from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien etc.

**Lucem Legal LLP**
Plot No.136, Basement Floor, Uday Park, New Delhi -110049; Contact # 011-40046316

# ऑस्ट्रेलियाई राज्य के वित्त मंत्री के रूप में शपथ ग्रहण करने वाले भारतीय मूल के पहले नेता बने मुखी

भाषा। मेलबर्न

**डेनियल** मुखी भारतीय मूल के पहले ऐसे नेता हैं जो आस्ट्रेलिया के किसी राज्य के वित्तमंत्री (ट्रेजरर) बने हैं। हिंदू धर्म को मानने वाले मुखी ने मंगलवार को पवित्र भगवद गीता को साक्षी मानकर शपथ ली। द ऑस्ट्रेलिया टुडे की रिपोर्ट के अनुसार मुखी को न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्ल्यू) के प्रीमियर क्रिस मिन और छह अन्य मंत्रियों के साथ शपथ दिलाई गई।

39 वर्षीय मुखी ने एक बयान में कहा, महान राज्य न्यू साउथ वेल्स के वित्त मंत्री के रूप में शपथ ली। इस सम्मान और विशेषाधिकार को प्रदान करने के लिए एनएसडब्ल्यू के लोगों का धन्यवाद। मैं भगवद गीता को साक्षी मानकर पद के प्रति निष्ठा की शपथ लेने वाले पहले ऑस्ट्रेलियाई मंत्री (राज्य या संघ में) के रूप में अविश्वसनीय रूप से सम्मानित महसूस कर रहा हूं। यह केवल इसलिए संभव है क्योंकि ऑस्ट्रेलिया बहुत समावेशी और मेरे माता-पिता जैसे लोगों के योगदान को सराहने वाला है। आज दिन की शुरुआत में शपथ ग्रहण के दौरान में उनके बारे में सोच रहा था। मुखी के माता-पिता पंजाब से वर्ष 1973 में ऑस्ट्रेलिया चले गए थे। ब्लैकटाउन के उपनगरीय इलाके में जन्में मुखी के पास तीन विश्वविद्यालयों की उपाधि है। ऑस्ट्रेलिया में फिलहाल 6.8 लाख हिंदू रहते हैं और हिंदू समुदाय देश का तीसरा सबसे बड़ा धार्मिक समुदाय है।

## ● ब्लैकटाउन के उपनगरीय इलाके में जन्में मुखी के पास तीन विश्वविद्यालयों की उपाधि है

# टेक्सास विश्वविद्यालय ने उद्योगपति नवीन जिंदल को पुरस्कृत किया

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका** में डलास स्थित टेक्सास विश्वविद्यालय ने भारतीय उद्योगपति नवीन जिंदल को उद्योग, राजनीति और शिक्षा के क्षेत्र में उनकी उपलब्धियों के लिए लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया है। टेक्सास विश्वविद्यालय के 1992 बैच के पूर्व छात्र जिंदल को 25 मार्च को आयोजित एक समारोह में पुरस्कृत किया गया। एक मीडिया विज्ञप्ति के अनुसार, नोबेल पुरस्कार से सम्मानित अजीज सैंकर के बाद टेक्सास विश्वविद्यालय से लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार प्राप्त करने वाले जिंदल दूसरे व्यक्ति हैं। विश्वविद्यालय के छात्र के रूप में जिंदल स्टूडेंड गर्वनमेंट के उपाध्यक्ष और अध्यक्ष रहे थे और उन्हें वर्ष के सर्वश्रेष्ठ छात्र नेता का पुरस्कार दिया गया था। उन्हें 2010 में विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित पूर्व छात्र पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा चुका है। विज्ञप्ति के अनुसार लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार टेक्सास विश्वविद्यालय द्वारा अपने पूर्व छात्रों को दिया जाने वाला सर्वोच्च सम्मान है। इस पुरस्कार के जरिए उस पूर्व छात्र को सम्मानित किया जाता है।

# यहूदी प्रतिष्ठानों पर हमले की साजिश रच रहे दो पाकिस्तानियों को पकड़ने का दावा किया

भाषा। यरुशलम

**इज़राइली** खुफिया एजेंसी मोसाद और यूनान पुलिस ने यूनान में इज़राइली और यहूदियों से जुड़े स्थानों पर आतंकवादी हमले करने की कथित साज़िश को नाकाम करने का दावा किया है। टाइम्स ऑफ इज़राइल की खबर के मुताबिक, यूनान पुलिस ने हमले की कथित योजना बनाने वाले दो पाकिस्तानी नागरिकों को मंगलवार को गिरफ्तार किया।



इज़राइल के प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने एक बयान में कहा कि गिरफ्तार किए गए पाकिस्तानी नागरिक ईरानी आतंकवादी नेटवर्क का हिस्सा हैं। इज़राइली पीएमओ ने कहा, यूनान में सामने आया यह एक गंभीर मामला है जिसे यूनान के सुरक्षा बलों ने सफलतापूर्वक नाकाम कर दिया है। यह ईरान द्वारा विदेशों में इज़रायल और यहूदी लक्ष्यों पर आतंकवादी (हमले) करने का एक और प्रयास था। बयान के मुताबिक, यूनान में संदिग्धों के जांच के दायरे में आने के बाद मोसाद ने उनके ढांचे, उसके काम करने के तरीकों और ईरान से संबंध को उजागर करने में खुफिया सहायता प्रदान की। बयान में कहा गया है, जांच में सामने आया है कि यूनान में सक्रिय यह ढांचा ईरान से संचालित हो रहे व्यापक ईरानी नेटवर्क का हिस्सा है जो कई देशों में फैला है।

बताया जाता है कि 27 और 29 साल के दो संदिग्ध मध्य एथेंस में पुलिस मुख्यालय में हैं। तीसरा शख्स फरार है और वह यूनान का नागरिक नहीं है। स्थानीय मीडिया की खबरों से संकेत मिला है कि हमले के लिए चबाड हाउस (यहूदी सामुदायिक केंद्र) को निशाना बनाया गया था, जिसमें एक कोशर रेस्तरां है और इसमें कई धार्मिक सेवाएं आयोजित होती हैं। गौरतलब है कि 26 नवंबर 2008 को पाकिस्तानी आतंकवादियों ने भारत के मुंबई पर किए हमले के दौरान एक चबाड हाउस को भी निशाना बनाया था। यूनान पुलिस ने कहा कि संदिग्ध हमले के लिए अंतिम दौर की तैयारी कर रहे थे।

पुलिस ने कहा, उनका उद्देश्य न केवल निर्दोष नागरिकों की जान लेना था बल्कि देश में सुरक्षा की भावना को कमजोर करना, सार्वजनिक संस्थानों को नुकसान पहुंचाना था और (यूनान के) अंतरराष्ट्रीय संबंधों को खतरे में डालना था। यूनान की समाचार वेबसाइट डायरेक्टस पर प्रकाशित पुलिस के बयान में कहा गया है कि आरोपियों से मिली जानकारी और उनके पास से जब्त किए गए डिजिटल डेटा के विश्लेषण से पता चला है कि नेटवर्क के सदस्यों ने हमले के लक्ष्य का चयन पहले ही कर लिया था जो विशेष महत्व की इमारत है। बयान में कहा गया है कि वे इलाके की टोह भी ले चुके थे और उन्हें हमले को अंजाम देने के लिए अंतिम निर्देश भी मिल गए थे।

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given on behalf of **Trilok Singh** who is purchasing the Property No.157-A (earlier part of Property No.157), area measuring 50 Sq. Yds, Khasra No.1417/53, Village Kilokari, Hari Nagar Ashram, New Delhi; from Mr. Akash Bhardwaj, who is owner of the aforesaid property vide Sale Deed dated 24.12.2020 which is registered vide Document No. 4277, at SRO-V(1), New Delhi, and intend to mortgage against the financial assistance from **Aditya Birla Housing Finance Limited.** That the 1) Sale Deed dated 28.04.1960 (vide Document No. 88) 2) Death Certificate of Late Mr. Umrao Singh, 3) Surviving Member Certificate (SMC) of Late Mr. Umrao Singh, 4) Probate Order passed by the concerned Court of Law in favour of Mr. Narender Kumar Jain and Mr. Anil Kumar Jain are Lost/Misplaced/Not available. To comply the requirements of BANK/NBFC, we give this public notice that if any Person having any type of claim / right / title / interest/creating mortgage over the said property, may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, within **07 days** from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien etc.

**Lucem Legal LLP**
Plot No.136, Basement Floor, Uday Park, near Mother Dairy, New Delhi -110049
Contact# 011-40046316

# यूएस आने के लिए भारत में वीजा साक्षात्कार की प्रतीक्षा अवधि 60 प्रतिशत कम हुई

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका** आने के इच्छुक लोगों के लिए भारत में वीजा साक्षात्कार की प्रतीक्षा अवधि 60 प्रतिशत कम हुई है। अमेरिका की एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि वीजा आवेदनों संबंधी प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए राजनयिक मिशन खोलने तथा अधिकारियों की संख्या बढ़ाने सहित राष्ट्रपति जो बाइडन प्रशासन द्वारा उठाए गए कई कदमों की वजह से ऐसा हुआ।

भारत उन कुछ देशों में शामिल है जहां कोरोना वायरस से संबंधित यात्रा प्रतिबंध हटाए जाने के बाद अमेरिकी वीजा के लिए आवेदनों में तेजी देखी गई।



पहली बार वीजा आवेदन करने वालों विशेषकर बी। (व्यवसाय) और बी2 (पर्यटक) श्रेणियों के तहत आवेदन करने वालों के लिए लंबी प्रतीक्षा अवधि को लेकर भारत में चिंताएं बढ़ी हैं। भारत में पहली बार बी।/बी2 वीजा के लिए आवेदन कर रहे लोगों की प्रतीक्षा अवधि पिछले साल अक्टूबर में करीब 1,000 दिन हो गई थी।

वीजा सेवा के लिए उप सहायक विदेश मंत्री जूली स्टफ ने पीटीआई से एक साक्षात्कार में कहा कि विदेश विभाग का लक्ष्य इस साल 10 लाख वीजा जारी करना है जो वैश्विक महामारी से पूर्व जारी वीजा की संख्या से अधिक है।

उन्होंने कहा, हमने भारत जाने वाले अधिकारियों की संख्या बढ़ाई है। हमने वीजा चाहने वाले भारतीयों के लिए बैंकॉक जैसे दुनिया के अन्य दूतावासों के साथ अभूतपूर्व व्यवस्था की है। हम हैदराबाद में एक नया वाणिज्य दूतावास खोल रहे हैं... और हम केवल यह सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं कि हम भारत में प्रतीक्षा समय को कम कर सकें।

उन्होंने कहा, हमने (भारत के बाहर कई) मिशन से भारतीयों के आवेदनों को उसी तरह लेने को कहा है जैसे कि वे उनके ही मेजबान देश के आवेदन हों।

उन्होंने कहा, जाहिर है कि यह आदर्श स्थिति नहीं है। हम चाहते हैं कि भारतीय भारत में ही आवेदन कर सकें और हम इसके लिए प्रयास कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि 100 से अधिक अमेरिकी राजनयिक मिशन भारतीयों को वीजा जारी कर रहे हैं।

उन्होंने कहा, इन्हीं प्रयासों की बदौलत वीजा आवेदकों के साक्षात्कार की प्रतीक्षा अवधि बीते कुछ महीने में 60 प्रतिशत कम हुई है। अमेरिका आने के इच्छुक लोग देश आ सकें, यह सुनिश्चित करने के लिए किए गए कार्यों का ही ए परिणाम है।

भारत में अमेरिकी दूतावास ने कहा है कि कोविड-19 संबंधी यात्रा पाबंदी हटने के साथ दूतावास ने वैध यात्रा की सुविधा प्रदान करने को प्राथमिकता दी है और 2022 में 8,00,000 से अधिक गैर-आप्रवासी वीजा को मंजूरी दी है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि अमेरिका जाने के इच्छुक भारतीय यात्रा कर सकें।

जनवरी में स्टफ ने कहा था कि वर्क वीजा जैसे कि एच-1 बी और एल 1 वीजा साक्षात्कार की प्रतीक्षा अवधि 18 महीने से घटकर करीब 60 दिन हो गई है।

**इश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता प्रिया अग्रवाल बेवा स्वर्गीय श्री दीपक अग्रवाल हाल निवासी- बी 2, कैलाश रेजीडेन्सी, झॉसी तहसील व जिला झॉसी उ0प्र0 की हूँ, जो कि मेरा पुत्र नामधारी देव अग्रवाल आयु 21 वर्ष हाल निवासी डी 18, सेक्टर 47 नोएडा उ0 प्र0 है, जो वर्तमान समय में विगत् कई वर्षों से अपने दादा एवं बुआ के साथ रहता है और वो मेरे सम्पर्क में नहीं है तथा वह पूर्ण वयस्क है एवं श्री देव अग्रवाल को अपने भले-बुरे का पूर्ण ज्ञान है, मैं प्रिया अग्रवाल अपने पूर्ण होश हवास में अपने पुत्र श्री देव अग्रवाल को अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूँ एवं उसके लेन-देन से मेरा कोई सरोकार नहीं है, वह जिस किसी से भी लेन-देन करता है वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी पुत्री माही अग्रवाल जिसकी वर्तमान में उम्र 15 वर्ष है, जो नावालिग है, जिसकी मैं संरक्षक हूँ, मेरे साथ ही निवास कर रही है तथा मैं ही माही अग्रवाल का पालन-पोषण व शिक्षा का खर्च वहन पर दायित्व का पूर्ण निर्वहन कर रही हूँ। देव अग्रवाल का अधोहस्ताक्षरकर्ता से कोई सरोकार सम्बन्ध नहीं रहा है और न ही भविष्य में रहेगा।
अस्तु इश्तिहार का प्रकाशन सर्वसाधारण की जानकारी हेतु किया गया है।

# सिलसिलेवार बम धमाके के मामले में चार आरोपी बरी

**भाषा।** जयपुर

**राजस्थान** उच्च न्यायालय ने वर्ष 2008 में जयपुर के विभिन्न इलाकों में हुए सिलसिलेवार बम धमाकों के मामले में निचली अदालत का फैसला पलटते हुए चार आरोपियों को बुधवार को बरी कर दिया। विशेष अदालत ने इन चार आरोपियों को 2019 में फांसी की सजा सुनाई थी। इसके साथ ही अदालत ने साक्ष्यों की कड़ियां जोड़ने में कमजोर जांच के लिए भी जांच एजेंसी को फटकार लगाई। बचाव पक्ष के वकील एसएस अली ने बताया कि अदालत ने पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को ऐसी जांच के लिए आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) के अधिकारियों के खिलाफ कार्वाई करने का भी निर्देश दिया है।

राजस्थान की राजधानी जयपुर में 13 मई 2008 को सिलसिलेवार हुए आठ बम धमाकों में कम से कम 71 लोगों की मौत हुई थी और 180 से अधिक घायल हुए थे।

वहीं मुख्य विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने एटीएस की जांच को लेकर अशोक गहलोत सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि इस फैसले से राज्य द्वारा की गई पैरवी पर संदेह पैदा होता है। राजस्थान की विशेष अदालत ने 18 दिसंबर 2019 को इस मामले में आरोपी मोहम्मद सरवर आजमी, मोहम्मद सैफ, मोहम्मद सलमान और सैफुर्रहमान को दोषी माना जबकि शाहबाज हुसैन को संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त करार दिया।

राज्य सरकार ने शाहबाज हुसैन को बरी किए जाने के फैसले को उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी। वहीं, चारों ने सजा के खिलाफ अपील दायर की थी। न्यायमूर्ति पंकज भंडारी और न्यायमूर्ति समीर जैन की खंडपीठ ने बुधवार को चारों को बरी करने का फैसला सुनाया। अदालत ने अपने आदेश में निचली अदालत द्वारा पांचवें व्यक्ति- शाहबाज हुसैन को बरी करने की भी पुष्टि की।


बचाव पक्ष के वकील एसएस अली ने कहा कि अदालत ने मामले की जांच करने वाले आतंकवाद विरोधी दस्ते (एटीएस) द्वारा प्रस्तुत पूरे आधार को गलत पाया। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय ने राजस्थान के पुलिस महानिदेशक को इस तरह की जांच के लिए एटीएस अधिकारियों के खिलाफ कार्वाई करने का निर्देश दिया है। मुख्य सचिव को मामले पर नजर रखने के निर्देश भी दिए गए हैं।

### ● जयपुर में 2008 में 71 लोगों की हुई थी मौत

उन्होंने बताया, एटीएस आरोपियों की यात्रा योजना को साबित करने में विफल रही कि उन्होंने 13 मई को एक बस में दिल्ली से जयपुर की यात्रा की थी, एक ढाबे में खाना खाया, साइकिल खरीदीं, बम रखे और उसी दिन शताब्दी एक्सप्रेस में दिल्ली लौट आए। एटीएस बस के टिकट नहीं दिखा सकी। अली ने कहा कि एटीएस द्वारा पेश किए गए बिलों में उल्लिखित साइकिलों के फ्रेम नंबर धमाकों के बाद जब्त की गई साइकिलों से मेल नहीं खाते और साइकिल खरीद के बिलों से छेड़छाड़ की गई। वकील के अनुसार, जांच एजेंसी ने कहा था कि आरोपियों ने बम में इस्तेमाल करने के लिए दिल्ली में जामा मस्जिद के बाहर एक दुकान से छर्रे (पैलेट) खरीदे थे, लेकिन विस्फोट के बाद शवों में पाए गए छर्रों से उनका मेल नहीं हुआ। एफएसएल रिपोर्ट में छर्रों का मिलान नहीं हुआ। वकील के अनुसार, अदालत ने कहा कि आरोपियों के खिलाफ आरोप साबित नहीं हुए हैं। एटीएस अपनी थ्योरी को स्थापित करने में विफल रही है। अदालत ने यह भी कहा कि एटीएस ने असली दोषियों तक पहुंचने की कोशिश नहीं की। वहीं भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया ने कहा कि इतने बड़े अपराध में आरोपियों का बरी होना प्रदेश की अभियोजन पक्ष पर संदेह पैदा करता है।

पूनियां ने ट्वीट किया, जयपुर बम ब्लास्ट मामले पर में आरोपियों का बरी होना गहलोत सरकार की पैरवी पर शंका पैदा करता है अ राज्य सरकार की न्यायिक पैरवी की लापरवाही संदेह पैदा करती है, यह कांग्रेस सरकार की तुष्टिकरण की पराकाष्ठा है।

राजस्थान की राजधानी जयपुर में 13 मई 2008 को शाम लगभग सवा सात बजे 15 मिनट में सिलसिलेवार आठ बम धमाके हुए थे। लगभग 11 साल पहले हुए इन आठ सिलसिलेवार बम धमाकों ने जयपुर के परकोटे शहर को हिला दिया था। इन धमाकों में कम से कम 71 लोगों की मौत हुई थी और 180 से अधिक घायल हुए थे। पहला धमाका चांदपोल हनुमान मंदिर और उसके बाद दूसरा सांगानेरी गेट हनुमान मंदिर पर हुआ था। इसके बाद बड़ी चौपड़, जोहरी बाजार, छोटी चौपड़ और तीन अन्य स्थानों पर धमाके हुए थे। बम साइकिल पर टिफिन बॉक्स में रखे गए थे। वहीं रामचंद्र मंदिर के पास से एक जिंदा बम बरामद किया गया, जिसे बम निरोधक दस्ते ने निष्क्रिय कर दिया था।



अहमदाबाद के साबरमती केन्द्रीय कारागार वापस लाया गया अतीक अहमद।

## स्वस्थ लोकतंत्र के लिए सही जानकारी आक्सीजन के समानः राष्ट्रपति

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने स्वस्थ लोकतंत्र के लिए सही जानकारी को आक्सीजन करार देते हुए बुधवार को भारतीय सूचना सेवा अधिकारियों से तकनीक का उपयोग करने और फर्जी विमर्श गढ़ने के लिए मीडिया, विशेष रूप से सोशल मीडिया के दुरुपयोग की प्रवृत्ति को रोकने के लिए समर्पण के साथ काम करने का आग्रह किया। राष्ट्रपति भवन के बयान के अनुसार, भारतीय सूचना सेवा के अधिकारीअधिकारी प्रशिक्षुओं तथा भारतीय नौसेना आयुध सेवा के प्रोबेशनरी अधिकारियों ने आज राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भेंट की। मुर्मू ने कहा, सूचना के व्यापक और तत्काल प्रसार के साथ ही समान रूप से तेज गति से फर्जी सूचनाएं भी उभर रही हैं। यह एक चुनौती है। भारतीय सूचना सेवा के अधिकारियों को फर्जी समाचारों से निपटने का उत्तरदायित्व भी लेना होगा। उन्होंने अधिकारियों से टेक्नोलॉजी का लाभ उठाने तथा दुरूपयोग की जाने वाली मीडिया, विशेषकर सोशल मीडिया, में झूठी कहानियां गढ़े जाने की प्रवृत्ति पर नियंत्रण के लिए समर्पण के साथ काम करने का आग्रह किया।

राष्ट्रपति ने कहा कि स्वस्थ लोकतंत्र के लिए सही जानकारी आक्सीजन के समान है। ऐसे में तकनीक का प्रयोग कर हम समाज के अंतिम व्यक्ति तक सही जानकारी पहुंचा सकते हैं। भारत ने हमेशा विश्व को शांति और भाईचारे का संदेश दिया है और भारतीय सूचना सेवा के अधिकारी वैश्विक मंच पर भारत की छवि निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पूरी मानवता के लिए सांस्कृतिक संदेशों के माध्यम से भारत की सॉफ्ट पावर का प्रसार एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है जहां अधिकारी बड़ा परिवर्तन ला सकते हैं। राष्ट्रपति ने अधिकारियों से कहा कि उन्हें भारतीय नौसेना और भारतीय तट रक्षक दोनों को कुशल तथा सुरक्षित आयुध लॉजिस्टिक वितरण प्रणाली देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी।

## अब्दुल्ला आजम खान की दोष सिद्धि पर रोक लगाने से न्यायालय का इंकार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने समाजवादी पार्टी (सपा) के नेता अब्दुल्ला आजम खान के खिलाफ 15 साल पुराने मामले में राज्य का पक्ष सुने बगैर उनकी दोष सिद्धि और सजा पर रोक लगाने से बुधवार को इंकार कर दिया। अब्दुल्ला आजम खान, सपा नेत आजम खान के पुत्र हैं। न्यायमूर्ति के. एम. जोसेफ और बी. वी. नागरत्न की पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तन्खा और अधिवक्ता सुमीर सोढी से याचिका की एक प्रति उत्तर प्रदेश सरकार के स्थाई वकील के पास भेजने को कहा और मामले की सुनवाई के लिए पांच अप्रैल की तिथि तय की है। तन्खा ने कहा कि अपराध के वक्त खान किशोर (नाबालिग) थे और इसलिए उनकी दोष सिद्धि और सजा पर रोक लगाई जानी चाहिए। पीठ ने कहा, माफी करिए, लेकिन इसके लिए हमें राज्य का पक्ष भी सुनना होगा। सुनवाई के दौरान तन्खा ने कहा कि घटना के वक्त खान किशोर थे और उच्च न्यायालय ने सत्र अदालत के फैसले पर स्थगनादेश नहीं देकर त्रुटि की है। सोढ़ी के माध्यम से दायर याचिका में खान ने इलाहाबाइ उच्च न्यायालय के 17 मार्च के फैसले को चुनौती दी है जिसमें अदालत ने अपील पर राज्य से तीन सप्ताह के भीतर जवाब देने को कहा है।

## जी20 को उसके असल मुद्दे पर वापस ले आया है भारत

**भाषा।** नई दिल्ली



**विदेश मंत्री** एस. जयशंकर ने बुधवार को कहा कि भारत जी20 को वैश्विक समृद्धि और विकास के उसके असल मुद्दे पर वापस ले आया है, जबकि यह संगठन साल भर पहले तक यूक्रेन संघर्ष के मुद्दे पर चर्चा कर रहा था और उससे प्रभावित हो रहा था। नेटवर्क18 ग्रुप के राइजिंग इंडिया समिट को संबोधित करते हुए जयशंकर ने कहा कि जी20 वास्तविकता में वैश्विक शांति और सुरक्षा पर चर्चा करने वाला मंच नहीं था तथा भारत चाहेगा कि यह (जी20) दुनिया के कुछ 200 देशों से जुड़े मुद्दों पर लौट आए। मंत्री ने कहा, मुझे लगता है कि हमारा योगदान जी20 को जी20 के वास्तविक लक्ष्य पर वापस लाना है। जी20 संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद नहीं है। यह अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा पर चर्चा के लिए प्राथमिक मंच नहीं है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा जैसे मुद्दे मायने रखते हैं, लेकिन खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा, देशों के लिए हरित वित्तपोषण जैसे गंभीर मुद्दे भी हैं।

जयशंकर ने कहा, हमने जी20 को भविष्य के लिए अच्छा विषय दिया है... वैश्विक कौशल मैपिंग। दुनिया में कहां-कहां कौशल है और दुनिया में किन-किन जगहों पर उसकी मांग है। वे दो अलग-अलग भौगोलिक क्षेत्र में हैं। ऐसे में हम उन्हें साथ कैसे लाएं? मुझे लगता है कि विचार के लिहाज से हमने जी20 को यह बेहद दिलचस्प मुद्दा दिया है। मंत्री ने कहा कि जी20 का वास्तविक लक्ष्य दुनिया की समृद्धि और विकास है।

जयशंकर ने कहा, पिछले साल यूक्रेन संघर्ष के कारण, मुझे लगता है कि बातचीत एक दिशा में होने लगी। उक्त मुद्दे का अपमान किए बगैर हम चाहेंगे कि वहां लौटा जाए जो 200 देशों के लिए मायने रखता है। उन्होंने कहा कि जी20 के वित्त मंत्रियों की बैठक और विदेश मंत्रियों की बैठक में 95 फीसदी मुद्दों पर सहमति बनी।

मंत्री ने वैश्विक दक्षिण की आवाज बनने के भारत के प्रयासों की प्रशंसा की और जी20 की अध्यक्षता पाने के लिए की गई कड़ी मेहनत और संगठन को कुछ नया देने के बारे में बताया। जयशंकर ने कहा, मैं इस तथ्य में संतुष्टि देखूंगा कि बेंगलुरु में वित्त मंत्रियों की बैठक और दिल्ली में हमारी (विदेश मंत्रियों की) बैठक में हम जी20 को पटरी पर लाने में सफल रहे। भारत में अमेरिका के राजदूत के रूप में एरिक गारसेत्ती की नियुक्ति और मानवाधिकार पर उनके विचारों के संबंध में जयशंकर ने कहा, उनको 100 प्रतिशत प्यार से समझा देंगे। लॉस एंजिलिस के पूर्व मेयर गारसेत्ती ने हाल ही में भारत में अमेरिका के राजदूत के रूप में शपथ ली है।

## अतीक अहमद प्रयागराज से साबरमती जेल पहुंचा

**भाषा।** अहमदाबाद

**गैंगस्टर** से नेता बने अतीक अहमद को कड़ी सुरक्षा के बीच बुधवार की शाम अहमदाबाद के साबरमती केन्द्रीय कारागार वापस लाया गया। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश में प्रयागराज की एक अदालत ने 2006 के उमेश पाल अपहरण मामले में अतीक को मंगलवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। एक अधिकारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश से पूर्व विधायक और लोकसभा के पूर्व सदस्य अतीक अहमद को कड़ी सुरक्षा के बीच प्रयागराज से 24 घंटे की लंबी यात्रा के बाद उत्तर प्रदेश पुलिस की वैन से गुजरात लाया गया। वीडियो क्लिप में देखा जा सकता है कि उत्तर प्रदेश पुलिस 60 वर्षीय गैंगस्टर को लेकर आई है और जेल परिसर में प्रवेश कर रही है। उत्तर प्रदेश पुलिस ने साबरमती जेल से रविवार को अतीक अहमद को हिरासत में लिया और उसे प्रयागराज ले गए जहां विशेष एमपीएमएलए अदालत ने अपहरण के मामले में उसे उम्रकैद की सजा सुनाई। फूलपुर से समाजवादी पार्टी के पूर्व सांसद अतीक अहमद को जून 2019 में तब गुजरात के साबरमती केंद्रीय जेल में स्थानांतरित कर दिया गया था, जब उत्तर प्रदेश में जेल में रहने के दौरान रियल एस्टेट व्यवसाई मोहित जायसवाल के अपहरण और मारपीट का आरोप लगाया गया था।

## आजादी के बाद अल्पसंख्यक आबादी पांच प्रतिशत बढ़ी, बहुसंख्यकों की घटीः लालपुरा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष इकबाल सिंह लालपुरा ने बुधवार को कहा कि देश की आजादी के बाद से अब तक अल्पसंख्यक समुदायों की जनसंख्या पांच प्रतिशत बढ़ी है तो बहुसंख्यक समुदाय की आबादी पांच प्रतिशत घटी है, जो इस बात का प्रमाण है कि भारत में अल्पसंख्यक सुरक्षित हैं। वह राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के वार्षिक सम्मेलन में बोल रहे थे। लालपुरा ने कहा, आजादी के बाद से अब तक भारत में बहुसंख्यक आबादी पांच प्रतिशत घटी है और अल्पसंख्यक आबादी पांच प्रतिशत बढ़ी है। यह दिखाता है कि भारत ने अपने अल्पसंख्यकों को सुरक्षा प्रदान की है। उन्होंने कहा कि ऐसा कोई पेशा नहीं है जो अल्पसंख्यकों के योगदान से अछूता हो। अल्पसंख्यक कार्य राज्य मंत्री जॉन बरला ने कहा कि राष्ट्रीय विकास में सभी लोगों को योगदान देना है और इस प्रयास में अल्पसंख्यकों की भी महत्वपूर्ण भूमिका है।

## केंद्र सरकार ने निर्णय प्रक्रिया को सरल बनाया

### ● अब संयुक्त सचिव फाइलें लेकर सीधे सचिवों के पास जा सकेंगे

**नई दिल्ली।** केन्द्र सरकार ने निर्णयों में तेजी लाने के लक्ष्य से बेहद महत्वपूर्ण फैसला करते हुए संयुक्त सचिवों को सीधे फाइलें लेकर मंत्रालयाविभाग के सचिव के पास जाने का अधिकार दे दिया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। इससे पहले तक फाइलें संयुक्त सचिव के टेबल से पहले अतिरिक्त (एडिशनल) सचिव या उस श्रेणी के अधिकारी के पास जाती थीं, जहां से वह सचिव के पास पहुंचतीं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, केन्द्र सरकार के लगभग सभी विभागों में सरलीकरण के इस बड़े कदम को लागू किया जा रहा है। इसके तहत सभी संयुक्त सचिव या उस स्तर के अधिकारी सीधे सचिवों को और अवर (अंडर) सचिव या उप सचिव स्तर के अधिकारी सीधे अतिरिक्त सचिव या उस रैंक के अधिकारी को रिपोर्ट कर सकेंगे। इस कदम का लक्ष्य फैसले लेने की क्षमता को बढ़ाना है।

कार्मिक मंत्रालय के तहत आने वाले प्रशासनिक सुधार और जन शिकायत विभाग (डीएआरपीजी) ने कहा कि सभी मंत्रालयों से यह सुनिश्चित करने को कहा गया है कि एक फाइल चार से ज्यादा अधिकारियों की मेज पर ना घूमे। विभाग ने एक रिपोर्ट में कहा है कि सभी मंत्रालयों को सलाह दी गई है कि मंत्रालय के भीतर या दो मंत्रालयों के बीच सर्कुलेशन के लिए कोई दस्तावेज या कागजी रसीद नहीं बनाई जानी चाहिए।

मंत्रालय को सुनिश्चित करना चाहिए कि एक फाइल चार से ज्यादा स्तरों (रैंक) से होकर ना गुजरे। इस प्रक्रिया को समझाते हुए रिपोर्ट में कहा गया है कि इसे पूरी तरह लागू करने का मतलब है कि सभी संयुक्त सचिव या उस स्तर के अधिकारी सीधे सचिव को रिपोर्ट कर सकेंगे, ऐसे ही अंडर सचिव या उस स्तर के अधिकारी सीधे संयुक्त सचिव या उस स्तर के अफसर को और उप सचिव या उस स्तर के अधिकारी एडिशनल सचिव को सीधे रिपोर्ट कर सकेंगे। रिपोर्ट के अनुसार, जिन 74 मंत्रालयों, विभागों ने स्व-मूल्यांकन प्रपत्र जमा किए हैं, उनमें से 91 प्रतिशत मंत्रालय विभागों ने इसे लागू कर दिया है। लेकिन, कुछ मंत्रालय अभी भी ऐसे हैं जहां संयुक्त सचिव एडिशनल सचिव के माध्यम से रिपोर्ट करते हैं। ताजा रिपोर्ट के अनुसार, रेल मंत्रालय, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, विदेश मंत्रालय, कपड़ा मंत्रालय, संस्कृति मंत्रालय, आदिवासी मामलों के मंत्रालय, केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड, युवा मामलों के मंत्रालय, बायोटेक्नोलॉजी विभाग, नाभिकीय ऊर्जा विभाग, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग आदि ने पूरी तरह से इसे अपना लिया है। रिपोर्ट के अनुसार, नागर विमानन मंत्रालय, स्टील मंत्रालय, अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय, नई एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय और कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय ने भी इस प्रक्रिया को पूर्ण रूप से अपना लिया है। वहीं कुछ मंत्रालय ऐसे भी जिन्होंने इस प्रक्रिया को अभी आंशिक रूप से अपनाया है।

## राम मंदिर के लिए अयोध्या भेजा जा रही है चंद्रपुर से सागौन की लकड़ी

**चन्द्रपुर (महाराष्ट्र)।** महाराष्ट्र के चन्द्रपुर जिले से पूजा और सैकड़ों कलाकारों की प्रस्तुति के बाद उच्च गुणवत्ता वाली सागौन की लड़की की एक खेप ने अयोध्या के राम मंदिर के लिए अपनी यात्रा शुरू की है। वन एवं सांस्कृतिक मामलों तथा मत्स्य पालन राज्य मंत्री सुधीर मुंगंटीवार ने बताया कि रामायण में वर्णित दंडकारण्य और वर्तमान चन्द्रपुर से बेहद उच्च गुणवत्ता वाली सागौन की लकड़ी भेजी जा रही है।

मंत्री ने बताया कि करीब।,855 क्यूबिक फुट लकड़ी का यह खेप अयोध्या रवाना हुआ है जहां इसका उपयोग मंदिर का मुख्य द्वार, गर्भगृह का द्वार और मंदिर के अन्य दरवारों के निर्माण में किया जाएगा। लकड़ी की यह खेप।,946 कलाकारों की प्रस्तुति के बाद पूरे धूमधाम से रवाना हुई। कई फिल्मी हस्तियां भी इस दौरान मौके पर उपस्थित थीं। अधिकारियों ने बताया कि सर्वोत्तम गुणवत्ता और पौराणिक महत्व वाली सामग्री यहां से उत्तर प्रदेश के अयोध्या में बन रहे मंदिर में भेजी जा रही है। मंत्री ने बताया कि भगवान राम की प्रतिमा बनाने के लिए नेपाल से दो विशाल शालिग्राम पत्थर लाए गए हैं।

मुंगंटीवार ने बताया कि अयोध्या मंदिर के न्यासियों ने देहरादून में स्थित वन अनुसंधान संस्थान से संपर्क किया था और उन्हें बताया गया कि सागौन की लकड़ी सबसे अच्छी चन्द्रपुर में मिलती है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चम्पत राय के अनुरोध पर हमने उच्च गुणवत्ता वाली सागौन की लकड़ी भेजने का फैसला लिया है। यह हमारे लिए बहुत सम्मान की बात है कि हम भगवान राम के मंदिर के लिए सागौन की लकड़ी अयोध्या भेज रहे हैं। मुंगंटीवार ने कहा कि मंत्री ने कहा कि भगवान राम की दादी इंदुमति विदर्भ क्षेत्र, वर्तमान महाराष्ट्र, की थीं। यह ऐतिहासिक क्षण है कि दादी की जन्मधरती से पोते का मंदिर बनाने के लिए सागौन की लकड़ी भेजी जा रही है।

## जिस क्षण नेता राजनीति में धर्म का उपयोग बंद कर देंगे, नफरती भाषण समाप्त हो जाएंगेः कोर्ट

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को नफरती भाषणों को गंभीरता से लिया और कहा कि जिस क्षण राजनीति और धर्म अलग हो जाएंगे एवं नेता राजनीति में धर्म का उपयोग बंद कर देंगे, ऐसे भाषण समाप्त हो जाएंगे। नफरती भाषणों को एक दुष्चक्र करार देते हुए न्यायालय ने कहा कि तुच्छ तत्वों द्वारा ऐसे भाषण दिए जा रहे हैं और लोगों को खुद को संयमित रखना चाहिए। न्यायमूर्ति के. एम. जोसेफ और न्यायमूर्ति बी. वी. नागरत्ना की पीठ ने पूर्व प्रधानमंत्रियों जवाहरलाल नेहरू और अटल बिहारी वाजपेई के भाषणों को उद्धृत करते हुए कहा कि उनके भाषणों को सुनने के लिए दूर-दराज के इलाकों से लोग एकत्र होते थे। न्यायमूर्ति जोसेफ ने कहा, एक बड़ी समस्या तब पैदा होती है जब नेता राजनीति को धर्म से मिला देते हैं। जिस क्षण राजनीति और धर्म अलग हो जाएंगे एवं नेता राजनीति में धर्म का उपयोग बंद कर देंगे, यह सब बंद हो जाएगा। हमने अपने हालिया फैसले में भी कहा है कि राजनीति को धर्म से मिलाना लोकतंत्र के लिए खतरनाक है। पीठ ने हैरानी जताई कि अदालतें कितने लोगों के खिलाफ अवमानना की कार्वाई शुरू कर सकती हैं और भारत के लोग अन्य नागरिकों या समुदायों को अपमानित नहीं करने का संकल्प क्यों नहीं ले सकते। पीठ ने नफरती भाषण देने वालों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने में विफल रहने को लेकर महाराष्ट्र सहित विभिन्न राज्य प्राधिकरणों के खिलाफ एक अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा, हर दिन तुच्छ तत्व टीवी और सार्वजनिक मंचों पर दूसरों को बदनाम करने के लिए भाषण दे रहे हैं।

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने केरल में एक व्यक्ति द्वारा एक खास समुदाय के खिलाफ दिए गए अपमानजनक भाषण की ओर पीठ का ध्यान दिलाया और कहा कि याचिकाकर्ता शाहीन अब्दुल्ला ने देश में नफरती भाषणों की घटनाओं का चुनिंदा रूप से जिक्र किया है। इस पर मेहता एवं पीठ के बीच तीखी बहस हुई। मेहता ने द्रमुक के एक नेता के एक बयान का भी जिक्र किया और कहा कि याचिकाकर्ता के वकील ने उन्हें और उन राज्यों को अवमानना याचिका में पक्ष क्यों नहीं बनाया। पीठ ने उन भाषणों का उल्लेख करते हुए कहा, हर क्रिया की समान प्रतिक्रिया होती है... हम संविधान का पालन कर रहे हैं और हर मामले में आदेश कानून के शासन की संरचना में ईंटों के समान हैं। हम अवमानना याचिका की सुनवाई कर रहे हैं क्योंकि राज्य समय पर कार्वाई नहीं कर रहे हैं। क्योंकि राज्य शक्तिहीन हो गया है और समय पर कार्य नहीं करता। यदि यह मौन है तो कोई राज्य क्यों होना चाहिए।

तब मेहता ने कहा ...केंद्र ने पीएफआई पर प्रतिबंध लगा दिया है। कृपया केरल राज्य को नोटिस जारी करें ताकि वे इसका जवाब दे सकें। अदालत ने मेहता को अपनी दलीलें जारी रखने के लिए कहा। इसके बाद मेहता ने कहा, कृपया ऐसा नहीं करें। इसका व्यापक प्रभाव होगा। हम क्लिप को देखने से क्यों बच रहे हैं? अदालत मुझे भाषणों की वीडियो क्लिप चलाने की अनुमति क्यों नहीं दे रही है।? केरल को नोटिस क्यों नहीं जारी किया जा सकता है और उसे याचिका में पक्ष क्यों नहीं बनाया जा सकता ... मैं क्लिप दिखाने की कोशिश कर रहा हूं जो सार्वजनिक रूप से उपलब्ध है। यह अदालत उन भाषणों पर स्वतः संज्ञान ले सकती थी।

पीठ ने कहा, इसे नाटक न बनाएं। यह कानूनी कार्यवाही है... वीडियो क्लिप देखने का एक तरीका है। यह सब पर समान रूप से लागू होता है। यदि आप (मेहता) चाहें तो इसे अपनी दलीलों में शामिल कर सकते हैं। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील निजाम पाशा ने कहा कि नफरत का कोई धर्म नहीं होता और वह अधिकारों की रक्षा के लिए यहां आए हैं। पाशा ने कहा कि महाराष्ट्र में पिछले चार महीनों में 50 ऐसी रैली हुई हैं, जहां नफरती भाषण दिए गए हैं। केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस. वी. राजू ने कहा कि इस अदालत द्वारा निर्धारित कानून के अनुसार, अगर कोई संज्ञेय अपराध होता है, तो राज्य आपत्ति नहीं कर सकता और वह प्राथमिकी दर्ज करने के लिए बाध्य है। शीर्ष अदालत ने इस मामले में अगली सुनवाई के लिए 28 अप्रैल की तारीख तय की और याचिका पर महाराष्ट्र सरकार को जवाब देने को कहा।

## राहुल को अयोग्य ठहराए जाने पर नहीं करूंगा कोई टिप्पणीः नीतीश

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य ठहराए जाने पर टिप्पणी करने से इनकार करते हुए बुधवार को कहा कि वह अदालत के आदेश से जुड़े मामलों में ऐसा करने से बचते हैं। हालांकि, नीतीश कुमार ने कहा कि उनकी पार्टी जनता दल (यूनाइटेड) ने इस मुद्दे पर टिप्पणी की है।

नीतीश कुमार ने यहां संवाददाताओं से कहा कि मौजूदा समय में विपक्ष को एकजुट करने की जरूरत है और वह मुद्दे को लेकर कांग्रेस के आगे बढ़ने का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस तर्क की खिल्ली उड़ाई कि भ्रष्टाचारी हाथ मिला रहे हैं। नीतीश कुमार ने मोदी की आलोचना करते हुए कहा, बातें करते रहना उनकी (मोदी की) आदत है। ए लोग केवल आत्म-प्रशंसा में विश्वास रखते हैं। वे दूसरों के बारे में अच्छा नहीं बोल सकते। हम अपना काम करते हैं लेकिन दूसरों के अच्छे काम की सराहना भी करते हैं। केंद्र में पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई के शासनकाल के दौरान जो कुछ हासिल हुआ था, वह मुझे हमेशा याद रहा है।

गौरतलब है कि नीतीश कुमार वाजपेई के कार्यकाल के दौरान केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल रहे थे। उन्होंने मोदी पर यह कहते हुए कटाक्ष किया कि उन्हें भ्रष्टाचार पर बोलते समय एक रिकॉर्ड रखना चाहिए कि वह किस प्रकार के लोगों के साथ गठबंधन करते हैं। नीतीश कुमार ने बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के खिलाफ भ्रष्टाचार के मामलों का जिक्र करते हुए कहा, अब जब मैंने तेजस्वी और उनकी पार्टी के साथ गठबंधन किया है तो उन्हें एक बार फिर उन मामलों में फंसाया जा रहा है, जिनमें जांचकर्ता बीते वर्षों में कोई साक्ष्य नहीं जुटा सके हैं।

## सरकारी मंत्रालयों, विभागों में 9.79 लाख से अधिक पद खाली, सर्वाधिक रेलवे मेंः केंद्र

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने बुधवार को कहा कि केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों में 9.79 लाख से अधिक पद खाली हैं जिनमें सर्वाधिक 2.93 लाख रेलवे में हैं। सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार के अनेक मंत्रालयों, विभागों और संगठनों के अनुसार पद खाली होना और भरना एक सतत प्रक्रिया है। उन्होंने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा, सरकार सभी मंत्रालयों और विभागों के खाली पदों को समय पर भरने के लिए पहले ही निर्देश जारी कर चुकी है। भारत सरकार द्वारा आयोजित किए जा रहे रोजगार मेले रोजगार सृजन में अहम भूमिका अदा कर सकते हैं। सिंह ने व्यय विभाग की वार्षिक रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि रेलवे के अलावा रक्षा (सिविल) में खाली पदों की संख्या 2.64 लाख, गृह में 1.43 लाख, डाक में 90,050 पद और राजस्व में 80,243 पद खाली हैं।

## आस्था और प्रौद्योगिकी का अद्भुत संगम है वाराणसी में श्रद्धालुओं के लिए तैयार हो रहा रोप-वेः मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में निर्माणाधीन रोपवे परियोजना को आस्था और प्रौद्योगिकी का अद्भुत संगम बताया और कहा कि श्रद्धालुओं के लिए इससे यात्रा का अनुभव ना सिर्फ रोचक व यादगार होगा बल्कि बाबा विश्वनाथ के दर्शन में भी उन्हें सहूलियत होगी। प्रधानमंत्री ने इसी महीने की 24 तारीख को वाराणसी कैंट स्टेशन से गोदौलिया तक यात्री रोपवे परियोजना की आधारशिला रखी थी। इस परियोजना पर करीब 645 करोड़ रुपए खर्च होने का अनुमान है। 3.75 किलोमीटर लंबी रोपवे प्रणाली में पांच स्टेशन होंगे।


मोदी ने एक ट्वीट में कहा, आस्था और टेक्नोलॉजी का अद्भुत संगमउ वाराणसी में तैयार हो रहे इस रोप-वे से श्रद्धालुओं के लिए यात्रा का अनुभव बहुत रोचक और यादगार तो होगा ही, इससे बाबा विश्वनाथ के दर्शन में भी उन्हें बहुत सुविधा होगी।

### प्रधानमंत्री ने भारत का निर्यात 750 अरब डॉलर पार कर जाने की उपलब्धि की सराहना की

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत का निर्यात 750 अरब डॉलर पार कर जाने की उपलब्धि की सराहना करते हुए बुधवार को कहा कि यही वह भावना है जो आने वाले समय में देश को आत्मनिर्भर बनाएगी। पीएम वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की उस घोषणा पर प्रतिक्रिया दे रहे थे उन्होंने 31 मार्च को समाप्त हो रहे चालू वित्त वर्ष में देश के वस्तु एवं सेवा निर्यात के 760 अरब डॉलर को पार करने का अनुमान लगाया है। उन्होंने कहा, मैं बड़े गर्व, खुशी और आपके प्रयासों को धन्यवाद करते हुए कह सकता हूं कि भारत ने आजादी के 75वें वर्ष में 750 अरब डॉलर का निर्यात पार कर लिया है। पीएम ने ट्वीट किया, इस उपलब्धि के लिए भारत के लोगों को बधाई। यही वह भावना है जो आने वाले समय में भारत को आत्मनिर्भर बनाएगी।

प्रधानमंत्री मोदी ने केंद्रीय मंत्री नितिन गड़करी के एक ट्वीट के जवाब में यह प्रतिक्रिया दी। गड़करी ने इससे पहले परियोजना से जुड़ा एक वीडिया साझा करते हुए ट्वीट किया, वाराणसी में 644 करोड़ रुपए की लागत से बन रहे 3.85 किमी लंबे पब्लिक ट्रांसपोर्ट रोप-वे की एक झलकउ आधुनिक तकनीकी से बने इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास से देश को आत्मनिर्भर बनाने के प्रधानमंत्री के सपने को पूरा करने के लिए हम कटिबद्ध हैं। रोपवे के जरिए कैंट स्टेशन से काशी विश्वनाथ मंदिर और दशाश्वमेध घाट जाना आसान हो जाएगा।

# रोहित-पंड्या ने आईसीसी वनडे रैंकिंग में किया सुधार



भाषा। दुबई

**भारतीय** कप्तान रोहित शर्मा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की बुधवार को जारी नवीनतम एकदिवसीय रैंकिंग में एक स्थान के सुधार के साथ आठवें जबकि हरफनमौला हार्दिक पंड्या गेंदबाजों की सूची में 10 स्थान के सुधार के साथ 76वें पायदान पर पहुंच गए। इस सूची में शुभमन गिल नंबर पांच पर भारत के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज बने हुए हैं, जबकि विराट कोहली सातवें स्थान पर हैं। बल्लेबाजों की सूची में पाकिस्तान के बाबर आजम शीर्ष स्थान पर है। गेंदबाजों की सूची में मोहम्मद सिराज तीसरे नंबर है। वह शीर्ष 10 गेंदबाजों की सूची में एकमात्र भारतीय हैं। इसमें ऑस्ट्रेलिया के जोश हेजलवुड शीर्ष पर हैं। ऑस्ट्रेलिया के लेग स्पिनर एडम जम्पा भारत के खिलाफ चेन्नई एकदिवसीय में 45 रन पर चार विकेट लेने के बाद तीन स्थान के सुधार के साथ करियर के सर्वश्रेष्ठ छठे पायदान पर पहुंच गए है। इस श्रृंखला के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए मिशेल मार्श चार स्थान के सुधार के साथ बल्लेबाजों की सूची में 51वें स्थान पर पहुंच गए। उन्होंने तीन मैचों की श्रृंखला में 194 रन बनाए। टी20 अंतरराष्ट्रीय में पाकिस्तान के खिलाफ 2-1 से श्रृंखला जीतने के दौरान शानदार गेंदबाजी करने वाले राशिद खान इस प्रारूप के शीर्ष गेंदबाज बन गए है। उन्होंने श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा को पीछे छोड़ा। राशिद ने इस श्रृंखला के हर मैच में विकेट चटकाए। उन्होंने इस दौरान 12 ओवर में सिर्फ 62 रन खर्च किए। टीम में उनके साथी स्पिनर मुजीब उर रहमान ने भी दो स्थान का सुधार किया। श्रृंखला के पहले और तीसरे मैच में दो-दो विकेट लेने वाले मुजीब आठवें स्थान पर आ गए है।

## लोगों की अपेक्षाओं से परेशान नहीं होताः रोहित



**मुंबई।** मुंबई इंडियन्स को पांच बार इंडियन प्रीमियर लीग का खिताब दिलाने वाले कप्तान रोहित शर्मा ने कहा है कि वह लोगों की अपेक्षाओं से परेशान नहीं होते।आईपीएल इतिहास के सबसे सफल कप्तान रोहित को पता है कि मुंबई की टीम आगामी टूर्नामेंट में खिताब के प्रबल दावेदारों में शामिल होगी। रोहित टीम के युवा खिलाड़ियों को उस हाइप से बचाना चाहते हैं जो टीम के साथ जुड़ी रहती है। रोहित ने टीम की ओर से आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहा, जब भी आप खेलने के लिए उतरते हैं तो हमेशा आपसे उम्मीदें होती हैं। इतने वर्षों तक खेलने के बाद मैं इससे परेशान नहीं होता और मैं इसे लेकर चिंतित नहीं हूं कि लोग मेरे से क्या चाहते हैं। कप्तान ने कहा, हमें पता है कि हमें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके ट्रॉफी जीतनी होगी। हमेशा इसके बारे में सोचने से आपके ऊपर दबाव बनता है। डेवाल्ड ब्रेविस और तिलक वर्मा अपना दूसरा आईपीएल खेलेंगे जबकि ऑस्ट्रेलिया के युवा ऑलरांडर कैमरून ग्रीन करोड़ों रुपए का अनुबंध मिलने के बाद पहली बार इस लीग में खेलते हुए नजर आएंगे।रोहित ने कहा, मैं अभी इन (युवा खिलाड़ियों) पर अधिक दबाव नहीं डालना चाहता। जब हमारा पहला मैच करीब होगा तो हम उन्हें विशिष्ट भूमिकाएं देंगे।

बेशक पहले मैच से पूर्व खिलाड़ियों को पता है कि हमारी उनसे क्या उम्मीदें हैं। रोहित ने टीम के नए खिलाड़ियों को सलाह देते हुए कहा कि वे इस मंच को घरेलू क्रिकेट के विस्तार के तौर पर देखें और वही करें जिसने उन्हें वहां सफलता दिलाई है। उन्होंने कहा, मैं उन्हें यह बताने का प्रयास करूंगा कि जो उन्होंने प्रथम श्रेणी या क्लब क्रिकेट में किया है उसे दोहराएं। मुझे पता है कि आईपीएल बिल्कुल अलग है लेकिन मैं उन्हें उसकी मानसिकता के साथ उतरने के लिए कहूंगा। आखिर यह गेंद और बल्ले के बीच मुकाबला ही है। रोहित ने कहा कि टीम को जसप्रीत बुमराह की कमी खलेगी लेकिन उनकी गैरमौजूदगी की भरपाई करने के लिए टीम के पास जोफ्रा आर्चर हैं जो 145 किमी प्रति घंटा से अधिक की रफ्तार से गेंदबाजी करते हैं। मुंबई इंडियन्स के कप्तान ने जल्द की बुमराह के विकल्प की घोषणा करने की उम्मीद है। इंपेक्ट प्लेयर से जुड़े नए नियम पर रोहित ने कहा कि शुरुआती कुछ मुकाबलों के बाद इस बदलाव को लेकर अधिक स्पष्टता होगी। उन्होंने कहा, इसमें कोई संदेह नहीं कि कप्तान इसका इस्तेमाल करेंगे। लेकिन जैसा कि मैंने कहा कि यह टीम के सभी पहलुओं पर निर्भर करेगा।

# जोसेफ के पांच विकेट से वेस्टइंडीज ने दक्षिण अफ्रीका से जीतीं टी20 श्रृंखला

एपी। जोहानिसबर्ग



**तेज** गेंदबाज अल्जारी जोसेफ ने 19वें ओवर में तीन विकेट लेकर मैच का पासा पलट दिया जिससे वेस्टइंडीज ने तीन मैचों की श्रृंखला के आखिरी टी20 अंतरराष्ट्रीय में दक्षिण अफ्रीका को सात रन से हराकर श्रृंखला 2-1 से अपने नाम कर ली।

जोसेफ ने मंगलवार को यहां चार ओवर में 40 रन देकर पांच विकेट लिए जिससे वेस्टइंडीज की टीम आठ विकेट 220 रन बनाने के बाद लक्ष्य का बचाव करने में सफल रही।

सलामी बल्लेबाज रीजा हेंड्रिक्स की 44 गेंद में 83 रन की ताबड़तोड़ पारी के बावजूद दक्षिण अफ्रीका लक्ष्य का पीछा करते हुए छह विकेट पर 213 रन ही बना सका।


दक्षिण अफ्रीका को आखिरी दो ओवर में जीत के लिए 35 रन की जरुरत थी। जोसेफ ने 19वें ओवर की पहली गेंद पर हेंड्रिक्स को आउट किया। क्रीज पर आए हेनरिच क्लासेन ने अपनी पहली गेंद पर छक्का जड़ा लेकिन अगली गेंद पर जोसेफ ने उन्हें चलता कर दिया। ओवर की पांचवीं गेंद पर जोसेफ ने वेन पार्नेल को आउट कर मैच का रुख वेस्टइंडीज की ओर कर दिया। दक्षिण अफ्रीका कप्तान एडेन मारकराम (18 गेंद में नाबाद 35) ने आखिरी ओवर में रेमोन रिफर के खिलाफ तीन चौके जड़ 18 रन बटोरे लेकिन टीम लक्ष्य से दूर रह गई। जोसेफ से इससे पहले क्विंटन डिकॉक (21 गेंद में 21 रन) और डेविड मिलर (11 गेंद में 11 रन) के भी विकेट चटकाए।

हेंड्रिक्स ने 44 गेंद की पारी में 11 चौके और दो छक्के लगाने के अलावा पहले विकेट के लिए डिकॉक के साथ 32, दूसरे विकेट के लिए राइली रूसो (21 गेंद में 42 रन) के साथ 80 रन की साझेदारी कर जीत की नींव रखी। इससे पहले वेस्टइंडीज ने रोमारियो शेफर्ड (22 गेंद में नाबाद 44 रन) और जोसेफ (नौ गेंद में नाबाद 14) के बीच नौवें विकेट के लिए 59 रन की अटूट साझेदारी के दम पर आठ विकेट पर 220 रन का लक्ष्य खड़ा किया। टीम 161 रन पर आठवां विकेट गंवाने के बाद मुश्किल में थी लेकिन शेफर्ड ने दो चौके और तीन छक्के लगाकर उसे मजबूत स्थिति में पहुंचाया। वेस्टइंडीज के लिए निकोलस पूरन ने 19 गेंद में दो चौके और चार छक्के की मदद से 41 और सलामी बल्लेबाज ब्रैंडन किंग ने 25 गेंद में चार चौके और दो छक्के की मदद से 36 रन की पारी खेली।

श्रृंखला का पहला मैच वेस्टइंडीज ने जीता था जबकि दूसरे मुकाबले को दक्षिण अफ्रीका ने रिकॉर्ड लक्ष्य का पीछा करते हुए अपने नाम किया था।

## दिग्गज मुक्केबाज रॉय जोन्स ने मनदीप जांगड़ा को अनुबंधित किया

**नई दिल्ली।** भारतीय मुक्केबाज मनदीप जांगड़ा को अगले तीन साल पेशेवर सर्किट पर मुकाबले करने के लिए दिग्गज मुक्केबाज रॉय जोन्स ने अनुबंधित किया है। मनदीप देश के पहले मुक्केबाज है जो इस दिग्गज



अमेरिकी के साथ जुड़े है। राष्ट्रमंडल खेलों के रजत पदक विजेता 29 साल के मनदीप 2020 मे पेशेवर मुक्केबाज बने थे और उन्होंने अब तक अपने तीनों मुकाबले जीते है। अमेरिका के विसकोनसिन के मिलवॉकी मे स्थानीय मुक्केबाज रेयान रेबार के साथ एक अप्रैल को मनदीप का अगला मुकाबला होगा। रेयान ने भी अब तक अपने तीनो मैच जीते है। अर्जुन पुरस्कार विजेता मनदीप ने पिछले साल मार्च मे फ्लोरिडा के प्लांट सिटी मे अमेरिका के ब्रेडन सेडोवेल को हराया था। रेयान के खिलाफ मनदीप का मुकाबला उनका चौथा पेशेवर मुकाबला होगा।

## भारतीय मिश्रित स्कीट टीम क्वालीफाइंग चरण से बाहर


**नई दिल्ली।** भारतीय मिश्रित टीम स्कीट जोड़ियों को बुधवार को साइप्रस के लारनाका मे शॉटगन के लिए आईएसएसएफ विश्व कप के क्वालीफिकेशन चरण मे हार का सामना करना पड़ा। अंगद वीर सिंह बाजवा और अरीबा खान की जोड़ी ने 150 में से 131 का संयुक्त स्कोर बनाकर 16वां स्थान हासिल किया। जर्मनी के स्वेन कोर्टे और नादिन मेसर्सश्मिट ने स्वर्ण पदक के मुकाबले मे मेजबान देश के निशानेबाजो पेट्रोस एंगलजोडिस और अनास्तासिया एलेफ्थेरियो को 6-4 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। चुनौती पेश कर रही दूसरी भारतीय जोड़ी मान सिंह और रेजा ढिल्लो ने 125 के स्कोर के साथ 22वां स्थान हासिल किया। साइप्रस की जोड़ी 140 के स्कोर के साथ 32 टीम के क्वालिफिकेशन चरण मे शीर्ष पर रही थी। ट्रैप निशानेबाजी प्रतियोगिताएं शुक्रवार से शुरू होगी।

## स्कॉटलैंड ने स्पेन को हराया, क्रोएशिया भी जीता

**ग्लास्गो।** स्कॉट मैक्टोमिनाय के दो गोल से स्कॉटलैंड ने यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप के क्वालीफाइंग मुकाबले मे मंगलवार को यहां स्पेन को 2-0 से हराकर इस टीम के खिलाफ 39 साल में पहली जीत दर्ज की। मैक्टोमिनाय ने इससे पहले शनिवार को साइप्रस के खिलाफ टीम की 3-0 की जीत के दौरान भी दो गोल दागे थे। इसके साथ की यूरोपीय क्वालीफायर मे स्पेन को 19 मैच का अजेय अभियान भी थम गया। इस जीत से स्कॉटलैंड की टीम ग्रुप ए मे दो मैच मे दो जीत से छह अंक के साथ शीर्ष पर पहुंच गई है। ग्रुप के एक अन्य मैच मे जॉर्जिया और नॉर्वे का मुकाबला 1-1 से ड्रॉ रहा। ग्रुप डी मे मातियो कोवासिच के दो गोल से क्रोएशिया ने तुर्की को 2-0 से हराकर पहली जीत दर्ज की। इसी ग्रुप के एक अन्य मुकाबले मे कीफर मूर के गोल से वेल्स ने लातविया को1-0 से हराया। ग्रुप आई मे रोमानिया और स्विट्जरलैंडड ने भी अपने अपने मुकाबलों में जीत दर्ज की। स्विट्जरलैंड ने इजराइल को 3-0 से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। रोमानिया ने बेलारूस को 2-1 से हराया। एक अन्य मैच में कोसोवा और एंडोरा ने1-1 से ड्रॉ खेला।

# केकेआर के खिलाफ नहीं खेलेंगे लिविंगस्टोन

भाषा। नई दिल्ली



**इंग्लैंड** के आक्रामक बल्लेबाज लियाम लिविंगस्टोन इंडियन प्रीमियर लीग में पंजाब किंग्स के पहले मैच में नहीं खेल पाएंगे क्योंकि इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने दिसंबर में उन्हें लगी घुटने की चोट से उबरने के बाद अब तक फिटनेस क्लीयरेंस नहीं दी है। पंजाब किंग्स की टीम आईपीएल में अपने अभियान की शुरुआत एक अप्रैल को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ करेगी। दिसंबर में पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट पदार्पण के दौरान चोटिल होने के बाद से लिविंगस्टोन ने प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेला है।

इस 29 वर्षीय खिलाड़ी को पिछले साल स्वदेश में द हंड्रेड प्रतियोगिता में खेलने के दौरान भी टखने में चोट लगी थी। आईपीएल के एक सूत्र ने पीटीआई को बताया, वह कम से कम पहले मैच से बाहर हो गया है क्योंकि ईसीबी उसकी फिटनेस स्थिति का निर्धारण करने के लिए स्कैन करा रहा है। दूसरे मैच से उसे उपलब्ध होना चाहिए। लिविंगस्टोन ने बुधवार को सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट किया था जिसमें वह नेट पर बल्लेबाजी करते हुए दिख रहे थे। लिविंगस्टोन के लिए पिछला सत्र आईपीएल में सर्वश्रेष्ठ रहा जिसमें उन्होंने 14 मैच में 36.42 की औसत से 437 रन बनाए। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 182.08 रहा। इंग्लैंड के इस क्रिकेटर को बड़े शॉट खेलने की उनकी क्षमता के लिए जाना जाता है और वह राष्ट्रीय टीम की ओर से 12 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय और 29 टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेल चुके हैं। पिछले सत्र में उन्होंने अपनी स्पिन गेंदबाजी से छह विकेट भी चटकाए थे। आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी बने इंग्लैंड के ही सैम कुरेन पहले ही पंजाब की टीम के साथ जुड़ चुके हैं। लिविंगस्टोन के अलावा टीम को दक्षिण अफ्रीका के शीर्ष तेज गेंदबाज कागिसो रबादा की भी कमी खलेगी जो राष्ट्रीय टीम का हिस्सा होने के कारण केकेआर के खिलाफ मुकाबले में नहीं खेल पाएंगे।

## प्रज्जवल देव मैसुरु ओपन के प्री क्वार्टर फाइनल में



**मैसुरु।** भारत के एस डी प्रज्जवल देव ने बुधवार को यहां हमवतन एस अभिनव संजीव को हराकर आईटीएफ मैसुरु ओपन के पुरुष एकल प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई प्रज्जवल ने संजीव को सीधे सेट में 6-4 7-5 से हराया। प्रज्जवल को अनुभवी भारतीय खिलाड़ी और पांचवें वरीय रामकुमार रामनाथन से भिड़ना था लेकिन चोट के कारण उन्हें टूर्नामेंट से हटना पड़ा। स्थानीय खिलाड़ी प्रज्जवल इस 25 हजार डॉलर इनामी टूर्नामेंट के अगले दौर में हमवतन विष्णु वर्धन से भिड़ेंगे। दिन का सबसे बड़ा उलटफेर ब्रिटन के गैरवरीय जॉर्ज लोफहेगेन ने किया। दुनिया के 182वें नंबर के खिलाड़ी लोफहेगेन ने वियतनाम के शीर्ष वरीय नैम होएंग ली को 6-3 6-4 से हराया। अमेरिका के दूसरे वरीय ओलिवर क्रॉफोर्ड ने भारत के वाइल्ड कार्ड धारक मनीष गणेश को 6-1 6-3 से हराया जबकि यूक्रेन के ओरियोव व्लादिस्लाव ने भारत के निकी पूनाचा को 4-6 6-2 6-3 से शिकस्त दी। आठवें वरीय एलिस ब्लेक ने भारतीय क्वालीफायर सिद्धार्थ विश्वकर्मा के पहले सेट में 2-0 के स्कोर पर मुकाबले से हटने पर अगले दौर में जगह बनाई।

## गेंदबाजों के खिलाफ कुछ नया करने का प्रयास करूंगा : रूट

**जयपुर।** पहली बार आईपीएल में खेलने से पूर्व राजस्थान रॉयल्स के इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट ने कहा है कि वह 31 मार्च से शुरू हो रहे टूर्नामेंट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का प्रयास करेंगे और गेंदबाजों के खिलाफ कुछ नया करने की कोशिश करेंगे। रूट ने टीम की प्रेस विज्ञप्ति में कहा, मैं प्रयास करूंगा कि अधिक से अधिक खुद को जाहिर कर पाऊं और गेंदबाजों के खिलाफ कुछ नया करने का प्रयास करूंगा। मुझे यकीन है कि मैं इसका लुत्फ उठाऊंगा और सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का प्रयास करूंगा। इस 32 वर्षीय बल्लेबाज ने यहां अभ्यास सत्र से पहले अपनी नई टीम के बारे में बात की। उन्होंने कहा, ऐसा लगता है कि सभी लोग चीजों को लेकर ऐसा माहौल तैयार करना चाहते हैं जैसे यह सिर्फ मैदान पर प्रदर्शन से कुछ अधिक है।

## भविष्य में मिल सकता है कप्तानी का दारोमदार : विलियमसन



**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड के दिग्गज बल्लेबाज केन विलियमसन ने भारतीय सलामी बल्लेबाल शुभमन गिल को विशेष खिलाड़ी करार देते हुए उम्मीद जताई कि उन्हें भविष्य में भारत और गुजरात टाइटन्स का नेतृत्व करने का मौका मिलेगा। विलियमसन ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर परिपक्व होने के बाद उन्हें यह जिम्मेदारी मिल जाएगी। विलियमसन ने बुधवार को कहा, गिल के लिए यह एक अविश्वसनीय वर्ष था, लेकिन आप हमेशा इसे महसूस कर सकते है कि यह सिर्फ समय के बारे में है। हमने पिछले कुछ वर्षों में देखा है कि उनके पास कमाल की काबिलियत है। न्यूजीलैंड के इस मुख्य बल्लेबाज ने कहा, वह युवा और अत्यंत प्रतिभाशाली खिलाड़ी है। उन्हें आने वाले समय में उन कप्तानों से अनुभव हासिल करना होगा जिनकी देखरेख में वह खेलेंगे। विलियमसन ने कहा कि वह आईपीएल में इंपैक्ट खिलाड़ी के नियम से रोमांचित है। उन्होंने कहा कि इससे टीम को एकादश चयन के लिए अधिक दिमाग लगाना होगा। इससे काफी बदलाव आएगा। जब आप टीमों का चयन कर रहे होते हैं, तो आप हमेशा किसी न किसी भूमिका पर ध्यान देते है। यह सभी के लिए नया है।

# दिल्ली कैपिटल्स में पंत की जगह ले सकते हैं अभिषेक

भाषा। नई दिल्ली



**बंगाल** के प्रतिभावान विकेटकीपर बल्लेबाज अभिषेक पोरेल शुक्रवार से शुरू हो रहे इंडियन प्रीमियर लीग के आगामी सत्र में दिल्ली कैपिटल्स में चोटिल ऋषभ पंत की जगह ले सकते हैं। पंत पिछले साल कार दुर्घटना में चोटिल हो गए थे और कम से कम एक साल तक प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से दूर हो गए हैं। दिल्ली की टीम उनकी जगह किसी भारतीय विकल्प पर विचार कर रही है। आईपीएल के एक सूत्र ने नाम जाहिर नहीं करने की शर्त पर पीटीआई को बताया, दिल्ली कैपिटल्स के मौजूदा सत्र के लिए ऋषभ के विकल्प के तौर पर अभिषेक पोरेल का नाम देने की संभावना है। वह सिर्फ 21 साल का है और ऋषभ के वापस लौटने के बाद भी उसे रिकी पोंटिंग और सौरव गांगुली के मार्गदर्शन में विकेटकीपर के दूसरे विकल्प के रूप के निखारा जा सकता है। मुंबई के स्टार बल्लेबाज सरफराज खान कम से कम शुरुआती कुछ मुकाबलों में दिल्ली के नंबर एक विकेटकीपर बल्लेबाज होंगे क्योंकि फिल सॉल्ट को शुरुआत से ही यह जिम्मेदारी सौंपे जाने की संभावना नहीं है। सूत्र ने कहा, अभी ऐसा लगता है कि लखनऊसुपर जाइंट्स के खिलाफ सरफराज (विकेटकीपर के तौर पर) शुरुआत करेगा।

# लखनऊ की कोशिश पिछले सत्र से बेहतर करने पर

भाषा। मुंबई

**लोकेश** राहुल इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के सबसे सफल बल्लेबाजों में एक हैं लेकिन आगामी सत्र में उनकी बल्लेबाजी के साथ एक बार फिर से कप्तानी कौशल की परीक्षा होगी। राहुल की अगुवाई में लखनऊसुपर जायंट्स की टीम पिछले साल लीग के अपने शुरुआती सत्र में प्लेऑफ में पहुंची थी। टीम हालांकि फाइनल में जगह नहीं बना सकी थी।

टेस्ट टीम की अंतिम एकादश से बाहर होने के साथ ही राहुल से सभी प्रारूपों में उप-कप्तानी छीन ली गई। बीसीसीआई के सालाना केंद्रीय अनुबंध में उन्हें पहले के मुकाबले नीचे की श्रेणी में खिसका दिया गया। ऐसे में राहुल के सामने न केवल बल्ले से बल्कि कप्तान के तौर पर भी खुद को साबित करने की चुनौती होगी।

राहुल ने इससे पहले पंजाब किंग्स का भी नेतृत्व किया है लेकिन तब टीम का अभियान निराशाजनक तरीके से खत्म हुआ था।

सुपर जायंट्स की टीम पिछले साल लीग चरण में तीसरे स्थान पर रही और उसे एलिमिनेटर में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर से हार के बाद खिताबी दौड़ से बाहर होना पड़ा। राहुल ने इस दौरान 15 मैचों में दो शतक और चार अर्धशतक के साथ 51.33 की औसत से 616 रन बनाए। टीम को इस दौरान भारत के दाएं हाथ के तेज गेंदबाज आवेश खान का भी अच्छा साथ मिला था। वह 13 मैचों में 18 विकेट लेकर सबसे सफल गेंदबाज रहे थे।

आगामी सत्र में हालांकि टीम को पिछले सत्र के प्रभावशाली गेंदबाज रहे मोहसिन खान का शुरुआती मैचों में साथ नहीं मिलेगा। नौ मैचों में 14 विकेट लेने वाले मोहसिन कंधे की चोट से उबर रहे है। टीम को शुरुआती दो मैचों में अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक की कमी खलेगी जो राष्ट्रीय टीम को सेवाएं देने के कारण देर से भारत आएंगे।

**मजबूती:** लखनऊ सुपर जायंट्स ने इस साल वेस्टइंडीज के विकेटकीपर-बल्लेबाज निकोलस पूरन को 16 करोड़ रुपए में अपने साथ जोड़ा है। पूरन ने पिछले टी20 विश्व कप में कैरेबियाई टीम का नेतृत्व किया था। विकेटकीपिंग के लिए डिकॉक पहली पसंद होंगे लेकिन पूरन की मौजूदगी से टीम को विकल्प मिलेगा। टीम की सबसे बड़ी ताकत हालांकि हरफनमौला खिलाड़ियों की सूची है। भारत के



दीपक हुड्डा, क्रुणाल पांड्या, कृष्णप्पा गौतम, प्रेरक मांकड़ के साथ टीम में मार्कस स्टोइनिस, डेनियल सैम्स, काइल मायर्स और रोमारियो शेफर्ड जैसे अंतरराष्ट्रीय हरफनमौला खिलाड़ी मौजूद है। स्पिन विभाग में रवि बिश्नोई के साथ अनुभवी भारतीय गेंदबाज अमित मिश्रा जैसे खिलाड़ी होंगे जबकि मार्क वुड और जयदेव उनादकट के रूप में उनके पास अनुभवी तेज गेंदबाज हैं जिन्होंने प्रमुख अंतरराष्ट्रीय और घरेलू प्रतियोगिताओं में भी शानदार प्रदर्शन किया है।

**कमजोरी:** शीर्ष क्रम में राहुल और डिकॉक की आक्रामक बल्लेबाजी को जारी रखने के लिए टीम को मध्यक्रम के बल्लेबाजों का सही चयन करना होगा। आयुष बडोनी ने पिछले आईपीएल सत्र में अच्छी शुरुआत की थी लेकिन फिर उनकी फॉर्म में गिरावट आई। मध्यक्रम में हुड्डा प्रभावशाली हो सकते हैं लेकिन युवा भारतीय खिलाड़ी के लिए लगातार अच्छा प्रदर्शन करना बड़ा सवाल होगा, जो सबसे छोटे प्रारूप में पिछले कुछ समय से राष्ट्रीय टीम से अंदर-बाहर होते रहे है।

**मौका:** शुरुआती मैचों में राहुल के साथ वेस्टइंडीज के मायर्स या हुड्डा पारी का आगाज कर सकते है। ऐसे में दोनों बल्लेबाजों के पास खुद को साबित करने का शानदार मौका होगा। जम्मू-कश्मीर के युवा तेज गेंदबाज युधवीर सिंह चरक या विदर्भ के यश ठाकुर को टूर्नामेंट के दौरान अपना कौशल दिखाने का मौका मिल सकता है।

**खतरा:** टीम की तेज गेंदबाजी में पैनेपन की कमी दिख रही है। पिछले साल शानदार प्रदर्शन करने वाले मोहसिन कम से कम पांच मैचों के लिए बाहर हैं। मार्क वुड भी अकसर चोटिल होते रहते है ऐसे में आवेश खान और जयदेव उनादकट पर जिम्मेदारी होगी। आवेश पिछले साल वाली लय में नहीं है और उनादकट ने 2017 का सत्र छोड़कर आईपीएल में कभी प्रभावी प्रदर्शन नहीं किया।

# पाकिस्तान के विश्वकप मुकाबले बांग्लादेश में खेलने पर आईसीसी बोर्ड बैठक में कोई औपचारिक चर्चा नहीं

भाषा। नई दिल्ली

**पाकिस्तान** के भारत के साथ राजनीतिक तनाव के कारण अपने विश्व कप मुकाबले इस देश के बजाय बांग्लादेश में खेलने की अटकलों को बुधवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के सूत्रों ने खारिज करते हुए इसे कोरी कल्पना करार दिया।

आईसीसी का यह खंडन उन खबरों के बाद आया जिनमें कहा गया था कि हाल ही में दुबई में आईसीसी बोर्ड की बैठक के दौरान पाकिस्तान के अपने लीग मुकाबले बांग्लादेश में खेलने को लेकर चर्चा हुई थी।

आईसीसी बोर्ड के एक सूत्र ने नाम जाहिर नहीं करने पर शर्त पर पीटीआई को बताया, कोई नहीं जानता कि पीसीबी प्रमुख नजम सेठी ने अपने बांग्लादेश के समकक्ष नजमुल हसन पापोन के साथ कोई अनौपचारिक चर्चा की है या नहीं, लेकिन यह निश्चित रूप से कहा जा सकता है कि आधिकारिक तौर पर ऐसी कोई चर्चा नहीं हुई कि पाकिस्तान बांग्लादेश में खेलेगा।

> ● वीजा हासिल करना एक ऐसा मुद्दा था जिस पर चर्चा की गई थी और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने सभी प्रकार की सहायता का आश्वासन दिया है

सूत्र ने बताया कि वीजा हासिल करना एक ऐसा मुद्दा था जिस पर चर्चा की गई थी और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने सभी प्रकार की सहायता का आश्वासन दिया है।

उन्होंने कहा, बीसीसीआई ने स्पष्ट रूप से कहा है कि वीजा हासिल करने में कोई समस्या नहीं होगी। एक मेजबान देश के लिए मुख्य बिंदुओं में से एक यह है कि सभी भाग लेने वाले देशों को समय पर वीजा दिया जाएगा। आईसीसी की ओर से अभी तक सह मेजबान के रूप में बांग्लादेश योजना का हिस्सा नहीं है।

बोर्ड के सदस्य ने कहा, मान लीजिए कि पाकिस्तान सेमीफाइनल में पहुंचता है या जीतकर फाइनल में पहुंचता है तो क्या वे उम्मीद करते हैं कि मैच बांग्लादेश में खेले जाएंगे।

बीसीसीआई के शीर्ष अधिकारी समझते हैं कि पीसीबी पाकिस्तान में पूरे एशिया कप की मेजबानी करने का दबाव बनाने के लिए ऐसा कर रहा है जिसे एक व्यावहारिक समाधान के रूप में नहीं देखा जा रहा है।

बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा, हम समझते हैं कि यह एशिया कप के मुद्दे के कारण पीसीबी द्वारा शुरू की गई एक तरह की दबाव की रणनीति है लेकिन मैं आपको बता दूं कि आखिरकार एशिया कप भी संयुक्त अरब अमीरात या कतर में खेला जाएगा और शायद पाकिस्तान को भी अपने मैच इन दोनों देशों में से एक में खेलने होंगे।

एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के अध्यक्ष और बीसीसीआई सचिव जय शाह ने पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि भारत एशिया कप के लिए पाकिस्तान नहीं जा रहा है और यह तटस्थ स्थान पर आयोजित किया जाएगा।

बोर्ड के सूत्र ने कहा, जहां तक पाकिस्तान के अपने एशिया कप मुकाबले पाकिस्तान में खेलने का संबंध है तो टूर्नामेंट के लिए बजट एशियाई क्रिकेट परिषद द्वारा पारित किया जाता है। यदि एसीसी का मानना है कि दो देशों में एशिया कप आयोजित कराना व्यावसायिक रूप से व्यावहारिक प्रस्ताव नहीं है तो पाकिस्तान स्वदेश में कैसे खेल सकता है। आप सभी जानते हैं कि एसीसी शायद बजट पास नहीं करे।

## धोनी की कप्तानी करना थोड़ा मुश्किल था : स्मिथ

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज खिलाड़ी स्टीव स्मिथ ने कहा कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 2017 सत्र में भारत के महान खिलाड़ी महेन्द्र सिंह धोनी की कप्तानी करना थोड़ा मुश्किल था लेकिन उन्होंने इस करिश्माई कप्तान से विषम परिस्थितियों में भी शांत रहना सीखा। स्मिथ ने 2017 में राइजिंग पुणे सुपरजायंट्स (आरपीएस) की कप्तानी की थी। इस सत्र में चेन्नई सुपर किंग्स ने प्रतिबंध के कारण हिस्सा नहीं लिया था। धोनी इस टीम का हिस्सा थे। स्मिथ आईपीएल के आगामी सत्र के दौरान कमेंट्री टीम का हिस्सा होंगे। उनकी कप्तानी में 2017 में आरपीएस की टीम फाइनल में महज एक रन से खिताब जीतने से चूक गई थी। आरपीएस की कप्तानी करने और धोनी के साथ अनुभवों को याद करते हुए स्मिथ ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, जब मुझे यह बताने के लिए फोन आया कि वे मुझे कप्तान बनाना चाहते हैं, तो यह थोड़ा चुनौतीपूर्ण था।

# इम्पैक्ट प्लेयर का नियम आईपीएल टीमों के लिए बेहतरीन अवसर : बिश्नोई

भाषा। लखनऊ



**इंडियन** प्रीमियर लीग (आईपीएल) की लखनऊ सुपरजायंट्स (एलएसजी) टीम के अहम स्पिनर रवि बिश्नोई का मानना है कि इस बार इम्पैक्ट प्लेयर तथा अन्य नए नियमों से यह लीग और भी ज्यादा रोमांचक बनेगी।

बिश्नोई का यह भी कहना है कि वह एलएसजी के इस बार आईपीएल के प्लेआफ में पहुंच पाने की कम संभावनाएं बताने वाले आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान आरोन फिंच के बयान से सहमत नहीं है। उन्होंने कहा कि इस बार लखनऊ के पास आईपीएल खिताब जीतने का 100 प्रतिशत मौका है। बिश्नोई ने बुधवार को पीटीआई-भाषा से बातचीत में आईपीएल के नए नियमों खासकर इम्पैक्ट प्लेयर के बारे में पूछे जाने पर कहा, यह बहुत अच्छा अवसर है, क्योंकि इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर 12वां खिलाड़ी भी टीम में खेल सकता है। इससे न सिर्फ टीमों को फायदा होगा, बल्कि एक खिलाड़ी के तौर पर इम्पैक्ट प्लेयर को खुद को साबित करने का मौका भी मिलेगा। इससे मैच में बहुत तेजी से बदलाव आएंगे और काफी मजा आएगा। एलएसजी के इस बार आईपीएल के प्लेआफ में पहुंचने की कम संभावनाएं बताने वाले आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान आरोन फिंच के बयान के बारे में बिश्नोई ने कहा, मैं फिंच के बयान से बिल्कुल भी सहमत नहीं हूं। आप पहले से ही किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सकते।